राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 09 मई 2025
वर्ष 06, अंक 220, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आया बाइक सवार युवक, दर्दनाक मौत....03

दी डॉक्टर एसोसिएशन अंबेडकर नगर ने एसएचओ रामपाल यादव का किया जोरदार स्वागत...12

## ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय बैठक में क्या बात हुई, राहुल-खरगे और ओवैसी ने क्या कहा?

**ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जहां पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई. सभी दलों ने सरकार और सेना का समर्थन किया. बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने और पाकिस्तान को कठोर जवाब देने पर जोर दिया गया।**

स्वतंत्र प्रभात

ऑपरेशन सिंदूर पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक की. इसमें सरकार ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और अगर पाकिस्तान कोई हिमाकत करता है तो उसको फिर जवाब दिया जाएगा. सरकार ने सभी दलों को ये भी बताया कि इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पीओके में करीब 100 आतंकियों के मारे जाने की जानकारी है. ये संख्या बढ़ भी सकती है. बैठक में सभी दलों ने कहा कि कि वो सेना और सरकार के साथ हैं।

ये सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई. रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन की डिटेल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की. राजनाथ सिंह ने बताया कि हमारी सेनाओं ने पीओके और पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप को सफलतापूर्वक निशाना बनाया. भारत की कार्रवाई बिल्कुल सटीक और पुख्ता खुफिया सूचना पर आधारित थी. उन्हीं ठिकानों को निशाना बनाया गया, जहां पर भारत में हुए पिछले कुछ हमलों में आतंकियों को ट्रेन्ड किया गया था।

**हमने सेना या आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया**

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सेना या आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद के हालात के बारे में भी जानकारी दी. राजनाथ ने कहा



कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है. इसलिए खुफिया जानकारियां इस स्टेज पर बताई नहीं जा सकतीं और ना ही एक-एक घटना को अलग से बताया जा सकता है. सरकार ने ये भी कहा कि भारत बात को आगे नहीं बढ़ाना चाहता हैं पर अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो हम भी पीछे नहीं हटेंगे।

राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि इस ऑपरशन के बारे में कल सेना की तरफ से जानकारी दे दी गई है. ये बहुत संवेदनशील मामला है. इसलिए कुछ संवेदनशील जानकारियों के बारे में अभी बताना उचित भी नहीं है. बैठक में जानकारी देने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर किसी पार्टी या सदस्य को कुछ जानकारी या ऑब्जर्वेशन है तो आप पूछ सकते हैं. बैठक में सभी दलों ने इस ऑपरेशन को लेकर अपनी पार्टी का पक्ष और अपने सुझाव रखे. सभी दलों और सदस्यों को बात रखने के लिए 5 मिनट का समय दिया गया।

**सरकार और सेना के कदम का समर्थन**

सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार और सेना के कदम का समर्थन किया. सभी ने सेना को बधाई दी और एकजुट होकर कहा कि सरकार और सेना कि हर कार्रवाई का समर्थन करेंगे. बैठक में ये सुझाव भी आया कि लड़ाई के हालात में हमको सतर्क रहना चाहिए. बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि सेना को हमारा पूरा समर्थन है. ये अच्छा है कि सरकार ने हम सबको भरोसे में लिया। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले के बाद भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर भरोसे में लिया और अभी भीज्इसका हम समर्थन करते हैं. राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की, जिसका अन्य विपक्षी दलों ने समर्थन किया. मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सरकार के साथ हैं. आप काम करते रहें. हम आपके साथ हैं. हालांकि, खरगे ने बैठक में पीएम मोदी के नहीं होने पर सवाल भी उठाया।

**सरकार को ओवैसी का सुझाव**

बैठक में असदुद्दीन ओवैसी ने सेना और सरकार को बधाई दी और ञ्त्र्ञ्ञ के खिलाफ एक अंतर्राष्ट्रीय कैंपेन चलाने व अमेरिका में इसे विदेशी आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की. औवैसी ने हाफिज सईद के बेटे अब्दुल रउफ के पीओके के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उसने 2025 में पूरे साल जिहाद करने की बात कही थी. उन्होंने पाकिस्तान को एफएटीए की ग्रे लिस्ट में डालने, ब्रिटेन में भी टीआरएफ को प्रतिबंधित कराने की मांग की।

ओवैसी ने सुझाव दिया कि सरकार के पास मौका है कि पाकिस्तान को जवाब दे पर कश्मीरियों को साथ लें. पुंछ -उरी में जिनका नुकसान हो रहा है उनको सरकार मुआवजा दे. दक्षिण कश्मीर के युवाओं को भरोसे में ले. मुरीदके और बहावलपुर को निशाना बनाना अहम है क्योंकि ये टेररिस्ट हेडक्वार्टर है. उन्होंने चीन पर भी दवाब डालने की मांग की. साथ ही टर्की को भी समझाने का सुझाव दिया कि वो अपने देश के आतंकी संगठनों पर तो बम गिराता है तो भारत की कार्रवाई पर क्यों सवाल उठा रहा है। सर्वदलीय बैठक डेढ घंटे चली. सरकार की तरफ से गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू मौजूद थे. सरकार के सहयोगियों की तरफ से चिराग पासवान, टीडीपी से श्रीकृष्णा, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मौजूद थे. विपक्ष से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, सस्मित पात्रा, रामगोपाल यादव, संजय सिंह, सुप्रिया सुले, संजय राउत, जॉन ब्रिटास, प्रेमचंद गुप्ता मौजूद थे।

## पाकिस्तान ने हमले के लिए चीनी लड़ाकू विमान का किया इस्तेमाल, भारत ने दिया करारा जवाब



**● पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से भारत पर हमला किया जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया. भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन, मिसाइलें और लड़ाकू विमानों को नष्ट किया. पाकिस्तान ने चीनी लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया, जिसके बारे में उसने चीन को सूचित किया. भारत के जवाबी हमले में पाकिस्तान के कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिससे पाकिस्तान पूरी तरह से तबाह की कगार पर पहुंच गया है**

स्वतंत्र प्रभात

पाकिस्तान ने गुरुवार को ड्रोन, मिसाइलों और भारी गोलाबारी के साथ भारत के नागरिक और सैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया. एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान ने चीनी लड़ाकू विमान का इस्तेमाल किया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया है. भारत ने न केवल ड्रोन और मिसाइलों को रोका, बल्कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों और एक एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (AWACS) को भी मार गिराया।

गुरुवार की रात पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के इलाकों को ड्रोन से निशाना बनाया. भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय किया और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर लक्षित ड्रोन और आठ मिसाइलों को मार गिराया।

दूसरी ओर, पाकिस्तान ने कहा कि भारत द्वारा किए गए सैन्य हमलों का जवाब देने के लिए चीनी लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया और विवादित कश्मीर क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बावजूद उसने बीजिंग को अपनी कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी है।

**पाकिस्तान ने चीन की जे-10सी जेट विमान का किया इस्तेमाल**

विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि चीनी जे-10सी जेट विमानों का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना ने किया. उसने हमले शुरू होने के तुरंत बाद सैन्य कार्रवाई के बारे में बीजिंग को सूचित कर दिया था. बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मार दिया था. भारत ने कहा था कि यह हमला आतंकवाद का कृत्य था और इसमें पाकिस्तान की संलिप्तता को दोषी ठहराया। भारत ने बुधवार की सुबह पाकिस्तान में नौ ठिकानों पर सैन्य हमले किए, जिसके बारे में नई दिल्ली ने कहा कि वे सटीक और संयमित थे और प्रकृति में गैर-उग्रकारी थे, भारत ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किया गया, नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान ने उकसावे की कार्रवाई की, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया।


**पाकिस्तान के उकसावे का भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब**

एक के बाद एक भारत की जवाबी कार्रवाई से पूरी तरह से पाकिस्तान हिल गया है. पाकिस्तानी सेना भारतीय सेना के हमले का सामना करने में असमर्थ है. भारत ने पाकिस्तान के सात प्रमुख शहरों पर जवाबी कार्रवाई की है।

इसमें पेशावर, इस्लामाबाद, कराची जैसे शहर शामिल हैं. भारत ने पाकिस्तान के जिन शहरों पर जवाबी कार्रवाई की है, उनमें सियालकोट और रावलपिंडी भी शामिल हैं. पाकिस्तान की ड्रोन रोधी प्रणाली को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कराची पोर्ट पर एक के बाद एक कई धमाकेज पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई में ढ्ढहृस् विक्रांत से ड्रोन अटैक



भारत ने कराची पोर्ट पर बड़ा जवाबी हमला किया है. कराची पोर्ट पर ढ्ढहृस् विक्रांत से ड्रोन अटैक किए गए. कराची में भारत के हमले से भारी नुकसान हुआ है. उकसावे की कार्रवाई के तहत भारत ने पाकिस्तान के कई शहरों में जवाबी कार्रवाई की. भारत ने पाकिस्तान के जिन शहरों पर जवाबी हमला किया है, उनमें लाहौर, सियालकोट, कराची, बहावलपुर, पेशावर और इस्लामबाद शामिल हैं।

भारतीय नेवी ने कराची एयरपोर्ट पर जवाबी हमला किया. कराची पोर्ट पर एक के बाद एक कई धमाके हुए. पाकिस्तान में भारत लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है. भारत के जवाबी हमले में पाकिस्तान में चारों तरफ तबाही मच गई है. भारत ने पीओके के कोटली में अटैक किया है. ड्रोन और तोप दोनों से भारत जवाबी हमला कर रहा है।

इससे पहले पाकिस्तान ने भारत पर हमले करने की कोशिश की लेकिन भारत ने उसे नाकाम कर दिया. पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कुछ इलाकों में हमले की कोशिश की लेकिन भारत ने एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइल को मार गिराया. भारत ने 8 पाकिस्तानी मिसाइल को मार गिराया।

**पाकिस्तान में तबाही ला सकता है INS विक्रांत**

समंदर से पहली बार पाकिस्तान पर अटैक किया गया. INS विक्रांत से ड्रोन हमला किया गया. INS विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है. यह अकेला इतना पावरफुल है कि पाकिस्तान को तबाह कर सकता है. 45 हजार टन वजनी यह युद्धपोत भारत में निर्मित होने वाला चौथा जहाज है, जो 262 मीटर लंबा और 45 हजार टन वजनी है. इसमें 30 फाइटर जेट, मिसाइल, हेलीकॉप्टर का एक बड़ा बेड़ा है।

## लखनऊ की बेटी ने ऑपरेशन सिंदूर ..व्योमिका सिंह बनीं भारत की 'हेलिकॉप्टर शेरनी'

**● 2023 में बोली थीं- नाम ने किस्मत तय की हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर की देश को पूरी कहानी बताने वाली एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। वह स्पेशलिस्ट पायलट हैं। उन्हें 2500 घंटों से ज्यादा फ्लाइट्स उड़ाने का अनुभव है। उन्होंने 2023 में कहा था कि उनके नाम 'व्योमिका' ने उनकी किस्मत तय की। व्योमिका ने बताया- नाम का इस तरीके से अर्थ सुनने के बाद उसी दिन मैंने तय कर लिया था कि मुझे पायलट बनना है। वह साल था 1991-92। उस समय तक लड़कियों के लिए फाइटर पायलट बनने के रास्ते बेहद सीमित थे। उन्होंने कहा- एक दिन मैंने 'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़' में एक विज्ञापन देखा, जिसमें लिखा था कि केवल अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही पायलट बन सकते हैं। यह देखकर मैं बहुत दुखी हुई।

लखनऊ की बेटी व्योमिका ने बताया- इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में मुझे पता चला कि यूपीएससी के जरिए शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं भी पायलट बन सकती हैं। मैंने वह परीक्षा पास की, अकादमी में पायलट कोर्स क्लियर किया, विंग्स मिले और मैं हेलिकॉप्टर पायलट बन गई। फिर पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

विंग कमांडर व्योमिका ने कहा- हेलिकॉप्टर पायलट होने के नाते मेरा अनुभव बेहद विविध रहा। मैंने समंदर के स्तर से लेकर 18,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरी है। कई बार कैजुअल्टी इवैकुएशन (घायलों को निकालने) के दौरान ऐसे फैसले भी लेने पड़े कि किसी स्पेशलिस्ट हेलिकॉप्टर पायलट हैं विंग कमांडर व्योमिका विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना (IAF) में स्पेशलिस्ट हेलिकॉप्टर पायलट हैं। वो चुनौतीपूर्ण इलाकों में चेतक और चीता जैसे स्पेशलाइज्ड हेलिकॉप्टर ऑपरेट करती हैं। वो अपने परिवार में सशस्त्र बलों में शामिल होने वाली पहली महिला हैं और पिछले 21 साल से एयरफोर्स में अपनी सेवाएं दे रही हैं। विंग कमांडर व्योमिका के पास 2,500 घंटों से ज्यादा का फ्लाइट आवर्स एक्सपीरियंस है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर सहित मुश्किल पहाड़ी इलाकों में चेतक और चीता जैसे हेलिकॉप्टरों को ऑपरेट किया है। नवंबर 2020 में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में एक महत्वपूर्ण बचाव अभियान को लीड किया। इसमें पहाड़ियों और मुश्किल इलाकों के बीच व्योमिका की टीम ने सफल फ्लाइंग कर राहत और बचाव का काम किया। 2021 में उन्होंने 21,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित माउंट मणिरंग पर एक त्रि-सेवा महिला पर्वतारोहण अभियान में भी भाग लिया

पाकिस्तान के 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ मंगलवार आधी रात जवाबी कार्रवाई की। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1ः05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है।



इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।

## उप मुख्यमंत्री ने जांच बैठाया, सीएमओ कर रहे हैं लीपापोती

**● पीड़ित की न्याय की गुहार।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** सरकार जनता को सुविधा और न्याय देना चाहती है किन्तु कुछ अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत उसके आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं।ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। प्रेस वार्ता करते हुए मनीष सोनी ने अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रयागराज के रहने वाले सोनी प्रेसवार्ता करते हुए बताया करेली स्थित ने एक अस्पताल में उसकी पत्नी की डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के दौरान डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी पत्नी की मूत्र की थैली फट गई। जिसकी बात कई दिनों बाद पता चली। वहीं इस बात को लेकर जब उन्होंने डॉक्टर से बात करी तो उनका कहना था कि इलाज से सही हो जाएगा मगर जब दोबारा दूसरी जगह दिखाई तो पता चला कि मूत्र की थैली डिलीवरी के दौरान फटी है। उक्त अस्पताल के संचालकों ने इलाज करने में असमर्थता जाता आई और





अस्वस्थ किया कि आप बाहर से इलाज कारण इसका हर्जाना वह भरेंगे।

लखनऊ में पीड़िता का इलाज कराया गया जिससे उनकी जान बची। बाद में अस्पताल के संचालक किसी तरह का सहयोग देने की बात छोड़िए उल्टे धमकी देने लगे जब यह मामला उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक जी के संज्ञान में लाया गया उन्होंने इस पर जांच बैठा दी। सीएमओ को जांच कर अपनी रिपोर्ट देनी थी किंतु वह अब अस्पताल संचालक को बचाने में लगे हैं सोने का आरोप है कि पूरे मामले पर लीपापोती की जा रही है जिससे अस्पताल संचालकों को संबंधित डॉक्टर को बचाया जा सके। उन्होंने सरकार से सुरक्षा की गुहार लगाई है तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी तरफ जब सीएमओ प्रयागराज से जानकारी लेने चाहा गया तो उन्होंने इस मामले के बारे में कुछ भी मालूम होने से इनकार कर दिया।

## मोहनलालगंज में अवैध कब्जेदारों पर चला बुलडोजर, करोड़ों की जमीन मुक्त

**● ....मोहनलालगंज तहसील में भूमाफियाओं पर लगातार कस रहा शिकंजा।**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** लखनऊ,राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील की ग्राम पंचायत पंचायत सिठौली कला मे गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाया। ग्राम सभा की गाटा संख्या 1634, कुल रकबा 0.6960 हेक्टेयर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराया गया। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में 'ऊसर' के रूप में दर्ज है, किंतु इसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपए आँका गया है।राजस्व टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन की मौजूदगी में अवैध निर्माणों को हटाया गया और मौके पर कब्जेदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की कोशिश की गई तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस



भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक और पटवारी की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जाँच में अतिक्रमण की पुष्टि होते ही तत्काल पुलिस बल के साथ पहुँचकर कार्रवाई अमल में लाई गई।इस कार्रवाई से न केवल सरकारी भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया, बल्कि गाँव के लोगों को यह संदेश भी गया कि शासन अब अवैध कब्जों के प्रति सख्त है। तहसील प्रशासन ने साफ किया है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

**भ्रष्टाचार** — भाई बहन की जोड़ी पर लगा भ्रष्टाचार का गम्भीर आरोप

## रोजगार के लिये मिले पैसे को भाई-बहन ने कर लिया गबन, डीएम से गयी शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में जहां पर एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में रोजगार को बढ़ाने के लिए दिन रात एक कर रहे हैं, लोगों को अधिक से अधिक स्वरोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं,वही कौशाम्बी जिले में भाई-बहन की जोड़ी सरकार की इस योजना को अपनी कमाई का जरिया बनकर कुण्डली मारकर बैठ गई है। मामले में पीड़ित युवक ने दम मधुसूदन हुल्गी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। डीएम मामले में जांच कर कार्यवाही के आदेश दिये हैं।

डीएम से शिकायत करते हुए मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद निवासी पुष्पेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वह पढ़ा लिखा बेरोजगार युवक है, उसने उद्योग केन्द्र में लोन लेने के लिए आवेदन किया था। उद्योग



केन्द्र में तैनात लिपिक सन्दीप कुमार ने मुझे बताया कि उनकी बहन बड़ौदा ग्रामीण बैंक टेवा में बैंक मैनेजर हैं। जो कि दरवाजा जंगला कारखाना हेतु लोन कर देंगी।कागजात के आधार पर उसका 10 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत हो गया, जिसमें से तीन लाख 60 हजार रुपए सीसी का पैसा उसको दिया गया। लेकिन एक बोगस फर्म के द्वारा विभाग में तैनात लिपिक सन्दीप कुमार द्वारा मिली भगत करके 5.40 लाख रुपए ले लिया गया। जब वह सन्दीप से कहता है कि मेरा सामान दिला दो तो वह उल्टा उसे ही फंसाने की धमकी दे रहे हैं, यही नहीं सन्दीप उनकी बहन वह उनके बहन के पति जो कि जो जिला अस्पताल में किसी पद में तैनात हैं उसके घर टेनशाह आलमाबाद में पहुंच कर धमकी दिये कि यदि तुम कहीं शिकायत करोगे तो तुम्हें मैं फर्जी मुकदमें फंसा दूंगी।

आरोप लगाया कि बैंक के द्वारा लगभग 30 से 35 लोगों के लोन किये गये हैं जिसमें लगभग 20 लोन अकेले देवरा गांव में किये गये हैं। इस गांव में एक भी लोन लेने वाले व्यक्ति द्वारा यूनिट की स्थापना नहीं की गई है।

यह दोनों भाई-बहन मिलकर जिले में एक रैकेट चला लोगों का लोन कर कर पैसा वसूली कर रहे हैं,जिससे सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना जिससे हजारों लाखों लोगों को रोजगार मिल सकता है उसे पलीता लगाया जा रहा है।उसने बताया कि पूर्व में मेरे द्वारा शिकायत सीएम पोर्टल पर किया गया था जिसके बाद लगातार जिले के बड़े-बड़े लोगों को माफिया के द्वारा मुझे धमकी मिल रही है ,उसने डीएम मधुसूदन हुल्गी से बताया कि यदि मेरी हत्या हो जाती है या मेरे साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसके लिये सन्दीप कुमार उनकी बहन मैनेजर बड़ौदा ग्रामीण बैंक व उनके जिला अस्पताल में तैनात रिश्तेदार होंगे। भ्रष्टाचार के इतने गम्भीर आरोपों को देखते हुए डीएम मधुसूदन हल्दी ने जिला उद्योग अधिकारी को मामले की जांच कर करा कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नया भारत अन्याय का बदला लेना जानता है- दयाराम में



**बस्ती।** बस्ती जिले के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की धर्म पूंछकर क्रूरतम हत्या की घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाये गये आपरेशन सिन्दूर की सराहना करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मिट्टी में मिला देने का जो संकल्प व्यक्त किया था उसे हमारे जाबांज सैनिकों ने पूरा कर दिया।पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद पूरा देश गुस्से में था। घटना के बाद से ही गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाध्यक्षों से वार्ता के बाद जो निर्णय लिया आज उसी का परिणाम है कि पाकिस्तान में आतंक के 9 ठिकाने ध्वस्त हो गये और 90 से अधिक आतंकवादी मारे गये। कहा कि यह नया भारत है जो वक्त पड़ने पर कड़ा जबाब देना जानता है। पाकिस्तान और आतंकवाद के परस्तों को समझ लेना होगा कि भारत अपनी अस्मिता से कोई सुरक्षा नहीं करेगा। पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि हम आतंकी क्रूरता का शिकार हुये 26 लोगों को जिन्दा तो वापस नहीं ला सकते किन्तु हमारे जाबाज सैनिकों ने उसका बदला लेकर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया है

### स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब के विद्यालयों में दी जायेगी आधुनिक शिक्षा

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि जनपद में संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3830 टैबलेट उपलब्ध कराये गये एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को कुल 806 टैबलेट उपलब्ध कराये गये। जिसमें वित्तीय 2025-26 में उपलब्ध कराये गये टैबलेट को एनबीडीआई पोर्टल पर मैप किया जाना है,जो अभियान के माध्यम से मैप किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में 56 विद्यालयों में उपलब्ध कराये गये आईसीटी लैब संचालन हेतु यूपीएनबीडीआई पोर्टल पर साइड रेडिनेश अपलोड किया जा रहा है। कुल 4636 टैबलेट के माध्यम राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित 11 पंजिकाओं पर कार्य किया जायेगा तथा शासन के मंशानुरूप स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब वाले विद्यालयो में अध्ययनरत बच्चों को आधुनिक शिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को कलेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में संतुष्टि समाधान दिवस का आयोजन कर जनसमस्याएं सुनी। साथ ही समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान डीएम ने प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि भूमि से सम्बन्धित समस्याओं में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। कहा कि जो भी जन सुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है, उनका निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं। साथ ही समस्याग्रस्त व्यक्ति को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में मृत पुलिस कर्मियों को दी शोक सलामी

**अलीगढ़।** जनपद पुलिस द्वारा सभी शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया । वाद पोस्टमार्टम पुलिस लाइन में मृत पुलिसकर्मियों के लिए शोक सलामी का आयोजन किया गया । पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश चन्द उत्तम, पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील, स0पु0अ0 श्री मयंक पाठक सहित अन्य अधिकारियों तथा परिजनों द्वारा पुलिस लाइन में मृतकों के पार्थिव शरीर को पुष्पचक्र व रीट अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । सेरिमोनियल गार्द द्वारा शोक सलामी दी गई, साथ ही अधिकारियों द्वारा कंधा देकर अन्तिम विदाई दी गई एवं परिजनों को सांत्वना देकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया ।

# प्रशासन को है किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजारमें जानलेवा गड्ढा बना दुर्घटना का इंतजार

● अमहट पुल के पास बना जानलेवा गड्ढा बना दुर्घटना का इंतजार, जिम्मेदार बेपरवाह

साइकिल और पैदल चलने वाले लोग कई बार गिरकर लगी गंभीर चोट शिकायत के बावजूद भी बोल बंद करने में नाकाम है प्रशासन कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है बस्ती जिला प्रशासन



स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में प्रशासनिक चहल-पहल के बीच एक गंभीर लापरवाही हादसे को न्योता दे रही है। कचहरी की ओर से अमहट की तरफ आते समय अमहट पुल के आरंभ में सड़क के किनारे एक बड़ा और खतरनाक गड्ढा पिछले एक महीने से बना हुआ है। यह गड्ढा कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि इसे अब तक नजरअंदाज किया गया है।यह गड्ढा पुल के ठीक पहले, बाएं ओर सड़क पर है, जहां से प्रतिदिन जिले के आला अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में गुजरते हैं। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मंडलायुक्त, पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम के अधिकारी, विधायक-सांसद से लेकर राज्य सरकार के मंत्री तक इस मार्ग से नियमित रूप से आते-जाते हैं। इसके बावजूद यह गड्ढा उनकी नजरों से ओझल है, मानो लग्जरी गाड़ियों की खिड़कियों से ज़मीन की हकीकत दिखती ही नहीं।स्थानीय लोगों की मानें तो गड्ढा इतना खतरनाक है कि यदि कोई वाहन हल्की सी चूक कर जाए, तो सीधा हादसा होना तय है। किसी सजग नागरिक ने गड्ढे के पास एक लाल कपड़े को डिब्बे में लपेटकर रखा है ताकि वाहन चालकों को रात के अंधेरे में खतरे का संकेत मिल सके। मगर यह अस्थायी उपाय भी पर्याप्त नहीं है।

विशेष बात यह है कि यह स्थान शहर के प्रशासनिक केंद्रों के बेहद करीब है। महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस अधीक्षक का निवास, 200-300 मीटर पर कमिश्नर और जिलाधिकारी का आवास, सर्किट हाउस और मंडलायुक्त कार्यालय भी आसपास ही हैं। लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित कचहरी परिसर में रोजाना हजारों लोग न्यायिक कार्यों हेतु आते हैं। वहीं, इस मार्ग से सैकड़ों स्कूली बच्चे, श्रद्धालु और आमजन पैदल, साइकिल, बाइक और चारपहिया वाहनों से गुजरते हैं।

पुल के बगल में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में नियमित दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में यह गड्ढा केवल प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक नहीं, बल्कि एक संभावित त्रासदी का संकेत है। यही नहीं, आगे बढ़ने पर फोरलेन को जोड़ने वाली सर्विस लेन भी अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जो कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

अब सवाल उठता है–क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? कब तक आम नागरिक अपनी सुरक्षा के लिए खुद जुगाड़ करता रहेगा और अधिकारी आंख मूंदे रहेंगे?

### टाइगर के आतंक से ग्रामीण दहशत में दो किसानों पर हमला, वन विभाग के पिंजरे हुए बेअसर

**सीतापुर** - जिले के रामकोट, लहरपुर, बिसवा और रामपुर कला इलाके में तेंदुए का खौफ छाया हुआ है पिछले दो सप्ताह में तेंदुए ने दो किसानों पर हमला किया है इस कारण स्थानीय लोग भयभीत हैं वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन स्थानों पर पिंजरे लगाए हैं। तीन दिन बीत जाने के बाद भी तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है ग्रामीण खेतों में जाने से डर रहे हैं इससे उनकी सब्जियां और अन्य फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग को सूचना दी है लेकिन विभाग की धीमी कार्रवाई से कोई राहत नहीं मिल रही है तेंदुए की लोकेशन ट्रैक करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं तेंदुए के डर से महिलाएं घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस कर रही हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई है ताकि वे सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें !!

## विकास खण्ड कुदरहा में स्थित लालगंज ग्राम पंचायत पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह एवं जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जनपद के विकास खण्ड कुदरहा में स्थित लालगंज ग्राम पंचायत पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि परियोजना वर्ष 2019-20 में स्वीकृत की गयी थी तथा परियोजना का कार्य पूर्ण है व सड़क रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। पानी टंकी के समीप लगे दो नलों को चेक किया गया, जिसमें पानी आ रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित गामीणों द्वारा भी बताया गया कि नल से बराबर पानी आता है। कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने देखा कि कुआनों नदी के बगल वृक्षारोपण हेतु गड्ढे की खुदाई की जा रही है। मौके पर उपस्थित प्रधान द्वारा बताया गया कि कुल 400 गड्ढे खोदे जायेंगे। मजदूरो की ऑनलाइन उपस्थिति के बारे में पूछने पर बताया गया कि अभी ऑनलाइन उपस्थित दर्ज नहीं की जा रही है। कल से मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड की जायेगी। वृक्षारोपण कार्य पूर्ण होने वाला है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए कार्य सुबह एवं शाम के समय करवाने का प्रयास किया जाए तथा कार्य वन विभाग के मानक अनुसार ही पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## सेना ने ढेर किया पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने, पटाखे फोड़कर बढाया मनोबल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में आतंकवाद के विरूद्ध थल सेना, वायुसेना और नौसेना ने एकजुट होकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को एक ही रात में निशाना बनाये जाने पर देशवासियों में खुशी की लहर है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के संयोजन में कटेश्वर पार्क के निकट पटाखे फोडकर खुशियों को साझा किया गया।भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकवदियों द्वारा धर्म पूंछकर 26 पर्यटकों की क्रूरतम हत्या के बाद देश गुस्से में था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिलाया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। 90 से अधिक आतंवादियों को ढेर कर सैनिकों ने पहलगाम का बदला ले लिया। कहा कि यदि पाकिस्तान ने कोई हरकत किया तो उसे करारा जबाब मिलेगा। अब देश बदल रहा है। कायरता स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।पटाखा फोड़कर सैनिकों का मनोबल बढाने वालों में मुख्य रूप से सोनू पाण्डेय, दिनेश गुप्ता, पंकज चौधरी, सचिन शुक्ला, भावेश पाण्डेय, अलोक सरकारी, आदर्श पाठक, विवेक श्रीवास्तव,विक्रम चौहान, चिंटू मिश्रा, सूरज गुप्ता, सतेन्द्र मिश्रा, गणेश श्रीवास्तव, संतोष भारद्वाज, अश्वनी श्रीवास्तव, विकास वर्मा, रत्नेश पाण्डेय, अरुण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## एसओ छावनी और विवेचक ने किया बाल अधिनियम का उल्लंघन सी डब्लू सी ने किया तलब, माँगा स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के बाल अधिनियम का उल्लंघन करने और न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के द्वारा पारित आदेश की अवहेलना कर न्याय पीठ को गुमराह करने के मामले मे सी डब्लू सी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने एस ओ छावनी और मामले के विवेचक को 9 मई को तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है, स्पष्टीकरण संतोष जनक नहीं होने पर उक्त पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। बताते चले की उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित बालिका को बरामद करने के बाद मामले के विवेचक ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा के आवास पर 30 अप्रैल की रात्रि मे बालिका को माता पिताके साथ प्रस्तुत किया था,और बालिका को उचित संरक्षण मे देने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, बालिका ने वार्ता के दौरान अपने माता पिता के साथ घर जाने से मना कर दिया, ऐसी स्थिति मे अध्यक्ष के द्वारा बालिका को चाइल्ड लाइन मे आवसित कराने तथा 1 मई को न्याय पीठ के समक्ष पुनः प्रस्तुत करने का आदेश थानाध्यक्ष / विवेचक को दिया गया था। दूसरे दिन विवेचक के द्वारा बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत तो किया गया पर इस बात का उल्लेख नहीं किया गया की बालिका बीती रात्रि कहा थी, पूछने पर विवेचक के द्वारा स्पष्ट जवाब नही दिए जाने पर, चाइल्ड लाइन से पता कराया गया, चाइल्ड लाइन के द्वारा बताया गया की बीती रात्रि मे छावनी थाना की कोई बालिका चाइल्ड लाइन मे आवसित नही करायी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष, सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ संतोष श्रीवास्तव,मंजू त्रिपाठी ने जिम्मेदार थानाध्यक्ष और विवेचक को तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है, इस संबंध मे अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने कहा की बालिका को रात्रि भर कहा और क्यों रखा गया, इसकी जानकारी की जा रही है, बाल अधिनियम मे लापरवाही के साथ ही बालिका के सर्वोच्च हित के प्रतिकूल कार्य वर्दास्त नही किये जायेंगे स्थिति स्पष्ट होने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## कोषागार पटल से हटाये गये भूपेश विश्वकर्मा के हटाये जाने पर पेंशनरों ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र. की बस्ती शाखा के प्रतिनिधि मंडल की मण्डलायुक्त से मुलाकात के बाद जिलाधिकारी ने कोषागार कर्मी भूपेश विश्वकर्मा का पटल बदल दिया है। भूपेश के कार्यव्यवहार को लेकर कर्मचारी एवं पेंशनर काफी नाराज थे और महीनों से जिलाधिकारी व मुख्य कोषाधिकारी से उन्हे हटाने की मांग कर रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा मामले में कोई कार्यवाही न किये जाने से आहत एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने आयुक्त से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी, जिसे आयुक्त ने गंभीरता से लिया। भूपेश विश्वकर्मा को हटाये जाने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये आयुक्त का आभार जताया है। आपको बता दें भूपेश का कार्यव्यवहार बेहद आपत्तिजनक था। वे तरह तरह से पेंशनर का उत्पीड़न कर रहे थे। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने संघर्ष में साथ देने वाले संगठनों और पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है। एसोसियेशन के जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा कि भूपेश के हटाये जाने से एक साथ कई समस्याओं का समाधान हो गया। तमाम विधवा महिलाओं को अब अपना पेंशन स्वीकृत कराने में परेशानी का सामना नही करना होगा।इनमे विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामअधार पाल, मा. शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अनिरूद्ध त्रिपाठी, रामपूजन सिंह, मारकन्डेय सिंह, प्रा.शि.सं. के उदयशंकर शुक्ल, चन्द्रिका सिंह, श्रीगोपाल तिवारी, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, राजकीय वाहन चालक संघ के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश, डा. एलके पाण्डेय, रोडवेज मजदूर यूनियन के अनिरूद्ध सिंह, आयुर्वेद यूनानी फार्मासिस्ट संघ के आरपी सिंह, देवी प्रसाद शुक्ल, राधेश्याम त्रिपाठी, प्रेमशंकर लाल, प्रेमप्रकाश मिश्र, अरूण कुमार पाण्डेय, जयनाथ सिंह, दिनेश पाण्डेय, देवनरायन प्रजापति, शीतल प्रसाद पाण्डेय, श्रीनाथ मिश्र, गणेशदत्त शुक्ल, गंगा प्रसाद पाण्डेय, राजाराम मिश्र, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अजय आर्या, विद्युत पेंशनर्स संघ के आरके पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, छोटेलाल यादव, सुरेशधर दूबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राममिलन चौधरी, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, जंगबहादुर, जोखू यादव, ओम प्रकाश मिश्र आदि शामिल रहे।

## भ्रष्टाचारी पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु CJM बस्ती ने माँगा BDO से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट

● भ्रष्टाचारीगण जा सकते हैं जेल और होगी रिकवरी प्रधान के साथ सचिव और रोजगार सेवक भी जा सकते हैं जेल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड राम नगर के गांव पंचायत- तेनुआ असनहरा की पूर्व ग्राम प्रधान उषा देवी पत्नी वीरेंद्र द्वारा कराये गए विकास कार्य वर्ष 2015से 2020. की DM बस्ती के आदेश दि0-14/01/2020के अनुपालन मे गठित जांच टीम बस्ती द्वारा दि0-12/6/2023 को स्थलीय/अभिलेख के साथ जांच की गयी थी द्य जिसमे राजनैतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान द्वारा किए विन्दुवार 14 कार्यों मे से मात्र 12कार्यों की प्रधान हित को ध्यान में रखते हुए जांच की गयी,10विन्दुवार कार्य धरातल पर न पाने के बाद भी, कार्य होना जांच अधिकारी टीम द्वारा प्रेषित आख्या में दर्शाया गया द्य मात्र 03 विन्दुवार कार्य मे सरकारी धन लगभग 05 लाख रुपये दुरपयोग किए जाने का स्पष्ट आरोप प्रेषित आख्या पत्र मे दर्शाकर तत्कालीन ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव तथा मापी कर्ता अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, विकास खंड रामनगर दोषी हैं द्य इनके विरुद्ध योजना के एस0 ओ0 पी0के अनुसार अनुमन्य कार्यवाही किया जाना उचित एवं आवश्यक है परन्तु जिला प्रशासन बस्ती के डी0पी0आर0 ओ0द्वारा राजनैतिक दबाव के चलते भ्रष्टचारी गण के विरुद्ध तमाम शिकायत के बाद भी कारण बताओ नोटिस जारी कर कोई कार्यवाही नहीं की गयी भ्रष्टाचारी गण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु दाखिल वाद ACJM प्रथम बस्ती द्वारा मांगी गयी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को SDM भानपुर की टीम द्वारा की गयी लीपा-पोती से मिला भ्रष्टाचार को बढ़ावा, भ्रष्टचारी गण का बढ़ा मनोबल द्यअब बड़ा सवाल करके जनता जनार्दन यह जानना चाहती है कि क्या CJM बस्ती द्वारा मांगी गयी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को निष्पक्ष जांच करके पूर्व ग्राम प्रधान उषा देवी व पंचायत सचिव समेत अन्य भ्रष्टाचारी को BDO रामनगर जेल भेजवाएंगे या लीपा-पोती करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर, र्भ्ष्टाचारी ग्राम प्रधान काबढ़ाते मनोबल भ्रष्टाचारी गण के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर सम्बंधित अधिकारी गण, न्यायालय के विरुद्ध मा0 HC इलाहबाद व मा0 सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया मे होंगी अपील।

## शांति व्यवस्था हेतु बाघराय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बाघराय पुलिस टीम द्वारा 08 मई को प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 170/126/ 135 बीएनएसएस के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की गई है। उप निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मय हमराह का0 गौरव द्वारा अभियुक्त राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र सदानन्द शर्मा निवासी ग्राम भाव भटपुरवा, थाना बाघराय,राम नरेश शर्मा पुत्र स्व0 छेदी लाल शर्मा निवासी ग्राम भाव भटपुरवा, थाना बाघराय,जितेन्द्र कुमार पुत्र लाल निवासी ग्राम जमलामऊ, थाना बाघराय,रमाकान्त पुत्र संगम लाल निवासी ग्राम जमलामऊ,थाना बाघराय,अवधेश नारायण शुक्ला पुत्र राम शिरोमणि शुक्ला निवासी ग्राम जालीमगंज बरौलीया थाना बाघराय, राजेश कुमार पुत्र राम शिरोमणि शुक्ला निवासी ग्राम जालीमगंज बरौलीया थाना बाघराय, सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र नन्हें सिंह निवासी ग्राम पत्तूपुर, थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ एवं उप निरीक्षक लालजी राम मय हमराह का0 अतुल कुमार तथा महिला पीआरडी मीना देवी द्वारा अभियुक्त अमरेश उर्फ मोनू पुत्र अनोखे लाल निवासी ग्राम उमरापट्टी, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।यह कार्यवाही थाना बाघराय पुलिस की सजगता, तत्परता एवं सतत निगरानी का परिणाम है जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाने में सहायता मिली है।

## नाला पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए भवन को लेकर जनहित में शिकायत पत्र दे कार्यवाही की हुई मांग

● शिकायत कर्ता ने नाला को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर**- जहां योगी आदित्यनाथ की सरकार दबंग भूमाफियों पर नकेल लगाने को लेकर लगातार कार्यवाही करने का कार्य कर रही और सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य बुलडोजर चला कर रही है जिससे भूमाफियाओं के दिलो में सरकार का खौफ भी दिखने लगा की बात सामने आरही है ।

लेकिन तुलसीपुर नगरीय क्षेत्र में नाला अतिक्रमण कर भवन निर्माण कर लिया गया की तस्वीर सामने आती है जिससे जलनिकास के लिए बनाया गया नाला अब नाली का स्वरूप ले चुका है जिससे जल निकासी बाधित हो रही है जिसका खामियाजा बरसात में हो रहे नगरीय व ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आमजन को होता है वही जलभराव नगर तुलसीपुर के लिए भी बड़ी समस्या साबित होती है जो एक गंभीर मुद्दा है जिससे जल निकासी बाधित होती है और क्षेत्र में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। जिसका प्रमुख कारण नगर पंचायत के अधिकांश नाले य तो अवैध रूप से कब्जा कर भवन बना लिया गया जिससे नाले का अस्तित्व ही समाप्त हो गया जिसकी अगर प्रशासन के द्वारा सत्यापन किया जाय तो तमाम ऐसे मामले सामने होंगे ।

ऐसा ही एक मामला जनपद बलरामपुर के आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित देवीपाटन वार्ड के तुलसीपुर हरैया मार्ग पर देखने को मिल रहा जहां अरुण कुमार आर्य उर्फ बबलू आर्य पर नाले पर भवन निर्माण कर नाले पर अतिक्रमण किया गया है का आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाया गया है जिसके कारण जल निकास के लिया बना नाला अब नाली का स्वरूप ले चुका है ।जिसकी शिकायत जनहित में शिकायत कर्ता द्वारा की गई है जिसमें अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है जिससे जलभराव की समस्या का समाधान हो सके और आगामी बरसात जलभराव से बचाव हो सके। इस मामले में प्रशासन को जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन शिकायत कर्ता की माने तो बबलू आर्य की पहुंच ऊपर तक के साथ राजनीतिक संरक्षण का होना बड़ा ढाल साबित हो रहा है जिसके कारण अधिकारी भी हाथ नहीं डाल रहे । इसके साथ ही शिकायत कर्ता द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्जे के साथ गरीबों के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा के भी आरोप लगाए है और तमाम आरोप के साथ मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत न्याय दिलाने की मांग की है ।

## संक्षिप्त खबरें

### छत पर लगे पंखे के हुक के सहारे युवक ने फांसी लगाकर जान दी



**निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के हरिकुंवर खेडा गांव में एक युवक ने छत में लगे कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजनों ने शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों और परिवारजनों की माने तो मृतक के ऊपर कर्ज था जिससे वह हर समय परेशान रहता था हरि कुंवर खेड़ा निवासी प्रदीप रावत उम्र 30 वर्ष अपनी पत्नी सरिता और एक बेटा प्रीतम 11वर्ष व बेटी सेजल 6 वर्ष के साथ रहकर लकड़ी कटान व मजदूरी कर परिवार का पालन करता था। मृतक की पत्नी सरिता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उसका पति सोकर उठा और घर के बाहर टहलते हुए परचून की दुकान तक गया जहां से वापस आने के बाद वह सीधे छत पर चला गया कुछ देर बाद पति के नीचे नही आने पर पत्नी ने ऊपर जाकर देखा तो दंग रह गई उसका पति गमछे के फंदे से पंखे के हुक से लटका हुआ था।जिसके बाद पत्नी ने परिवार से अलग रह रहे भाई कुलदीप को सूचना दे निगोहां पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया की मृतक कर्जे से बहुत परेशान रहता था भाई कुलदीप ने बताया कि मृतक प्रदीप ने दो दिन पहले ही अपना डाला बेंच दिया था मृतक के पिता रामबाबू माता रामादेवी भाई कुलदीप अलग मकान बनाकर रहते थे थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### संपत्ति मूल्य हेतु पुनरीक्षित वार्षिक सूची तैयार, दे सकते है सुझाव या आपत्ति

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में एवं उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013 शासनादेश संख्या 495/11-क0नि0-7-2013-700 (8)/2013 टी0सी0 लखनऊ दिनांक 28.05.2013 तथा यथा संशोधित तृतीय संशोधन संख्या 29/2015/1322/94-स्टा0नि0-2-2015-700 (81)/2013 टी0सी0 दिनांक 01.12.2015 के नियम 4 (1) अधीन निर्गत पुनरीक्षित वार्षिक मूल्यांकन सूची को लागू किया जाना है, जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची तैयार कर ली गयी है जो जनपद अम्बेडकरनगर के सहायक महानिरीक्षक निबन्धन व समस्त उप निबन्धक कार्यालय, जनपद अम्बेडकरनगर मे जन सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। जिस किसी को उक्त दर सूची में उल्लिखित / प्रस्तावित मूल्यो के सम्बन्ध मे आपत्ति / सुझाव देना हो तो वह लिखित रूप में आपत्ति / सुझाव अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, एवं सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय, जनपद अम्बेडकरनगर मे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / सुझाव स्वीकार्य नही किया जाएगा।

### देश हित सर्वोपरि है देश हित में संविधान बचाओ रैली स्थगित की जाती है - कृष्ण कुमार यादव

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**अम्बेडकरनगर,** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कल दिनांक 8 मई को अम्बेडकरनगर जनपद में संविधान बचाओ रैली प्रस्तावित थी, जो प्रशासन से अनुमति न मिलने के कारण प्रशासन का सहयोग करते हुए और देश के हालात को देखते हुए देश हित में स्थगित कर दी गई है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा भारतीय सेना मजबूती से आंतकवाद को ने नेस्तनाबूत कर रही है और देश के दुश्मनों के छक्के छुडा रही है हम कांग्रेसजन भारतीय सेना को सलाम करते हैं, कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देश की सेना और देश के साथ है। देश सर्वोपरि है अतः देश हित रैली स्थगित की जाती है। उन्होंने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर निर्धारित समय पर 4 बजे आयेंगे और जनपद के कांग्रेसजनों से मुलाकात करेंगे।

# अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आया बाइक सवार युवक, दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** राजधानी लखनऊ के निगोहां कस्बे में रहने वाले नीरज रावत की बछरावां क्षेत्र में अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, तो वहीं डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना बुधवार रात्रि 9:00 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र बछरावां के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरौरा कट के पास गांव से निकलकर हाईवे मार्ग पर आ रहे बाइक सवार युवक को अनियंत्रित डीसीएस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज रावत पुत्र राम प्रसाद रावत निवासी निगोहां जनपद लखनऊ अपने किसी कार्य से ग्राम सरौरा थाना बछरावां आया हुआ था। और वापस जाते समय जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पहुंचा की रायबरेली से लखनऊ की तरफ जा रहे अनियंत्रित डीसीएम की चपेट मे बाइक सवार युवक आ गया। युवक टकराने के बाद डीसीएम के पहिया के नीचे दब गया और घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रात्रि होने के चलते डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है वाहन को कब्जे में ले लिया गया है,



तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है वहीं मृतक के घर पर 4 माह की गर्भवती पत्नी रूपरानी एवं 2 साल की बच्ची कीर्ति मां आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** लखनऊ, राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के डीहा मजरा उतरावां में दहेज प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है। विवाहिता पुत्री महेश रावत निवासी भद्दी सिर्स निगोहां ने ससुराल पक्ष पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

यह घटना 20 अगस्त 2024 से 9 सितंबर 2024 के बीच की बताई जा रही है। पीड़िता की लिखित तहरीर के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में अपेक्षित सामान न मिलने पर बार-बार ताना मारकर उसे प्रताड़ित किया गया। विवाहिता ने आरोपियों में उसके पति अनके पुत्र राजेश रावत, सास राजकुमारी पत्नी राजेश रावत और ननद आरती पुत्री राजेश रावत




शामिल हैं। पीड़िता का कहना है कि मामूली घरेलू बातों को लेकर भी उसे गालियाँ दी जाती थीं, थप्पड़, घूंसों और डंडों से मारा-पीटा गया और यहां तक कि जान से मारने की धमकियाँ भी दी गईं। पीड़िता ने इस उत्पीड़न से तंग आकर थाना निगोहां में अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जाँच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार




**हरदोई,** हरियावाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बादिनी द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गई कि अभियुक्त सर्वेश पुत्र रामसहाय निवासी ग्राम ऐठा पुरवा थाना हरियावां जनपद हरदोई द्वारा बादिनि की पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया इस संबंध मे थाना हरियावां पर पाक्सो एक्ट जैसी निम्न धाराओ मे नामंजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया । थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौधरी का सौरभ कुमार ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर संबंधित न्यायालय पेश किया गया।

# जागरूकता की कमी के चलते आमजनमानस को जन्म मृत्यु पंजीकरण में असुविधा

● 21 दिनों बाद जटिल प्रक्रिया से गुजर कर देना पड़ता अभिलंब शुल्क

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** जन्म मृत्यु पंजीकरण के लिए जागरूकता की कमी के चलते आम जनमानस काफी परेशान है। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र न होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। जटिल प्रक्रिया गुजरने से बचने के लिए कछौना सहित गौसगंज क्षेत्र के कुछ जन सेवा केंद्र संचालक फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का प्रावधान है। केंद्र सरकार से जारी ऑनलाइन पोर्टल सीआरएम के माध्यम से किया जाएगा, जहां जन्म व मृत्यु का स्थान होता है। उसी से संबंधित ग्राम पंचायत/निकाय से जारी होता है। काफी सरकारी अस्पतालों व अधिकृत अस्पतालों से भी जारी होते हैं।जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र की सूचना आवेदक को 21 दिनों के अंदर संबंधित विभाग को देनी होती है। 21 दिन के अंदर सूचना देने पर कोई शुल्क नहीं पड़ता है। 21 दिनों के बाद अविलंब शुल्क जमा होता है। 21 दिनों के बाद संबंधित विभाग को लिखित सूचना देनी पड़ती है। एक वर्ष से ज्यादा अवधि पर उप जिला अधिकारी स्तर से अधिकारी को लिखित सूचना देनी पड़ती है। संबंधित इकाई ग्राम पंचायत/निकाय खुली बैठक कर आवश्यक अभिलेख शपथ प्रमाण पत्र चालान शुल्क दो गवाह के हस्ताक्षर स्वास्थ्य कार्यकर्ता के हस्ताक्षर प्रक्रिया पूर्ण करके जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर आवेदक के काफी कार्य स्कूल में प्रवेश हेतु, राशन कार्ड में नाम बढवाने हेतु, बीमा पॉलिसी हेतु, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट बनवाने हेतु, सरकारी व गैर सरकारी सेवाओं में मतदान का




अधिकार एवं चुनाव उम्मीदवारी हेतु, विवाह पंजीकरण, कई कानूनी विवाद, उत्तराधिकारी, विरासत आदि कार्य प्रभावित होते हैं। देश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाले मृत्यु का पंजीकरण कानून अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र हेतु फार्म संख्या 5 पत्र संख्या एक, व मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु प्रपत्र संख्या 6 प्रपत्र संख्या 2 प्रपत्र संख्या 3 आदि प्रक्रिया पूर्ण करनी है। यदि कोई समस्या होने पर जिले के जिला रजिस्ट्रार, जिला अधिकारी, राज्य के मुख्य रजिस्टार व महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य भवन लखनऊ को अवगत कराएं।

# श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में गूंजा देशभक्ति का स्वर, बच्चों ने मनाया 'जश्ने-ए-ऑपरेशन सिंदूर'

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** के मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल का प्रांगण गुरुवार को देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया, जब विद्यार्थियों ने 'जश्ने-ए-ऑपरेशन सिंदूर' का आयोजन करते हुए तिरंगा लहराया और गर्व से 'भारत माता की जय' के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यह आयोजन देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने, उनके शौर्य और बलिदान को स्मरण करने तथा नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए, दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए' जैसी गूंजती स्वर लहरियों के साथ हुई, जिसने उपस्थित सभी जनों को भावुक कर दिया। छात्र-छात्राओं ने "मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है" और "मेरा देश है वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का" जैसे नारों से पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस मौके पर बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से सैनिकों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया। बच्चों ने एक स्वर में कहा, "हम भी तैयार हैं।" बच्चों का यह आत्मविश्वास और जोश देखकर शिक्षक-शिक्षिकाएं भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने भी तिरंगा लहराकर यह संकल्प दोहराया कि जिस देश और जाति में जन्म लिया है, आवश्यकता पड़ने पर उसी के लिए बलिदान देने से पीछे नहीं हटेंगे।

विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि यह धर्म, सम्मान और मानवता की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह पहल आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना सिखाने में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां बच्चों ने पूरे जोश और गर्व के साथ तिरंगे को नमन किया। 'जश्ने-ए-ऑपरेशन सिंदूर' विद्यालय का एक प्रेरणास्पद प्रयास बन गया, जिसने यह संदेश दिया कि देश के भविष्य ङ्क हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे ङ्क भी देश के लिए हर समय तैयार हैं। इस मौके पर विद्यालय संस्थापक अखिलेश सिंह प्रबंधक मुकेश सिंह प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी वी भूमिका सिंह के अलावा शिक्षिका कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह, सोनी तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, लवी मिश्रा, पूजा सिंह चौहान, अंशिका वर्मा, नीलम देवी, आरती वर्मा, विनीता त्रिवेदी, निकिता वर्मा, क्षमा सिंह, ऐश्वर्या सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएसओ ने पेट्रोल पंपो की जाँच कर डीएम को भेजी रिपोर्ट

### पेट्रोल पम्पों पर महिलाओं व पुरुषों हेतु पृथक शौचालय, पानी, हवा आदि की सभी व्यवस्थाये सही रखने के निर्देश




**हरदोई–** बिलग्राम क्षेत्र में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज तहसील बिलग्राम क्षेत्र में कार्यरत पेट्रोल पम्पों पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया। अग्रवाल ब्रदर्स बिलग्राम के पेट्रोल पम्प पर महिलाओं व पुरुषों हेतु पृथक शौचालय व्यवस्था पाई गई। अवस्थित शौचालय में साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। दिव्यांगजन हेतु शौचालय में रैम्प बना नहीं पाया गया । पेट्रोल पम्प पर आम जनमानस हेतु पेयजल की व्यवस्था पाई गई किन्तु उक्त जगह पर साफ-सफाई नही पाई गई उक्त स्थान का सही रख-रखाव व सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया। वाहनों हेतु मुफ्त हवा भरने की व्यवस्था भी पाई गई। स्पर्श पेट्रोलियम बिलग्राम मे पेट्रोल पम्प पर महिलाओं व पुरुषों हेतु पृथक शौचालय व्यवस्था पाई गई। अवस्थित शौचालय में साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। दिव्यांगजन हेतु शौचालय में रैम्प भी बना पाया गया। पेट्रोल पम्प पर आम जनमानस हेतु पेयजल की व्यवस्था सही नही पाई गई उक्त व्यवस्था एक सप्ताह में सही कराते हुए कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। वाहनों हेतु मुफ्त हवा भरने की व्यवस्था पाई गई। नायरा पेट्रोल पम्प बिलग्राम के निरीक्षण करने पर सभी व्यवस्थायें सही पायी गयी। इसी तरह सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से कहा गया है कि अपने पेट्रोल पम्प पर महिलाओं व पुरुषों हेतु पृथक शौचालय, पानी, हवा आदि की सभी व्यवस्थाये सही रखें ताकि किसी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर उसे कोई परेशानी न हो।

### सदस्य विधान परिषद, विधायक कटेहरी व जिलाधिकारी ने 35 एम्बुलेंसों को दिखाई हरी झंडी

**अम्बेडकरनगर।** सदस्य विधान परिषद डॉ हरिओम पाण्डेय, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जन सामान्य को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सकीय सुविधा सुगमता से उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने हेतु 35 एम्बुलेंसों ( 108 , 102 एवं ए एल एस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की मंशानुसार जन सामान्य को सुगमता से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार मुहैया कराने के दृष्टिगत आज 35 नई एंबुलेंस को जनसामान्य की सेवा हेतु रवाना किया गया। इससे स्वास्थ्य सेवाएं सुगम होगी तथा जरूरतमंदों को त्वरित रूप से एंबुलेंस सेवाएं प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में शासन की मंशानुसार जन सामान्य को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जनपद में कुल 52 एम्बुलेंस संचालित है जिसमें से 35 एंबुलेंस जिनके संचालन की समयावधि पूरी हो चुकी थी, के स्थान पर 35 नई एंबुलेंसो रवाना किया गया।

## जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के कुछ महत्वपूर्ण पत्र एवं निर्णय लिया गया

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बालक विद्यालयों के स्वीकृत किए गए 12 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रोन्नत वेतनमान। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में सेवानिवृत्त हुए 63 शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की स्वीकृत हूई। सामूहिक बीमा की धनराशि जिसका चेक द्वारा भुगतान किया जा रहा है।जिला संगठन की मांग पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के जीपीएफ लेजर के सत्यापन कराए जाने के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को दिल्ली; निर्देश। जिला संगठन की मांग पर जनपद लखनऊ के समस्त बालक एवं बालिका विद्यालयों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के 68 जीपीएफ लेजर के सत्यापन के लिए शीघ्र शुरू होगा विशेष अभियान। शासन के आदेश दिनांक 28 अप्रैल, 2025 एवं शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के आदेश दिनांक 29 अप्रैल, 2025 के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शीघ्र की जाएगी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पदोन्नतियां। जिला संगठन के साथ वार्ता में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा







वर्ष 2025-26 में लखनऊ जनपद में अवशेष होगा शून्य। शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के अवशेष बिलों की चेकिंग भुगतान के लिए चल रहा है विशेष अभियान। सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को एक नोशनल वेतन वृद्धि के लिए विद्यालयों से मंगाए गए प्रकरण। डा0 आर0पी0 मिश्र- प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ, अनिल शर्मा-जिलाध्यक्ष, महेश चंद्र- जिलामंत्री, आर0पी0 सिंह-कोषाध्यक्ष आलोक पाठक-आय-व्यय निरीक्षक, डा0 मीता श्रीवास्तव- सदस्य राज्य कार्यकारिणी आदि उपस्थित रहे।

# प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम से संगठन की वार्ता फेल,भूख हड़ताल रहेगी जारी

● .... विद्युत संविदा मजदूर संगठन आज काला फीता बांधकर दर्ज कराएगा विरोध प्रदर्शन।

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मे मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 30 प्रतिशत संविदा कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल गुरुवार दूसरे दिन भी जारी रही। प्रबंध निदेशक मध्यांचल वितरण निगम से शाम 5:00 बजे विद्युत मजदूर संगठन प्रभारी पुनीत राय एवं मध्यांचल अध्यक्ष अशोक पाल से वार्ता हुई जिसमें प्रबंध निदेशक द्वारा साफ कहा गया कि जो लोग हटाए गए हैं उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा।

वरिष्ठ मज़दूर नेता आर0 एस0 राय0द्वारा प्रबंधन के हठवादी और मज़दूर विरोधी रवैये की तीखी आलोचना की गई है ।प्रभारी पुनीत राय ने बताया कि उनके द्वारा की जा रही









अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का उत्पीडन रोकने की माँग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन चन्द्र प्रकाश अवस्थी उर्फ़ बब्बू ने अनशन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया और संघर्षरत कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

कर्मचारियों की समस्याओं का महंत दीप केश्वरानंद ने भी आन्दोलन को समर्थन दिया। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को संगठन के सदस्यों द्वारा काला फ़ीता बांधकर प्रान्तीय प्रभारी पुनीत राय द्वारा की जा रही भूख हडताल का समर्थन किया जाएगा ।उन्होंने कहा यदि संविदा कर्मियों की अवैध छंटनी को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की होगी।

# मंत्री नितिन अग्रवाल ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

● बच्चों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये:- माननीय मंत्री

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** आज विवेकानंद सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग श्री नितिन अग्रवाल ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। सभागार परिसर में पहुँचने पर राज्यमंत्री को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। सभागार में समीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से संभावित बाढ़ से निपटने की रणनीति के बारे में जानकारी दी गयी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे सात बाढ़ निरोधक कार्यो की जानकारी ली। शासन को प्रेषित सभी 9 प्रस्तावों की जानकारी भी उन्होंने अधिशाषी अभियंता सिंचाई से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई व नहर पटरी के निर्माण सम्बन्धी कार्य समय से करा लिए जाएं। जन प्रतिनिधियों से भी बाढ़ निरोधक तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया जाये। ड्रेजिंग का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के अंतर्गत पात्रों के चयन का कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द पूरा किया जाये। जीरों पावर्टी के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के सत्यापन का कार्य जल्द पूरा किया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन




सामुदायिक शौचालयों का कार्य तेजी से कराया जाये। सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। चौड़ीकरण के कार्यो को तेजी से कराया जाये। नवनिर्माण के कार्यो को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाये। सभी निर्माणाधीन सेतुओं निर्माण तेजी से कराया जाये। जल निगम की समीक्षा करते हुए उन्होंने दिए कि पूर्ण संतृप्तीकरण का कार्य तेजी से किया जाये। परियोजनाओं में समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाये। पाईपलाइन परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल पुर्निर्माण कराया जाये। माननीय मंत्री ने जनपद में गोसंरक्षण की स्थिति पर संतुष्टि जतायी।

बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि कायाकल्प के सभी बिन्दुओं पर सभी विद्यालयों का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अलाभित समूह के पात्र बच्चों को लाभान्वित कराया जाये। सभी विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। बच्चों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये। प्रत्येक विधानसभा में 100 विद्यालयों को चिन्हित कर उन स्कूलों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाये जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो को तेजी से पूरा कराया जाये। अवशेष विद्यालयों में बाउंड्री बनाने का कार्य जल्द कराया जाये। सभी विद्यालयों में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। गेहूँ क्रय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि क्रय की गति बढ़ाई जाये। क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों की पूरी सहायता की जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जाये। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए चिकित्सा विभाग व चिकित्सा शिक्षा विभाग परस्पर समन्वय बनाकर कार्य करें। जिला अस्पताल में विद्युत लोड बढ़ाने की कार्रवाई जल्द पूरी की जाये। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की बिलिंग व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये। रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। जेई फोन अवश्य उठायें। पर्यटन विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि गाँधी भवन में मरम्मत व सुंदरीकरण का कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाये। माननीय मंत्री ने कहा ग्राम पंचायतों में की जाने वाली जाँचों को एक निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिकअप डाला की टक्कर से वाहन का इंतजार कर रहे एक राहगीर की मृत्यु, दूसरा गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** वुधवार की सांय दो व्यक्ति रिश्तेदारी को जाने हेतु लखनऊ पलिया हाईवे (एनएच 731) पर ग्राम भीरीघाट के पास खड़े थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे पिकअप डाला चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम शिवपुरी निवासी भोगीलाल उम्र 40 वर्ष अपने साथी शालिक राम निवासी बनियन खेड़ा के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में जाने के लिए लखनऊ पलिया हाईवे (एनएच731) पर ग्राम भीरीघाट के पास वुधवार को जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे, इसी दौरान तेज गति से आ रहे पिकअप डाला ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें भोगीलाल निवासी शिवपुरी थाना बघौली उम्र 40 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई। पिकअप चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। घायल शालिक राम निवासी बनियन खेड़ा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया, शालिक राम का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।



मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस घटना से परिजनों के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# आपरेशन सिंदूर 02 जारी आतंकिस्तान को कड़ा सबक देने की तैयारी !

पहलगाम हमले के बाद देशवासियों को जिस कार्रवाई का इंतजार था, आखिरकार देश के जांबाज जवानों ने उसको अंजाम दे ही दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी की साजिश रचने वाले आतंकवादी समूहों और इसके आका पाकिस्तान पर ऐसा प्रहार किया है, जिसको वह कभी भी भूल नहीं पायेंगे। वहीं आपरेशन सिंदूर के दूसरे दिन समूचा पाकिस्तान धमाकों से दहल उठा है. पाकिस्तान में सीरियल ब्लास्ट हो रहे हैं. पाक के 10 शहरों में 15 से ज्यादा धमाके हुए हैं. आज लाहौर, कराची, रावलपिंडी, बहावलपुर, गुजरांवाला में ब्लास्ट हुए हैं. पाकिस्तान के उमरकोट में धमाका हुआ. रावलपिंडी में भी धमाके की खबर सामने आयी है. बहावलपुर में लगातार दूसरे दिन भी धमाके हुए हैं. पाकिस्तानी सेना ने 9 धमाकों की पुष्टि की है। पाकिस्तान के लाहौर में आर्मी कैंट इलाके में धमाका हुआ है. लाहौर में ड्रोन हमले से भारी नुकसान हुआ है. ड्रोन हमले के बाद आर्मी कैंट इलाके में आग लगी है. लाहौर में नौसेना कैंप पर भी ड्रोन अटैक हुआ है. धमाकों में नौसेना कैंप को भारी नुकसान हुआ है। रावलपिंडी में पाक एयरफोर्स के बेस पर ड्रोन अटैक हुआ है. एक साथ कई ड्रोन से हमला किया गया है. पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है. हमले में एयरफोर्स को भारी नुकसान की खबर सामने आयी है. लाहौर में एक के बाद एक लगातार 3 धमाके हुए है. धमाकों से लाहौर में अफरा-तफरी मच गई है. शहर में दहशत का माहौल बन गया है. भयभीत लोग सड़कों पर आ गए है. लाहौर ओल्ड एयरपोर्ट के पास ये ब्लास्ट हुआ है. वाल्टन रोड, गोपाल नगर में भी धमाके की खबर है. वाल्टन एयरपोर्ट के पास ड्रोन धमाका हुआ है. एक चश्मदीद ने मिसाइल अटैक का दावा किया है. धमाकों के बाद आसमान में धुएं का गुबार दिखा, जिसे देख लोगों में अफरा तफरा मच गई। अभी इन धमाकों की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। ताज़ा अपडेट के मुताबिक आज भारत ने आपरेशन सिंदूर 02 की शुरुआत कर दी। भारत के पंद्रह शहरों पर पाकिस्तान ने मिसाइल हमले की कोशिश की जिसे भारत के डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के लाहौर में एअर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया। आपको बता दें कि आतंकी हमले के ठीक दो हफ्ते बाद ऑपरेशन सिंदूर में भारत की तरफ से दागी गई मिसाइलों ने पाकिस्तान समर्थित नौ आतंकी ठिकाने को तबाह कर दिया है। इनमें जैश ए मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर का बहावलपुर में स्थित सुभान आवह मरकज भी शामिल है। भारत की कड़ी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में खौफ है। दूसरी तरफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश में जश्न का माहौल है, क्योंकि देशवासी यही चाहते थे कि आतंकियों पर ऐसा प्रहार है, जो उनको मरने तक बाद रहें। साथ ही उन परिवारों के जख्मों पर मलहम लगा है जिन्होंने पहलगाम हमले में अपनो को खोया है। विशेषकर उन महिलाओं को जिन्होंने अपने पति को खोया है। पहलगाम हमले का मकसद कश्मीर घाटी में दहशत फैलाना था। आतंकियों ने महिलाओं के सामने उनके पतियों के सिर में गोली मारी थी। ये बहुत गहरे जख्म हैं, जिन्हें वो महिलाएं कभी नहीं भुला पाएंगी, जिन्होंने अपना सुहाग इस हमले में खो दिया। ऐसे में जब भारत ने इन आतंकियों को जवाब दिया, तो ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा। ऑपरेशन सिंदूर से बेहतर नाम इस हमले का शायद हो ही नहीं सकता था। यह ऑपरेशन उस सिंदुर का बदला है, जो बैसरन घाटी में सुहागनों के माथे से पोंछ दिया गया और उनकी मांग सूनी कर दी गई थी। इसके अलावा सशस्त्र सेना की दो महिला अधिकारियों के जरिए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी प्रस्तुत कर यह संदेश दे दिया गया है कि भारतीय सेना किस तरह मजबूत और आत्मनिर्भर है। यह सरकार का पाकिस्तानी अधिकारियों को बहुत बड़ा जवाब है। नारी शक्ति के प्रदर्शन से जहां भारत ने अपने देश की समृद्धि का प्रदर्शन किया है, वहीं पाकिस्तान को यह भी बताया है कि भारत से टक्कर मत लो, क्योंकि वहां हथियार उठाने में सिर्फ मर्द नहीं औरतें भी उतनी ही मजबूत हैं। नारी शक्ति के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक तरह से आईना भी दिखाया है कि उनके देश में जहां महिलाएं आज भी बुर्के में कैद हैं, वहीं भारतीय महिलाएं देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सबसे बड़ी बात है कि भारत ने पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकानों या आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया है। सेना द्वारा दी गई ब्रीफिंग में यह स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय सेना ने सिर्फ और सिर्फ उन अड्डों को निशाना बनाया है, जहां आतंकी हुये थे और जहां कसाब और उसके जैसे अन्य आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी है कि स्ट्राइक में 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं और उनके ट्रेनिंग कैंप पूरी तरह तबाह हो गए हैं। आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग मारे गए हैं। सोशल मीडिया में जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें यह दिख रहा है कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। इन वीडियो से यह साफ होता है कि आतंकवाद से पाकिस्तान का कितना करीबी नाता रहा है, भले ही पाकिस्तान इस बात से इनकार करता रहा हो। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को एक तकनीकी रूप से उमत और सैन्य रूप से सक्षम राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया है। वैश्विक समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, रूस और इजरायल ने भारत के मिसाइलों की सटीकता की प्रशंसा की है। ऑपरेशन ने पाकिस्तान की चीन प्रायोजित वायु रक्षा प्रणालियों को भेदकर भारत की तकनीकी श्रेष्ठता को प्रदर्शित किया। यह चीन-पाकिस्तान गठजोड़ के लिए एक चेतावनी थी कि भारत क्षेत्रीय चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। सभी मिसाइलों ने अपने सटीक निशानों को भेदा, जो भारतीय तकनीक और रक्षा प्रणाली के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है। उनत मिसाइलों, स्पाइस-2000, निर्भय, पुख्ता खुफिया जानकारी और तीनों सेनाओं के संयुक्त समन्वय ने नौ आतंकी ठिकानों को 25 मिनट में नष्ट कर दिया। इस सफलता ने भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर सैन्य क्षमता को प्रदर्शित किया। देखा जाए तो भारत ने पहलगाम हमले के बाद से ही उचित और कल्पना से परे जवाब देने की ठान रखी थी। लेकिन, दुनिया फिर भी 'संयम बरतने 'वाला कूटनीतिक ज्ञान देने से पीछे नहीं हट रही थी। लेकिन सेना को खुली छूट मिलने के बाद सेना ने ऐसे ऑपरेशन को अंजाम दिया है, जिसको देखकर पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है। वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह संयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है। वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि यह उत्साह से भर देता है। इसके साथ ही भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक 'पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं। दूसरी और पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, कि भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं। जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था ? तब इस प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था। दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया। इसके साथ ही आज की कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले के बक्त आतंकवादियों की भारतीय प्रधानमंत्री के नाम संपूर्ण भारत की संप्रभुता को दी गई उस चुनौती को भी याद दिलाती है, जिसमें पुरुष पर्यटकों को धर्म देखकर गोली मारते वक्त इन आतंकियों ने कहा था कि 'मोदी को बता देना। 'तो जो बताने के लिए कहा गया, वास्तव में यह उस संदेश का एक छोटा-सा किंतु बहुत मुखर और प्रभावी जवाब है। यदि अब भी पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर जिहाद और आतंकवाद को भारत के विरोध में इस्तेमाल करता है, तो आज की भारत की कार्रवाई से आप यही मान सकते हैं कि आगे भारत आतंक के विरोध में बहुत चड़ा कदम उठाएगा। भारत ने बता दिया है कि अब यह नया भारत है, तो आतंकियों और आतंकवाद को अपने ही बलबूते समूल नष्ट करने की सामर्थ्य रखता है।

बहरहाल तमाम हालात पाकिस्तान के खिलाफ बन चुके हैं ऐसे में यदि वह अपनी ईज्जत बचाने के लिए अफरा-तफरी के माहौल में किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत हर स्थिति से निबटने के तैयार है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# त्रासदी के बावजूद हिमांशी ने राष्ट्र को रास्ता दिखाया



**22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन वादी में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर वादी में बदलाव की लहर नज़र आ रही है। पहली बार कश्मीर वादी इस दर्दनाक घटना के विरोध में बाक़ी देश के साथ खड़ी है। लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किए। इस बार भारत सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि बैसरन के भयानक हमले के खिलाफ। पहलगाम में टैक्सी चालकों ने तख्तियां पकड़ी हुई थी, I Am Indian. वह नारे लगा रहे थे, हम हिन्दोस्तानी हैं और हिन्दोस्तान हमारा है '। ऐसे दृश्य वादी में पहले नहीं देखे गए, तब भी नहीं जब सब कुछ सामान्य था। कश्मीर घाटी पाकिस्तान के खिलाफ बिल्कुल एकजुट थी। पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शनों का नेतृत्व वही सिविल सोसाइटी कर रही थी जो कभी भारत सरकार के खिलाफ सड़कों पर निकलती थी। जिन मस्जिदों से कभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई, उन्हीं मस्जिदों से मारे गए टूरिस्ट के प्रति शोक प्रकट किया गया और पाकिस्तान की निन्दा की गई। कई मस्जिदों में लोगों ने काली पट्टियां बांधी हुई थीं। जामिया मस्जिद में मौलवी मीरवाइज़ जो कभी अलगाववाद के प्रवक्ता थे, ने इस हत्या कांड के बाद कहा कि इस हमले ने लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन कर कश्मीर के लोगों ने आतंकवाद के प्रति अपनी पूर्ण अस्वीकृति प्रकट कर दी है। श्रीनगर के लाल चौक जहां कभी टूरिस्ट जाने से घबराते थे, वहां दुकानदारों ने हमले के विरोध में दुकानों के बाहर काले झंडे लगाए। कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने मुख्य पृष्ठ को काला कर घटना का समाचार छापा। यह बात कश्मीरियों को समझ आ गई है कि बुलेट उनकी रोज़ी रोटी पर भी चलाया गया। पिछले साल वहां 2.3 करोड़ टूरिस्ट आए थे। यह साल भी अच्छा चल रहा था कि गोलियां चला दी गईं। धारा 370 हटाए जाने के बाद कुछ देर बेचैनी रही थी पर बेहतर हुई स्थिति के कारण कश्मीरियों ने हालात से समझौता कर लिया था। इसके लिए उन्हें सबक़ सिखाया गया है। कश्मीर पर विशेषज्ञ लै.जनरल (रिटायर्ड) केजेएस ढिल्लों का साफ़ कहना है कि, "पहलगाम का हमला टूरिस्ट के खिलाफ नहीं था, वह कश्मीरियों की रोज़ी रोटी के खिलाफ था। आज स्थानीय लोग शान्ति प्रक्रिया में साझेदार हैं। वह पुराने काले दिनों में वापिस नहीं लौटना चाहते"। कश्मीरियों को समझ आ गई है कि यह कोई जेहाद नहीं है। हमला सुरक्षा बलों पर या व्यवस्था पर नहीं किया गया। हमला निहत्थे लोगों पर किया गया। भारी संख्या में होटल और एयर बुकिंग रद्द कर दी गई है। यह बड़ा धक्का है।होटल वाले से खच्चर वाले सब प्रभावित हैं। पहलगाम में ही रोज़ाना 10000 टूरिस्ट आ रहे थे। यह सब एकदम ग़ायब हो गया है। बाक़ी टूरिस्ट स्थल से भी यही समाचार हैं। अब वहां केवल ख़ाली बैठे स्थानीय लोग और सुरक्षा बल रह गए हैं। विधानसभा में पहली बार सर्वसम्मति से दहशतगर्दों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 26 साल के बाद बिना किसी आह्वान के लोग बाहर निकले हैं। इस बदलाव को हमें क़ायम रखना है। उमर अब्दुल्ला का भाषण अत्यंत भावुक था। उनका कहना था, "मेज़बान होने के नाते सुरक्षा की ज़िम्मेवारी मेरी थी। इन के परिवारजनों से मैं कैसे माफी मांगू? मेरे पास शब्द नहीं हैं...उन बच्चों से क्या कहूं जिन्होंने अपने वालिद को खून से सना हुआ देखा है ? उस नेवी अफ़सर की विधवा को क्या कहूं जिसकी शादी चंद दिन पहले हुई थी?"**

**चाहे उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनके पास शब्द नहीं हैं पर जो शब्द उन्होंने कहे वह एक अत्यंत संवेदनशील इंसान के शब्द हैं। आजकल तो हर असफलता के लिए दूसरे पर दोष डाला जाता है पर यहां वह आगे आकर ज़िम्मेवारी क़बूल कर रहे थे जबकि पुलिस या सुरक्षा बल उनके अधीन नहीं हैं। आजकल के माहौल में वह अपवाद है। उन्होंने खच्चर वाले सैयद अदिल हुसैन शाह की क़ुर्बानी का भी ज़िक्र किया। उसकी बहादुरी से पता चलता है कि वहां कैसा बदलाव आया है। उसके गरीब पिता का कहना था, "अदिल ने टूरिस्ट को बचाने के लिए जान दे दी, इसे कश्मीरियत कहते हैं"। उस दिन जो 26 मारे गए उनमें से केवल अदिल कश्मीरी था। उसने आतंकी का सामना कर पूछा कि वह बेक़सूरों को क्यों मार रहे हैं? उस समय दो परिवार हथियारबंद आतंकियों का सामना कर रहे थे। आतंकी को रोकने के लिए अदिल ने उसके हथियार छीनने की कोशिश की जिस पर उसे तीन गोलियां मारी गई और वहां ही उसकी मौत हो गई। एक गाइड ने 11 लोगों के परिवार को बचाया। पुणे से गए असावरी जगदाले ने बताया जब वह लोग उस अफ़रातफ़री के बचकर निकले तो कैब चालक और खच्चर वालों ने उन्हें बचाया। बरस रहीं गोलियों की परवाह किए बिना शॉल बेचने वाला साजिद बट्ट एक घायल को पीठ पर उठा कर भाग निकला और उसकी जान बचा दी।**

**अदिल अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। वह एक तरफ़ हट सकता था, आतंकी उसे कुछ नहीं कहते पर उसने आगे आकर उन्हें चैलेंज किया। उसकी बहादुरी का सम्मान न केवल जम्मू-कश्मीर सरकार बल्कि भारत सरकार को भी करना चाहिए। यह इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि कई लोग इस घटना को लेकर साम्प्रदायिक तनाव खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। कई जगह कश्मीरी छात्रों को परेशान किया गया और हमले भी किए गए। कई अपने घर कश्मीर लौटने पर मजबूर हो गए। ऐसी घटनाओं से सख्ती से निपटना चाहिए। जो ऐसा कर रहे हैं वह न केवल देश का अहित कर रहे हैं पाकिस्तान के मक़सद को भी पूरा करने में लगे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जे.एफ.रिबेरो जिन्होंने पंजाब में आतंकवाद समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभाई थी ने लिखा है, ÷आतंकवाद को समाप्त करने का एकमात्र रास्ता है कि उस समुदाय के दिल जीते जाएं जिनसे आतंकी आते हैं÷। मैं स्वीकार करता हूं कि अतीत में कश्मीरियों ने भी बहुत ग़लतियां की हैं पर अगर अब वह बदलना चाहते हैं और मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। हमले करने के पाकिस्तान के दो बड़े मक़सद थे, कश्मीरियों की रोज़ी रोटी पर वार करना और देश में साम्प्रदायिक तनाव खड़ा करना। इसीलिए टूरिस्ट को धार्मिक रूप पर निशाना बनाया गया। पाकिस्तान हिन्दू-मुस्लिम तनाव बढ़ता देखना चाहता है। हमें इस जाल में नहीं फंसना। आगरा से बहुत विचलित करने वाला समाचार मिला है जहां एक स्वयंभू गाय रक्षक ने बिरयानी बेचने वाले एक मुसलमान को गोली मार दी और फिर गर्व से कहा कि, ÷मैंने पहलगाम हमले का बदला ले लिया"। यह अत्यंत दुख की बात है कि राजनीतिक और धार्मिक नेता ऐसी हरकतों की निन्दा करने से घबराते हैं। जो लोग नफ़रत फैलाने में लगे हुए हैं वह देश विरोधी हैं। भारतीय जनता पार्टी पर बहुत ज़िम्मेवारी है। उन्हें यह प्रदर्शित करना है कि इस चुनौतीपूर्ण समय जब चीन और पाकिस्तान इकट्ठे समस्या खड़ी कर रहे हैं और दूसरे बड़े देश चुपचाप तमाशा देख रहे हैं,उनमें देश को एकजुट रखने की क्षमता है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व वित्त मंत्री हसीब ऐ द्राबू ने इसे 'टरनिंग पॉयंट' कहा है क्योंकि आतंक का विरोध सिविल सोसाइटी कर रही है। इस मौक़े को हाथ से जाने नहीं दिया जाना चाहिए। अंत में गुलमेहर कौर जिसके पिता 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लड़ते शहीद हो गए थे ने सही कहा है कि आतंकवाद की सही पराजय तब होती है जब हम हिंसा को विभाजित नहीं करने देते। सबसे सशक्त हिमांशी नरवाल जिसके पति नौसेना अधिकारी विनय नरवाल को मार दिया गया था, की अपील है कि "हमें मुसलमानों और कश्मीरियों को टार्गेट नहीं करना चाहिए। हमें शान्ति चाहिए और मुझे न्याय चाहिए"। 9 आतंकी शिविरों पर "आप्रेशन सिंदूर' के द्वारा एयर स्ट्राइक कर हिमांशी और दूसरे पीड़ितों को "न्याय' देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर वह हृदय विदारक दृश्य भूलना आसान नहीं जब स्तब्ध हिमांशी अपने मारे गए पति के शव के पास बेबस बैठी थी। कुछ दिन पहले विवाह हुआ था और बांह में चूड़ा नज़र आ रहा था। अपनी निजी त्रासदी को एक तरफ़ रख कर यह महिला अद्वितीय बहादुरी, संवेदनशीलता, देशभक्ति और समझदारी का परिचय दे रही है। ऐसी हालत में तो इंसान सुधबुध खो बैठता है पर वह देश को रास्ता दिखाने की कोशिश कर रही है। उसकी आवाज़ देश की अंतरात्मा की आवाज़ है, जो आवाज़ पिछले कुछ वर्षो में धीमी पड़ चुकी है। हिमांशी जैसे युवा यह आशा देते हैं कि अभी कुछ बचा है, सब कुछ ख़त्म नहीं हो गया। पर यह अत्यंत दुख की बात है कि कुछ लोग हिमांशी के भी पीछे पड़ गए हैं। उसे ट्रोल किया जा रहा है। चरित्र हनन की कोशिश हो रही है यहां तक मांग की गई कि इस विधवा को उसके पति की पैंशन नहीं मिलनी चाहिए। जिन्होंने आजतक कभी बंदूक नहीं उठाई, आतंक का सामना नहीं किया ऐसे डिजिटल शूरवीर हिमांशी पर गिद्धों की तरह टूट पड़े हैं। अगर इनमें इतना जोश है तो इन्हें बीएसएफ़ में भर्ती कर पाकिस्तान सीमा पर भेज देना चाहिए। पर यह कैसा देश हमारा बन रहा है? यहां कोई सही बात नहीं कर सकता ?यह नफ़रत हमें कहां पहुंचाएगी? हम क्यों अपने दुश्मनों की मुराद पूरी करने में लगे हैं?**

# संपादकीय

## पाकिस्तानियों को सिख सैनिकों का खौफ आज भी है




इतिहास गवाह है कि भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिकों का खौफ आज भी पाकिस्तानियों को है, क्योंकि बाबा बन्दा सिंह बहादुर सहित अनेक ऐसे सिख योद्धा हुए हैं जिन्होंने मुगलों की ईट से ईट बजा दी। इतना ही नहीं देश की आजादी के बाद जब भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा तो सिख रेजीमेंट सहित भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिको के द्वारा उन्हें मुंह की खानी पड़ी। 1965 की जंग में एक समय ऐसा भी आया जब पाकिस्तान भारत पर पूरी तरह से हावी हो चुका था और उसकी पूरी तैयारी दिल्ली की ओर कूच की थी। ऐसे में भारतीय सेना के आर्मी चीफ जनरल चौधरी ने पंजाब में तैनात कमांड के मुखिया लेफ्टिनेंट हरबक्ष सिंह को आर्डर किया कि अपनी कमांड को लेकर ब्यास के इस पार आकर अम्बाला में मोर्चा सम्भालें ताकि पाकिस्तानी सेना को अम्बाला में रोका जा सके। मगर उस समय एक सिख योद्धा जिसे गुरु गोबिन्द सिंह जी से दुश्मन के खिलाफ आगे होकर लड़ने की प्रेरणा मिली हो उसने अपने सीनियर अफसर का आदेश इस कारण ठुकरा दिया क्योंकि उनकी सोच थी कि कुछ साल पहले ही बंटवारे के समय सिख समुदाय अपने पवित्र एतिहासिक गुरुद्वारा साहिब जिसमें गुरु नानक देव जी की जन्मस्थली ननकाणा साहिब, पंजा साहिब आदि शामिल थे, बंटवारे के चलते पाकिस्तान में छोड़ आए हैं और अगर अब पाकिस्तानी सेना को ना रोका गया तो संभव है कि श्री दरबार साहिब अमृतसर भी भारत के कब्जे से निकल जाए। ऐसे में अमृतसर जाने के लिए भी वीजा लेकर जाना पड़ेगा, इसलिए लेफ्टिनेंट हरबक्ष सिंह ने अपनी कमांड के साथ पाकिस्तानी सेना का ना सिर्फ डटकर मुकाबला किया बल्कि लाहौर तक जाकर वहां अपना कब्जा जमा लिया मगर बाद में राजनीतिक सोच ने उसे वापिस पाकिस्तान के हवाले कर दिया। उसके बाद भी जब कभी पाकिस्तान ने आंखें दिखाई तो सिख सैनिकों ने उनका मुंहतोड़ जवाब दिया। आज विदेशों की धरती पर बैठकर खालिस्तान मुहिम चलाने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे लोग भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिकों को सम्बोधन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ जंग का हिस्सा ना बनने के मशवरे दे रहे हैं, पर शायद उन्हें इस बात का रत्तीभर भी ज्ञान नहीं कि सिखों ने इस देश की आन-बान-शान के लिए सबसे अधिक कुर्बानियां दी हैं और आगे भी अगर देश को जरूरत पड़ी तो सिख सैनिक सबसे आगे की कतार में खड़े पाएंगे।

पाकिस्तान हमेशा से आतंकियों को समर्थन करता आ रहा है जो समय-समय पर भारत सहित अन्य देशों में आतंकी हमलों को अन्जाम देते आए हैं। इतना ही नहीं कई बार तो इन आतंकियों ने पाकिस्तान के अन्दर भी कई घटनाओं को अन्जाम दिया,बावजूद इसके पाकिस्तान सरकार का समर्थन जारी रहा। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बेकसूर भारतीय पर्यटक मारे गए जिसके बाद भारत की मोदी सरकार पूरी तरह से हरकत में आ गई और ठान लिया कि अब और बर्दाशत नहीं किया जा सकता क्योंकि पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। इससे पहले कई बार भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी मगर उसका कोई खास असर पाकिस्तान पर नहीं हुआ। जिसके बाद भारतीय वायु सेना के द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर सहित 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें ध्वज्ञत किया।

**परमजीत सिंह वीरजी को अकाल तख्त से सम्मान की सिफारिश**


शिरोमणि अकाली दल के दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना के द्वारा धर्म प्रचार के क्षेत्र में लम्बे समय से सेवाएं निभाने वाले परमजीत सिंह वीरजी को श्री अकाल तख्त साहिब से सम्मान दिलाने हेतु सिफारिश इसलिए की गई है क्योंकि पिछले करीब 15 सालों से परमजीत सिंह वीरजी द्वारा निभाई जा रही पंथक सेवाओं से खासे प्रभावित हैं। जब वह दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष हुआ करते थे तो उन्होंने परमजीत सिंह वीरजी को धर्म प्रचार के चेयरमैन की सेवा सौंपी और उनके काम करने के अन्दाज को देखा। एक बार फिर परमजीत सिंह वीरजी के द्वारा गुरबाणी रिसर्च संस्था के बैनर तले 400 से अधिक बच्चों का गुरबाणी कंठ मुकाबला करके मानो इतिहास रचा हो, क्योंकि इससे पहले इस तरह का मुकाबला देखने को नहीं मिला जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा जपुजी साहिब, जाप साहिब, सुखमनी साहिब, चौपई साहिब आदि बा?णियों को कंठस्त करके सुनाया हो। देखा गया कि करीब 6 महीने का समय लग गया, बच्चों से बाणी सुनकर उनकी छांटी कर अव्वल रहे बच्चों का मुकाबला करवाया गया, उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इनमें एक बच्ची जिसे पंजाबी पढ़नी या लिखनी तक नहीं आती और गैर सिख परिवार से सम्बन्ध रखती है, उसके द्वारा 5 से अधिक बाणियों को कंठस्त करके सुनाया गया जो कि शायद आज के समय में गुरुद्वारों के ग्रन्थी, सेवादारों को भी याद नहीं होती, ज्यादातर मोबाइल फोन रखकर ही गुरबाणी उच्चारण करते हैं। इस बच्ची को गुरबाणी याद करवाने का श्रेय उनकी दादी को जाता है। इससे एक बात और निकल कर आती है कि आजकल परिवार छोटे होने और व्यस्त जिन्दगी के चलते घर के बड़े बुजुर्गो के पास बैठने का बच्चों को समय ही मिल पाता।

**आम की गुठलियों से पौधे बनाकर करते हैं सेवा**

आमों की गुठलियां (बीज) जिसे हर कोई खाकर फेंक देता है कोलकाता के 51 वर्षीय जस्मीत सिंह अरोड़ा उन्हीं आम की गुठलियां इकट्ठा करते हैं और उन्हें अंकुरित कर पौधे तैयार करते हैं और बड़ा होते ही उन्हें किसानों को बिना किसी शुल्क के भेंट कर अनोखी सेवा निभा रहे हैं। अरोड़ा किसानों को जैविक खेती का तकनीकी ज्ञान देना चाहते हैं और उन्हें उद्यमी बनाना चाहते हैं। "ग्राम समृद्धि फाउंडेशन के तहत वह किसानों को फलदार वृक्ष लगाने में सहयोग देते हैं। तीन साल से वे इस विचार को संजोए हुए हैं लेकिन असली रफ्तार तब मिली जब उनकी छोटी बेटी 'गुनमीत' ने उनका एक वीडियो बनाया जिसमें वे आम की गुठलियां दान करने की अपील कर रहे थे। उनकी मानें तो भारत की 80 प्रतिशत ज़मीन आम की खेती के लिए उपयुक्त है। दवाओं के व्यापार से जुड़े अरोड़ा का उद्देश्य केवल इतना है कि जल, मृदा और वायु की शुद्धता के साथ-साथ मन की शुद्धता के लिए भी कुछ किया जाए। वह कहते हैं, "जो लोग मदद करना चाहते हैं वे बीज भेज सकते हैं। जिनके पास ज़मीन है वे बीज अंकुरित करने का काम कर सकते हैं और जो समय व सेवा देना चाहते हैं उनके लिए मैं कार्य की व्यवस्था कर सकता हूं।"

# पाक को मिला मुंहतोड़ जवाब

अब इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं रहना चाहिए कि पाकिस्तान एक ऐसा आतंकवादी देश है जिसकी जमीन पर दहशतगर्द तंजीमों को पाला-पोसा जाता है। यहां की सेना और सरकारों के साये में इन तंजीमों ने पूरे पाकिस्तान को आतंकवादियों की सैरगाह में तब्दील कर दिया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछली 22 अप्रैल को हुए नृशंस हत्याकांड का बदला इन्हीं दहशतगर्द तंजीमों के नौ ठिकानों पर मिसाइल हमला करके लिया है और पूरी दुनिया को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी सीमाओं के भीतर से ही कार्रवाई करने में समर्थ है। भारत की जांबाज फौजों ने जिस प्रकार पाक अधिकृत कश्मीर से लेकर पाकिस्तान के बहावलपुर में स्थित आतंकवादी शिविरों व ठिकानों को निशाना बनाया है उससे यह प्रमाणित हो गया है कि पाकिस्तान की फौजें आतंकवाद को भारत में फैलाने में मदद देती हैं।



दरअसल पाकिस्तान की बुनियाद ही हिन्दू नफरत पर रखी गई है। यहां की फौज हिन्दू विरोध से ही प्रेरित होकर भारत विरोध करती आ रही है। इसीलिए पहलगाम में 26 भारतीय पर्यटकों का धर्म पूछकर हत्या की गई जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। इस जघन्य कांड का बदला लेने की घोषणा भारत के प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को ही कर दी थी और पूरी दुनिया को बता दिया था कि भारत आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों को ऐसी सजा देगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। अतः पाक स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके भारत ने माकूल जवाब दिया है। श्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे पाकिस्तान आज मिमियाता नजर आ रहा है। भारत का बच्चा-बच्चा आज प्रधानमन्त्री के इस हौसले को सराह रहा है और सोच रहा है कि श्री मोदी जैसा कहते हैं वैसा ही करते हैं। इस संकट की घड़ी में पूरा भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक एक है और अपने प्रधानमन्त्री के हाथ मजबूत करना चाहता है। पाक स्थित जिन नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें दुर्दान्त आतकंवादी मौलाना अजहर मसूद का घर भी शामिल है जिसमें उसके परिवार के 14 सदस्य हलाक हो गये हैं। मसूद अब चिल्लाता फिर रहा है कि अगर वह भी मर जाता तो बेहतर होता। यह मसूद वही है जिसे भारत ने 2000 में अपना एक यात्री विमान अपहरण हो जाने पर उसमें सवार यात्रियों की जान छुड़ाने की एवज में छोड़ा था। इस पर न जाने कितने मासूम लोगों की हत्या करने का इल्जाम है। मगर गौर करने वाली बात यह है कि खूंखार आतंकवादियों की पनाहगाह बने पाकिस्तान को क्या खुद को जायज मुल्क कहने का हक है?

हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान 14 अगस्त, 1947 से ही एक जायज मुल्क नहीं है क्योंकि यह हिन्दू-मुसलमान की बुनियाद पर मुहम्मद अली जिन्ना ने अंग्रेजों के साथ साजिश करके दस लाख से भी अधिक लोगों की लाशों पर तामीर कराया था। ऐसा दुनिया के इतिहास में दूसरी बार हो रहा था कि किसी मुल्क के बनने पर आबादी की ही अदला-बदली की गई हो। यह अदला- बदली हिन्दू-मुसलमान के आधार पर की गई थी। अतः ऐसे मुल्क का ईमान केवल हिन्दू विरोध बन कर रह गया और यहां के हुक्मरानों ने इसी को अपने वजूद की शर्त बना डाला। इसी शर्त के चलते पाकिस्तान ने अपने बनने के तुरन्त बाद जम्मू-कश्मीर पर हमला बोला और इस सूबे का एक-तिहाई हिस्सा अपने कब्जे में कर लिया। इस पाक अधिकृत कश्मीर में ही भारत की फौजों ने पांच आतंकवादी शिविरों को नेस्तनाबूद किया। जिस कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है उसे ही पिछले तीस सालों से पाकिस्तान ने आतंकवाद फैला कर जहन्नुम में तब्दील करने की कोशिश की। इसी आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर सूबे के रुतबे में बदलाव किया और इसे भारतीय संघ के साथ मजबूती से जोड़ा। इस कार्य में भारत की सेनाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कश्मीर की वादियों से आतंकवादियों की सफाई का अभियान चलाया। जिसके चलते जम्मू-कशमीर में रौनक लौटने लगी और भारत के शेष हिस्सों से इस राज्य में सैलानी पुनः आने लगे। पिछले साल सवा दो करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर की हसीन वादियों की सैर करने आये। इससे कश्मीर फिर चहकने लगा जो पाकिस्तान से बर्दाश्त नहीं हुआ और इसके पाले हुए आतंकवादियों ने पिछले 22 अप्रैल को जघन्य हत्याकांड कर डाला मगर इसमें भी हिन्दुओं को ही चुन-चुन कर मारा अतः भारत भी अब दहशतगर्दों को चुन-चुन कर मारेगा जिसकी घोषणा गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने की थी।

जरा सोचिये जिस पाकिस्तान को पीने का पानी भी भारत की कृपा से मिलता हो वही हमें आंखें तरेरता है और आतंकवाद को पनपा कर हमें लहूलुहान करता है। वे दिन अब चले गये हैं जब पाक परस्त कश्मीरी तंजीमों को केन्द्र सरकार दूध पिलाने का काम किया करती थी। अब देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार है और श्री मोदी का यह अहद है कि वे 'जैसे को तैसा' तेवरों से जवाब देंगे। प्रधानमन्त्री के इन्हीं तेवरों से घबरा कर पाकिस्तान पिछले दिनों राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में गया मगर वहां से भी इसे कड़ी फटकार मिली। भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर जो नाकाबन्दी की है उसमें सिन्धु नदी जल समझौता प्रमुख है जिसे भारत ने फिलहाल मुल्तवी कर रखा है। पाकिस्तान कह रहा है कि यदि भारत ने पानी रोका तो यह युद्ध करने जैसा होगा लेकिन भारत ने तो पाकिस्तान के घर में घुसकर उसके आतंकवादी शिविरों को सीधा निशाना बना डाला है।

भारत की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अनुशासित पेशेवर फौज है। सैनिक मोर्चे पर पाकिस्तान भारत का मुकाबला नहीं कर सकता इसीलिए वह अपने एटमी ताकत होने का हौवा खड़ा करता रहता है। मगर भारत की फौजों का ईमान है कि वह इंसानियत की रखवाली है और अपने ऊपर आक्रमण होने के बाद ही उसका यथोचित उत्तर देती है। इस सेना के बारे में प्रसिद्ध है कि, ''ताकत वतन की हमसे है इज्जत वतन की हमसे है इंसान के हम रखवाले।''

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 158 वर्ष पुरानी टाउन एरिया को मिले नगर पालिका का दर्जा



**–5 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम से मिले छट्ठेलाल**

**रूद्रपुर, देवरिया।** 158 वर्ष पुरानी टाउन एरिया को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिए जाने की महत्वपूर्ण मांग के साथ ही पांच सूत्रीय मांग को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। अपनी मांगों के समर्थन में उन्होंने मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौपा। जिसमें कहा गया कि रुद्रपुर की टाउन एरिया ब्रिटिश शासकों द्वारा 26 जून 1867 को अस्तित्व में लाया गया था तब से अब तक रुद्रपुर नगर पालिका नहीं बन सका। वर्तमान में रुद्रपुर नगर पालिका का सम्पूर्ण मानक पूरा करती है। उन्होंने बथुआ रिवर फ्रंट के विस्तारीकरण व उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। नगर की सीमा में स्थित पौराणिक महत्व के दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के सर्वांगीण विकास तथा कॉरिडोर बनाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त नगर की सीमा में आने वाले सभी मार्गों का चौड़ीकरण करते हुए बीच में डिवाइडर तथा पथ प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही यह भी मांग की गई की गोर्रा नदी के भुसवल स्थित फाटक को खोला जाए जिससे बथुआ व मझने नालों में पर्याप्त पानी आ सके और लोग इसका लाभ उठा सकें। दोनों नालों के किनारे शवदाह किया जाता है किंतु उनमें पानी न के बराबर होता है जिससे अंत्येष्टि करने वालों को नहाने व तर्पण करने में विशेष दिक्कत होती है।

### सेना की कार्रवाई पर सीतापुर में जश्न, पाक में आतंकी ठिकानों पर हमले को लेकर नागरिकों ने मनाया विजय उत्सव



**सीतापुर–** पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सीतापुर के नागरिकों ने जश्न मनाया बुधवार की शाम शहर के मुख्य चौराहे पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने एकत्र होकर आतिशबाजी की व्यापार मंडल और अन्य सामाजिक संगठनों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भाग लिया। आकाश अग्रवाल बजरंगी, नीरज वर्मा, भगवती गुप्ता, सचिन त्रिपाठी समेत कई गणमान्य नागरिकों ने भारतीय सेना को बधाई दी साथ ही केंद्र सरकार के इस निर्णय की सराहना की कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश दिया है। भारत अब किसी भी साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है पूर्व सैनिक आदित्य वर्मा ने इस कार्रवाई को हर भारतवासी के लिए गर्व का विषय बताया कार्यक्रम के दौरान %भारतीय सेना जिंदाबाद%, %भारत माता की जय% और %वंदे मातरम्% के नारे लगे समापन पर लोगों ने सेना की सुरक्षा और देश की अखंडता के लिए प्रार्थना की सभी ने एकजुट होकर देशभक्ति का संदेश दिया!!

### सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए एयर स्ट्राइक पर रसड़ा में मनाया गया जश्न



**बलिया (यूपी)–** के रसड़ा में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए एयर स्ट्राइक की खुशी में लोगों ने जश्न मनाया। भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान में पल रहे आतंकी ठिकानों पर सफल एयर स्ट्राइक करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। सेना द्वारा यह करवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया है। तहसील पत्रकार अब्दुल रहमान ने वरिष्ठ संवाददाता सैयद सेराज अहमद को जानकारी देते हुए बताया कि जश्न का यह कार्यक्रम भाजपा आई टी विभाग के विधानसभा संयोजक अविनाश सोनी और रसड़ा व्यापार मंडल के इकबाल अंसारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रसड़ा के गांधी पार्क में सैकड़ों लोगों ने भारतीय सेना की इस कामयाबी पर आतिशबाजी कर के अपनी खुशी का इज़हार किया। देश की सेना के इस सफल कामयाबी पर लोगों में मिठाईयां भी बांटी गई।

# उप जिलाधिकारी के आदेश को नहीं मानती खजनी पुलिस

## नाबालिक चल रहा है खनन माफिया का ट्रैक्टर

**● उनवल पुलिस चौकी के सह पर खनन माफिया दिन में धड़ल्ले से खनन के काम को अंजाम दे रहे**



**स्वतंत्र प्रभात**

**खजनी गोरखपुर।** थाना खजनी क्षेत्र के उनवल पुलिस चौकी के नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल और आसपास के गांवों में रात का अंधेरा घिरते ही बेखौफ खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन के कारोबार में लग जा रहे हैं। अवैध खनन के कारोबार में संलिप्त इन माफियाओं की दिन दूनी रात चौगुनी कमाई हो रही है। जैसे ही देर रात लोगों के सोने का समय होता है,ऐे खनन माफिया अपने कारोबार में जुट जाते हैं। खनन माफियो की दिलेरी यह है कि अब दिन में ही धड़ल्ले से खनन करने से आज नहीं आ रहे हैं सड़कों के किनारे या नगर क्षेत्र में हो रहे नए भवनों के निर्माण में लगने वाली मिट्टी और ईट भट्ठों पर ईट निर्माण के लिए लगने वाली मिट्टी के लिए अवैध खनन तेजी से चल रहा है। स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता से इन अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। अवैध खनन के कारण संपर्क मार्गो, खेतों और सरकारी भूमि में बड़े गड्ढे होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भरने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ जाएंगी। अवैध खनन के इस कारोबार से खेतों की कृषि योग्य भूमि को भी भारी क्षति हो रही है।

किसी खेत के बगल में यदि मिट्टी निकलती है तो उस खेत में सिंचाई के दौरान पानी बगल के गड्ढों में भर जाता है। जिससे किसानों की फसलों का उत्पादन भी प्रभावित होता है और मजबूरी में उसे भी अपने खेतों से मिट्टी निकलवानी पड़ती है। लोगों ने बताया कि रास्ते में राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है और रात में सोना दुश्वार हो गया है। नगर वासियों और ग्रामीणों के मुताबिक इस कारोबार में संलिप्त ज्यादातर कारोबारियों के ट्रैक्टर ट्राली को नाबालिग लड़के चला रहे हैं, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने का अनुभव और आवश्यक दस्तावेज भी नहीं होते हैं। यही वजह है कि देर रात में यह कारोबार मुफीद बना हुआ है।

खनन विभाग और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस सिलसिले से अनजान बने हुए हैं। खनन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस और कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे इन बेखौफ खनन माफियाओं का कारोबार तेजी से बढ़ता जा र उसहा है। मिली जानकारी के अनुसार गीडा औद्योगिक क्षेत्र और लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण लिए निकाली गई मिट्टी के कारण बने गड्ढों से मिट्टी निकालने का खेल लंबे समय से बदस्तूर चल रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायतें मिलने पर प्रशासन की छोटी मोटी कार्रवाई से कुछ दिनों तक यह अवैध कारोबार रूकने के बाद दुबारा शुरू हो जाता है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि अवैध खनन रोकने के लिए खजनी, सिकरीगंज, बेलघाट, उरूवां, हरपुर बुदहट और बांसगांव थानाध्यक्षों को पत्र भेज कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# एनसीसी शिविर- सहायक ड्रिल एवं परेड का कराया गया अभ्यास





**स्वतंत्र प्रभात**

**सिसवा बाजार,महराजगंज ।** परमहंस पाल पी जी कॉलेज गुरली में आयोजित एनसीसी सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवे दिन आज प्रातः कैडेट्स के सर्वांगीण और व्यक्तित्व विकास में सहायक ड्रिल प्रतियोगिता करायी गई ।जिसमें कैडेटों ने अपनी परेड की पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग कर अपने ट्रेनिंग का प्रदर्शन किया। जिसका निरीक्षण कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह , लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा और सीनियर जेसिओ सूबेदार कदम सिंह ने किया । तदुपरांत कैडेटों को फौज में ऑफिसर बनने की प्रक्रिया और उसके बाद की प्रक्रिया को कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट अभिषेक मानसिंह और डेपुटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा द्वारा समझाया गया । फौज में प्रवेश कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित भी किया गया । इस मौके पर चारो कंपनी के कंपनी कमांडर ए एन ओ और पी आई स्टाफ भी उपस्थित रहे सायंकाल में कैडेटों को शिक्षा के माध्यम से और उनका प्रशिक्षण कराया गया। उसके आधार पर "खजाने की खोज" नाम से नेविगेशन एक्सरसाइज भी करायी गई । जिसमें चारों कंपनी के कैडेटों ने प्रतिभाग किया ।सांस्कृतिक संध्या में जनता इंटर कॉलेज माडापार गोरखपुर और महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बृजमनगंज महराजगंज के कैडेट्स ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। जिसका अन्य सभी कैडेट्स, ए न ओ और पी आई स्टाफ ने लुत्फ उठाया । कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह, डेपुटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा और परमहंस डिग्री कॉलेज के प्रबंधक चंद्रशेखरप्रबंध उपस्थित रहे।

# अवधी बोली को नई पहचान दिलाने में जुटे, ज्योतिषाचार्य पंडित शास्त्री



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल को अंग्रेजों ने सबसे पहले समाप्त कर अंग्रेजी भाषा को थोप दिया। इससे हमारी मूल भाषा, बोली का प्रभाव कम होता गया। उक्त बातें ज्योतिषाचार्य अतुल शास्त्री ने ब्यक्त करते हुए कही । आगे उन्होंने कहा कि हम मूल बोली अवधी को नई पहचान दिलाने और उसके प्रचार प्रसार के लिए मेहनत कर जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। हर भाषा बोली की अपनी पहचान एवं अस्मिता होती है। उनका संरक्षण किया जाना चाहिए। हिंदी को समाज एवं साहित्य में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए क्षेत्रीय बोलियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए अवधी बोली को बढ़ावा देकर, हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर सकते हैं। मूल बोलियों के महत्व को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने भी पहल की है। इसी का नतीजा है कि इस विधानसभा में विधायकों ने अपनी स्थानीय बोली में समस्या उठाई। कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है यह सभी भाषाओं और बोलियों को एक दूसरे से जोड़ती है। अवधी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

अवधी बोली में साहित्य और कला के कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, रामचरितमानस आज पूरे विश्व में पढ़ा जा रहा है और ऐसा ही सभी विधा को जन जन तक पहुंचाना जरूरी है। अवधी बोली के प्रचार प्रसार के लिये प्रसिद्ध कथाकार कौशलेंद्र महाराज के सानिध्य में अवध प्रान्त के साहित्य, मीडिया, कवि, खेल, सहित हर क्षेत्र की हस्तियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में ममता संदीपन मिश्रा से पवन गोस्वामी सविता पेंटर लक्ष्मी वर्मा एस डी मिश्र, अनमोल पाण्डेय, पीयूष पाण्डेय, गुड़िया यादव, सुनीता सिंह, नीलम औझा श्रद्धा पाण्डेय आस्था मिश्रा अविनाश सिंह शैलेन्द्र सिंह बब्बू टाइगर समेत तमाम लोगों से अतुल शास्त्री ने मुलाकात की, और लोगों को जोड़ने का क्रम जारी है। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अवधी बोली के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा



**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लॉक के ग्राम बर्डपुर नंबर सात के टोला शेखाजोत में प्रशासन ने गुरुवार को सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाया। उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य के निर्देश पर नायब तहसीलदार सदर विजय कुमार श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर अवैध कब्जा हटवाया । राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक गिरीश चंद मिश्र, लेखपाल दुर्गेश पाण्डेय आदि रहे।मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रही।

### मॉक ड्रिल करा कर सतर्क रहने के प्रति किया सचेष्ट



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाज़ार गोरखपुर–**भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे गतिरोध एवं युद्ध की आशंका के बीच नागरिक सुरक्षा कोर के निर्देशानुसार देश के संवेदनशील जिलों में आयोजित कराए जा रहे मॉक ड्रिल के क्रम में बुधवार को आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही परिसर में आकस्मिक स्थिति के समय में नागरिकों की सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल करा कर सतर्क रहने के प्रति सचेष्ट किया गया। इस संबंध में आवश्यक बचाव हेतु सुझाव एनसीसी अधिकारी अजय कुमार शुक्ला तथा कैडेट्सों द्वारा सायरन बजने पर सुरक्षा हेतु अपनाये जाने वाले तरीकों को डेमो देकर दिखाया और बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह द्वारा अपनाए जाने वाले सुझाव के उपायों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि सबसे पहले बाहर जल रहे प्रकाश को बंद कर अंधेरा करना है। जिससे दुश्मन देश आम नागरिकों के क्षेत्र में किसी प्रकार की जानकारी ना प्राप्त कर सके। साथ ही हवाई सायरन, ब्लैक आउट, आकस्मिक तैयारी, अफवाह पर ध्यान न देना आदि के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया गया तथा मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने जय हिंद तथा भारत माता की जय बोलकर भारतीय सेना का अभिनंदन किया। तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए तैयार रहने के लिए निष्ठा दोहरायी गयी।

# छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर राज करन नैय्यर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत सहजनवां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सहजनवां पर दर्ज मामले में पुलिस ने छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी संगम पुत्र रामसमुझ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबित घटना के संबंध में जानकारी के अनुसार, 6 मई 2025 को आरोपी संगम ने अपनी भाभी के साथ मारपीट व छेड़खानी की थी। पीड़िता द्वारा मामले की शिकायत करने पर आरोपी ने उसे तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में दर्ज तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 278/2025 धारा 74, 115(2), 352, 351(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया था, जिसे बाद में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 भी जोड़ दी गई। अभियुक्त संगम का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें पूर्व में दर्ज तीन संगीन मामले शामिल हैं–पॉक्सो एक्ट, मारपीट, धमकी व छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोपों के तहत। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल अधिकारी- उ0नि0 संदीप चौधरी, उ0नि0 रमेश यादव, कां0 दीपू कुमार, कां0 रूद्र सिंह, कां0 सुरेन्द्र रावत, उ0नि0 घनश्याम उपाध्याय, हे0कां0 पारस कुमार पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### ओबरा बीटीपीएस स्विच यार्ड में भीषण आग, आसमान में छाया काले धुएं का गुबार



**स्वतंत्र प्रभात**

**ओबरा, सोनभद्र।** आज सुबह लगभग 6:30 बजे ओबरा "बी" पावर प्लांट के स्विच यार्ड नंबर 01 में भीषण आग लग गई। आग की लपटें और काले धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काले धुएं ने आसमान को ढक लिया, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो बादलों का रंग काला पड़ गया हो।जानकारी के अनुसार, स्विच यार्ड में लगे दो इंटरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर ( ICT ) आग की चपेट में आ गए। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि किसी तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ओबरा बीटीपीएस के स्विच यार्ड में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं, जिससे पावर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।स्विच यार्ड पावर प्लांट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, और यहां आग लगने से बिजली उत्पादन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों और पावर प्लांट कर्मचारियों के बीच इस घटना को लेकर बड़ी आशंका जताई जा रही है। यदि आग पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है और अन्य उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे एक बड़ी दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।घटना की सूचना मिलते ही पावर प्लांट के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। हालांकि, ट्रांसफार्मर में लगी आग काफी भीषण है, जिसके कारण फायर कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।इस घटना के बाद पावर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और आग लगने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि बार-बार इस तरह की घटनाएं होना लापरवाही का नतीजा है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।फिलहाल, फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी है, और स्थिति नियंत्रण में आने के बाद ही नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा। इस घटना से ओबरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका है।

# पर्यटन विभाग ने शिव पार्वती अमर गुफा को संवारा, पर रास्ते बदहाल



**स्वतंत्र प्रभात**

**सोनभद्र।** जनपद के रमणीय दुबरा घाटी में स्थित डाला शिव पहाड़ी अमर गुफा मंदिर का पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद मंदिर की सुंदरता और आकर्षण में निस्संदेह वृद्धि हुई है। इस प्राचीन धार्मिक स्थल की नक्काशी और रंगाई-पुताई से एक नया रूप सामने आया है, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। हालांकि, इस सराहनीय प्रयास के बावजूद, मंदिर तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग आज भी अपनी जर्जर अवस्था में है। रास्ते पर बने गहरे और खतरनाक गड्ढे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी बाधा बने हुए हैं, जिससे आवागमन अत्यंत कठिन और जोखिम भरा हो गया है।स्थानीय निवासियों और मंदिर में नियमित रूप से दर्शन करने वाले भक्तों ने इस गंभीर समस्या के प्रति अपनी गहरी निराशा और चिंता व्यक्त की है। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को इन जानलेवा गड्ढों से भरे रास्ते पर चलने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण यात्रा में अनावश्यक समय लगता है और ईंधन की भी अधिक खपत होती है।यह एक विडंबना ही है कि एक ओर मंदिर के सौंदर्य को निखारने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए, वहीं दूसरी ओर मंदिर तक पहुंचने की जो सबसे बुनियादी आवश्यकता है, यानी एक सुगम और सुरक्षित सड़क, उस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया है। यह स्थिति पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करती है और इस महत्वपूर्ण पहलू के प्रति उनकी उदासीनता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।हर हर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप ने इस ज्वलंत मुद्दे पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सोनभद्र के जिलाधिकारी महोदय और जिले के सम्मानीय जनप्रतिनिधियों से बार-बार विनम्र अनुरोध किया है कि वे इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लें। उन्होंने पुरजोर मांग की है कि मंदिर तक जाने वाले एकमात्र मार्ग की तत्काल मरम्मत और उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन सुरक्षित, सुगम और आरामदायक हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों तक पहुंचने के लिए अच्छी बुनियादी ढांचे का होना न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर हर महादेव सेवा समिति और स्थानीय समुदाय को उम्मीद है कि इस जनहितकारी और अत्यावश्यक मुद्दे पर प्रशासन जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करेगा और डाला शिव पहाड़ी अमर गुफा दुबरा घाटी मंदिर तक पहुंचने का जर्जर रास्ता शीघ्र ही दुरुस्त किया जाएगा, ताकि सौंदर्यीकरण का वास्तविक लाभ सभी को मिल सके।

# डीएम नेहा शर्मा का एक्शन मोड- 10 दिन में पूरा हो वेंडिंग जोन का काम

**● टाउन वेंडिंग कमेटी की निगरानी में होगा दुकानों का आवंटन**

**हर दुकानदार से देना होगा शपथ पत्र, सिर्फ आवंटित स्थल पर ही लगाएंगे ठेला या दुकान**



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोण्डा–** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वेंडिंग जोन निर्माण कार्यो की धीमी गति पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गोण्डा नगर के तीनों वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य अगले 10 दिनों में हर हाल में पूर्ण कराया जाए, ताकि पात्र दुकानदारों को व्यवस्थित ढंग से दुकानें आवंटित की जा सकें।डीएम नेहा शर्मा द्वारा शहर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त बनाने एवं पटरी दुकानदारों को सम्मानजनक और स्थायी व्यापार स्थल उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की है।दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ( NULM ) के तहत गोण्डा नगर क्षेत्र में तीन मॉडल वेंडिंग जोन के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिन्हें नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराज़गी जताते हुए संबंधित फर्म को पहले ही नोटिस जारी किया है। वहीं, गुरुवार को निर्देश जारी कर कार्य पूर्ण करने की समयसीमा भी निर्धारित कर दी गई है। डीएम ने कहा है कि अवशेष कार्य 10 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य पूर्ण होने के बाद टाउन वेंडिंग कमेटी की निगरानी में पारदर्शी रूप से दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

वेंडिंग जोन का विवरण इस प्रकार है- पहला जोन- सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक, दूसरा जोन- गांधीपार्क के मेन गेट से एलबीएस चौराहे की ओर, तीसरा जोन- नेकी की दीवार से जीआईसी गेट तक, बहराइच रोड परजिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि हर दुकानदार से एक अंडरटेकिंग ली जाए, जिसमें यह शपथ हो कि वह केवल आवंटित स्थल पर ही व्यापार करेगा। अन्यत्र ठेला या दुकान लगाने पर अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।यह योजना न केवल स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्थायित्व देगी, बल्कि बाजारों में अतिक्रमण कम कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी।डीएम नेहा शर्मा की इस सक्रियता से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन शहरी व्यवस्था में सुधार और गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# संक्षिप्त खबरें

## सर्विलांस सेल व थाना तिलहर पुलिस ने 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर -** पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण राजकुमार पुत्र जगदीश महतो , विनोद कुमार दांगी पुत्र स्व रामसेवक महतो निवासीगण ग्राम गिधौर थाना गिधौर जनपद चतरा, झारखण्ड को क्रमशः 1.213 किलोग्राम व 1.310 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ रेलवे पुल बंथरा के नीचे निकट रेलवे लाईन के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध मे थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 207/25 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगणों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## निघासन को बाढ़ से राहत मिलने की उम्मीद, सीएम से मिले राजेश्वर

**संसू, जागरण लखीमपुर -** हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने वाले निघासन क्षेत्र को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। सोमवार को भाजपा के प्रदेश संयोजक राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या को उनके समक्ष रखा।राजा राजेश्वर सिंह ने घाघी नाले की सफाई, उसकी चौड़ाई गहराई को मानकों के अनुरूप कराने, मंडप फार्म के निकट पटान से बंद हुए नाले को खुलवाने और ग्राम सभा मदनापुर मेंघाघी नाले की सफाई रिसाव बंद कराने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते निघासन के राजेश्वर सिंह स्वयं रिसाव बंद कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने समस्या को गंभीर मानते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिया है। इससे पूर्व राजा साहब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, प्रमुख सचिव जल संसाधन अनिल गर्ग औरसिचाई विभाग अध्यक्ष अखिलेश सचान से भी इस संबंध में वार्ता की थी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी है कि 15 मई के बाद घाघी नाले की मरम्मत व सफाई का कार्य प्रारंभ होगा।

## बिसवां- 36 घंटे से बिजली गुल, ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव



**बिसवां, सीतापुर-** बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। बिसवां देहात क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और बिजली बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले 36 घंटे से बिजली गुल है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण घरों में पानी की किल्लत, रात में अंधेरा, बच्चों की पढ़ाई में बाधा और भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या केवल एक गांव की नहीं बल्कि दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। इस दौरान मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों से बात की और समस्या का कारण संविदा कर्मियों की हड़ताल बताया। उन्होंने कहा, «संविदा कर्मियों की हड़ताल के चलते फॉल्ट ठीक नहीं हो पा रहा है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। विभाग पूरी कोशिश कर रहा है कि जल्द से जल्द बिजली बहाल की जाए।» ग्रामीणों ने अभियंता से बिजली आपूर्ति तत्काल शुरू करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या जल्द हल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## रेड अलर्ट के बीच रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल, जीआरपी और आरपीएफ ने मिलकर बताए बचाव के तरीके, सर्कुलेटिंग एरिया में गश्त



**सीतापुर -** उत्तर प्रदेश में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई के बाद रेड अलर्ट जारी किया गया है इसके चलते राज्य के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है सीतापुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में स्थानीय पुलिस बल और आरपीएफ के जवान शामिल रहे सुरक्षा बलों ने स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया में गश्त की टीम ने यात्रियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के तरीके बताए इसके साथ ही उन्हें सुरक्षा के जरूरी उपाय भी समझाए। मॉक ड्रिल में जीआरपी की ओर से उप निरीक्षक सुखनंदन सिंह और उनकी टीम मौजूद रही आरपीएफ से एसआई कमलेश यादव और एसआई भूपेंद्रपाल गुर्जर सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए इस दौरान स्टेशन परिसर में यात्रियों और कर्मचारियों की चेकिंग भी की गई।!

# आपरेशन सिंदूर की कामयाबी से उत्साहित पूर्व सैनिकों ने अशोक चौराहे पर मनाई खुशी

**●यह देश है वीर जवानो का, अलबेलों का मस्तानों का इस देश का यारों क्या कहना बजाई धुन**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के अशोक चौराहे के पास सेल्फी पॉइंट पर गोला क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों से धर्म पूंछकर क्रूरतापूर्ण तरह से हत्या करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को सेना द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए तीनों सेनाओं के ज्वाइंट ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान सीमा के अंदर घुसकर वायुसेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक में नौ ठिकानों को निशाने पर लेकर तबाह कर दिया गया।इस कार्यवाही में करीब 90 से अधिक आतंकी व उनके करीबियों को मार गिराया गया जिससे आतंकियों व उनको संरक्षण देने वालो को भारतीय सेना ने अपना कड़ा संदेश व रुख स्पष्ट कर दिया। भारतीय सेना की इस कार्यवाही से आतंकी व पाकिस्तान में दहशत का माहौल बना हुआ है, पाकिस्तान की सरकार ने कई स्थानों पर इमरजेंसी की घोषणा कर रखी है।भारतीय वीर सपूतों के शौर्य को देख , बब्बर शेरों की भी भुजाएं मचलने लगीं भारतीय वायुसेना की इस साहसिक कार्यवाही से पूरे देश में खुशी मनाई जा रही है,सभी नागरिक व राजनैतिक दलों ने सेना के पराक्रम को तरह तरह से साझा कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बुधवार को गोला क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने नगर के मुख्य चौराहे के निकट बने सेल्फी पॉइंट पर एकत्र होकर भारत माता की जय के नारे लगाए,साथ ही भारतीय सेना के पराक्रम पर खुशी जताई, वहीं आतंकवाद को संरक्षण देने वालो को ललकारते हुए चेतावनी दी कि भारत देश की



अमन-चैन में जो विष घोलने का कार्य करेगा बुरी नजर से देखेगा उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। देश की सेना देश की खातिर कुछ भी करने को तैयार है।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के अलावा समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिकों व नगर के व्यापारियों ने भी भारतीय सेना की वीरता पर खुशी जताई।और सेना वो सरकार को पूरा समर्थन देते हुए आतंक का खात्मा करने की हुंकार भरी कहा यदि जरूरत पड़ी तो जंग के मैदान में उतरकर देश की खातिर युद्ध लड़ेंगे।

इस मौके पर खगेश्वर प्रसाद वर्मा, हरपाल सिंह, सूबेदार मेजर रामेश्वर सिंह ,अनिल कुमार गुप्ता,कुतुबुद्दीन, नायक विमलेश कुमार वर्मा, रामपाल वर्मा सूबेदार मेजर राजेश्वर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में रिटायर्ड फौजी व आम नागरिक मौजूद रहे।

# सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

**●65 वर्षीय जुगेंद्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**6 मई की बीती रात्रि शादी समारोह के दौरान हवसी ने घटना को दिया था अंजाम**



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर -**जनपद में 6 मई की बीती रात्रि शादी समारोह के दौरान रात्रि में अचानक घर से गायब हुई थाना मदनापुर क्षेत्र के एक गांव की 7 वर्षीय लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जो खुलासा किया है वह चौका देने वाला है इस मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला और कोई नहीं गांव का ही 65 वर्षीय जुगेंद्र निकला जो बच्ची को गांव से बाहर उठा ले गया था और फिर उसके साथ घिनौना काम किया पूरी घटना 6 मई की है जब थाना मदनापुर क्षेत्र के एक गांव में परिवार के अंदर शादी समारोह की रस्में अदा हो रही थी तो वहीं दूसरी तरफ रात में ही अचानक 7 वर्षीय बच्ची गायब हो गई , और जब परिवार वालों ने उसकी खोजबीन की तो बच्ची नग्न अवस्था में बेहोशी हालत में गांव के बाहर पाई गई जिसकी सूचना जब पुलिस को लगी तो पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित पूरा पुलिस महकमा वहां पहुंच गया और इस मामले के खुलासे को लेकर कई टीमें गठित की गई और पुलिस की सक्रियता के चलते गुरुवार को मामले का खुलासा कर दिया गया इस मामले में पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर के आधार पर थाना मदनापुर में धारा 65 (2) BNS व 5 (M )6 पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था अब जुगेंद्र को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है

# दर्दनाक सड़क हादसे में 2 की मौत व 2 गम्भीर घायल

**●मदद में तत्काल पहुंची सेवा का जुनून की टीम, ग्रामीणों संग मिलकर की मदद**





स्वतंत्र प्रभात

**जंगबहादुरगंज खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के सुनोवा गांव के गन्ना सेंटर के पास अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढें में टकराते हुए नीचे पलटी एक अर्टिका कार, हादसे में मौके पर एक की दर्दनाक मौत, व एक अन्य की हॉस्पिटल इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते मे हुई मौत, वही 2 अन्य गम्भीर रूप से हुए घायल, सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची सेवा का जुनून की टीम, घायलों को टीम द्वारा दिया गया फ्री प्राथमिक उपचार, जिसके बाद टीम द्वारा एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया गया, और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से अग्रिम इलाज हेतु सीएचसी पसगवां भेजा गया, जिसके बाद सूचना पर पहुंची उचौलिया पुलिस छानबीन में जुटी, हादसे का कारण व अन्य मदद में जुटी, घटना में मृतक राजेन्द्र सिंह निवासी गुजरात, वही घायलो में नीतीश पुत्र चंद्रशेखर निवासी पिपादरा जीआईडीसी, जनपद सूरत, गुजरात, राजीव सिंह पुत्र राम राज सिंह कंधरापुर, थाना मंझिला जनपद हरदोई, सूरज सिंह पुत्र शिवराज सिंह, निवासी कंधरापुर, थाना मंझिला जनपद हरदोई, चारो अर्टिका कार में सवार थे।

## भैंस चराने गए बच्चे की नदी में डूबकर मौत



**शाहजहांपुर -**थाना सिंधौली क्षेत्र के नियामतपुर गांव में नदी के किनारे भैंस चराने गए एक 11 वर्षीय युवक की नदी में डूब कर मौत हो गई जो कक्षा 5 का छात्र था नियामतपुर गांव के रंजीत का पुत्र कनिष्ठ बुधवार को भैंस चराने गया था जहां भैंस नदी के तरफ भागी तो कनिष्ठ ने भैंस को रोकने का प्रयास किया और इसी दौरान कनिष्ठ का पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरा जिसकी सूचना देखने वालों ने गांव में दी और आनन-फानन में सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर उसे ढूंढने का प्रयास किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका गुरुवार को सुबह गोताखोरों ने बच्चे का शव बरामद किया है जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

# जज के पेशकार सहित तीन लोगों से साइबर ठगी

**●शाहजहांपुर साईबर क्राइम पुलिस ने वापस कराई रकम**




स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर-** जनपद में जज के पेशकार समेत तीन लोगों के साथ 97 हजार रुपये की आनलाइन धोखाधड़ी की गई। अकाउंट से पैसा निकलने पर ठगी की जानकारी हुई।पेशकार ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई तो वही अन्य दो पीड़ितों ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी।साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने बैंकों की डिटेल निकलवाकर तीनों की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराई।ठगे गए रुपयों को वापस पाकर सभी ने पुलिस का आभार जताया है । शाहजहांपुर में सिविल जज के पेशकार राजकुमार मिश्र ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई।कॉलर ने एचडीएफसी टापा रूपे क्रेडिट कार्ड की लिमिट सेट करने का झांसा दिया।उसके कुछ देर बाद उनके अकाउंट से 48 हजार 804 रुपये ठग ने धोखाधड़ी कर निकाल लिए। अकाउंट से रुपये कटने पर ठगी की जानकारी हुई।वहीं सदर बाजार के चिनौर के रहने वाले अंकुर ने आनलाइन शापिंग कर कुछ सामान एक व्यक्ति से मंगाया था।सामान का 14 हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर कर दिया था।व्यक्ति ने न सामान दिया और न ही रुपये वापस किए।तीसरा प्रकरण रोजा थाना क्षेत्र का है।चर्च कालोनी के रहने वाले सुशील कुमार के नंबर पर किसी ने एक लिंक भेजा।उस पर क्लिक करते ही मोबाइल हैंग हो गया। जिसकी वजह से ओटीपी शेयर हो गए।उसके बाद क्रेडिट कार्ड से 34 हजार 999 रुपये ठग ने निकाल लिए।पुलिस ने शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की और संबंधित बैंकों से संपर्क किया गया।जिसके बाद पुलिस ने तीनो पीड़ितों से ठगी गई रकम शतप्रतिशत धनराशि प्राप्त कर उनको वापस कर दी गई।

# पाकिस्तान में 9 जगहों पर भारत की एयर स्ट्राइक, आतंक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च, फौजी अरविंद मिश्र

**●हमारे सेना के साथियों ने पाकिस्तान को दिया करारा जबाब, अरविंद मिश्र**



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलीगंज निवासी जो कि विगत वर्ष 2018 मे जम्मू कश्मीर के श्रीनगर से सेना के गुफिया विभाग (इंटीलजेन्स आर्मी) से सेवा निवृत्त होकर आये फौजी अरविंद ने विति 6 मई की रात भारतीय सेना की शौर्य गाथा गाते हुये बता रहे है कि हमारे देश की सेना की बहादुरी की चर्चा पूरे विश्व मे हो रही है क्यो कि हमारी सेना पाकिस्तान से जल, थल, वायु, से युद्ध लडने मे माहिर है। वगत 22 अपैल को श्रीनगर के पहलगांव मे पाकिस्तान से आये हुये आतंकवादियों ने हमारे देश के बेकसूर लोगो का खून बहाया था।जिसके पश्चात सेना को भारत सरकार ने खुली छूट दे दी थी। लेकिन हमारे साथी सेना के जवान व उच्च अधिकारी गण सही मौके की तलाश मे थे। उनको मौका मिलते ही पाकिस्तान की कमर तोड दी। इस दौरान फौजी अरविंद मिश्र ने बताया कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को रात डेढ़ बजे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की. इस हमले को %ऑपरेशन सिंदूर% का नाम दिया गया है. ये तीनों सेनाओं का जॉइंट ऑपरेशन था. भारत की पराक्रमी सेनाओं ने पाकिस्तान के 4 और पीओके के 5 ठिकानों को टारगेट किया है. भारतीय खुफिया एजेंसी रूने सभी टारगेट की पहचान की थी, जिसके बाद पूरी प्लानिंग के साथ लश्कर और जैश के ठिकानों पर हमला किया गया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच मवेशी सहित घर का सारा सामान राख



**लखीमपुर खीरी।** मामला थाना शारदा नगर के अंतर्गत ग्राम सभा बड़ागांव का है। जहां पर बीती रात कय्यूम खान असलम खान के यहां करीब 2:00 बजे अज्ञात कारण से आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। जिसमें पांच बकरियां सहित घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूत्रों बताते है कि 15 दिन बाद लड़की की शादी है। जिसमें शादी का रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। अब कैसे हो पायेगी शादी परिवार इसी चिंता मे डूबा हुआ सरकार की तरफ आशा भरी निगाह से सहायता की आस लगाए है। देखना है कि सरकार की तरफ से क्या सहायता मिलती है।

## पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक को लेकर टीम डॉक्टर कौशल ने सनशाइन हॉस्पिटल पर मनाया जश्न



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की धर्म देखकर हत्या करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा एवं उनकी टीम एवं भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जश्न मनाया और खुशी जाहिर की है। डॉक्टर कौशल वर्मा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व आम जनता का हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए, पाकिस्तान पर वार किया है। कहा कि आतंकवादियों की यह कायरतापूर्ण कार्य की जितनी निंदा की जाए कम ही है। इस मौके पर राम कृष्ण गुप्ता, आदेश मिश्रा, अभिषेक वर्मा, एड आनंद अर्कवंशी, सुमित पाण्डे, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह, अविनाश गुप्ता, ओमप्रकाश वर्मा, राजीव दीक्षित, सचिन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## विधायक सदर ने 34 ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित व 10 लाभार्थियों को दोना मेकिंग मशीन का किया वितरण



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड प्रतापगढ़ द्वारा विभाग में संचालित रोजगारपरक योजनाओं के अन्तर्गत इकाईओं की स्थापना में अत्यधिक सहयोग करने वाली प्रत्येक विकास खण्ड के दो-दो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को पुरस्कार स्वरूप धनराशि का चेक, अंगवस्त्रम् एवं प्रमाण पत्र देकर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आलोक गर्ग नगर अध्यक्ष भाजपा रहे। इस अवसर पर पुरस्कार पाने वाले ग्राम प्रधानों में मीना, कंचन देवी, केतकी सिंह, भइयालाल बिंद, मुकेश सिंह. उदयराज, बेबी उजमां, माजिदअली, रमेशचन्द्र, अमितचन्द्र शुक्ला, कुंवर बहादुर आदि सहित कुल 34 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत आनन्द कुमार मुसहर, सत्येन्द्र कुमार, सतीश चन्द्र पाण्डेय, अनिल कुमार सरोज, सुजीत कुमार, आशुतोष कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, कसान गौतम, हरिश्चन्द्र एवं अशोक कुमार सहित कुल 10 लाभार्थियों को दोना मेकिंग मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन रहेन्द्र कुमार शुक्ला सहायक विकास अधिकारी एवं अध्यक्षता नन्दलाल पटेल जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीन मौर्य प्रतिनिधि विधायक सदर सहित रीना राव, राम अजीत पटेल, श्याम बहादुर यादव, रमेश द्विवेदी, सिद्धान्त मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# किसी भी अप्रिय घटना घटित करने के फिराक में है दबंग

**●मिश्राना चौकी पुलिस की संलिप्तता से विपक्षियों के हौसले बुलंद पीड़िता की जान जोखिम में**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** कहते हैं भाई से बड़ा कोई दोस्त नहीं होता और भाई से बड़ा कोई दुश्मन नहीं होता, ऐसा ही मामला है जहां एक भाई लापता है दूसरा भाई ,भाई के खून का प्यासा भतिजे तो मौके की तलाश में, उनके द्वारा कब खून के रिश्ते को तार तार कर दिया जाए ,पुत्र की बेबसी देवर के पुत्रों के आतंक से आहत गढ़ी रोड मोहल्ला शिवपुरी शहर लखीमपुर थाना कोतवाली सदर लखीमपुर जिला खीरी की रहने वाली पीड़िता सुधा देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया है पड़ोस में रहने वाले देवर प्रदीप कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय शिव प्रसाद मिश्रा व उसके पुत्र शिवम उर्फ धरणीधर,लालता मिश्रा, जो काफी हेकड़, सर्कस क्रिस्म के अपराधी व दबंग किस्म के व्यक्ति है जो कई तरह के अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है जो कि चोरी, पास्को व कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है, लोगों को डराता-धमकाना उक्त लोगों की दिनचर्या में शामिल है पुलिस में सेटिंग गेटिंग के खेल से विपक्षियों के हौसले बुलंद है उत्पाद मचाने के बाद मामला परिवारिक कह अपने को बचाने वाले विपक्षियों को पुलिस का लगातार समर्थन मिल रहा है।जो पीड़िता के घर में घुसकर आए दिन वाद विवाद करते है। पीड़िता बूढ़ी महिला है तथा हृदय रोग व अन्य गम्भीर बीमारियों से ग्रसित है और पीड़िता का पुत्र गजेन्द्र मिश्रा जो कि अधिवक्ता है। जिससे शराबी बनने शराब मंगाने का काम देवरानी करती थी, जो कि शराब के सेवन की आदी है उसने पीड़िता के पुत्र को शराबी बना कर पीड़िता के जीवन में जहर घोलने का काम किया है उन लोगों का विरोध करने पर काफी तनाव हो जाता है और वे लोग मारपीट करने लगते है जिसके वीडियो साक्ष्य है, पीड़िता को आशंका है विपक्षी द्वारा किसी अनहोनी कर देने के भय के कारण काफी परेशान रहती है घटना दिनांक 10. अप्रैल.2025 को दिन के करीब 1:00 बजे विपक्षीगण व पीड़िता के पुत्र के बीच आपसी कहासुनी हुई तथा विपक्षीगण ने दो दिन के अन्दर पीड़िता के पुत्र को जान से मार देने तथा पीड़िता व उसके परिवार को मोहल्ले से उजाड़ देने की धमकी दी जिस कारण काफी आहत है तथा उक्त लोगों द्वारा पीड़िता के मकान को गिरा देने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता विपक्षीगण व अपने पुत्र गजेन्द्र मिश्रा से काफी आहत है तथा परेशान रहती है। विपक्षीगण व प्रार्थिनी के पुत्र में जब भी वाद विवाद होता है। तो पीड़िता को व उसके पुत्र को चोटिल किया जाता विपक्षी धरनीधर लगातार अराजक तत्वों को घर पर बुला कर कोई न कोई षड्यंत्र रच रहा है जिसको मिश्राना पुलिस का खुला समर्थन मिल रहा है विपक्षियों की गतिविधियों से पीड़िता काफी भयभीत है किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने ऊंचाडीह में रोका बाल विवाह

स्वतंत्र प्रभात

**मानिकपुर, चित्रकूट-** विकासखंड क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव में चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों ने पुलिस की मदद से बुधवार को होने जा रहे बाल विवाह को रुकवा दिया। इस दौरान बाल कल्याण समिति की ओर से माता-पिता व किशोरी को तलब किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि मानिकपुर थाना के उप निरीक्षक प्रखर सिंह ने फोन पर उनको सूचित किया कि ऊंचाडीह गांव में एक 15 वर्षीय बालिका का बाल विवाह कराया जा रहा है। इस सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी, महिला सुपरवाइजर दीपा शुक्ला एवं रेलवे सुपरवाइजर दीपक रैकवार पुलिस को साथ लेकर गांव पहुंचे और बाल विवाह रुकवाया। साथ ही टीम ने बालिका तथा उसके परिजनों की काउंसलिंग की। साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत होने वाली सजा तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। बाद में बालिका के परिजनों द्वारा शपथ पत्र भरवाया गया। जिसके बाद बालिका के परिजनों ने विवाह को बालिका के बालिग होने तक रोक दिया। इस दौरान बाल कल्याण समिति की ओर से किशोरी व उसके माता-पिता को तलब किया गया है। समिति के अध्यक्ष के निर्देश पर बालिका को वन स्टॉप सेंटर में आवासित कराया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार



**नाबालिग अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद**

थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत वादिनी की नाबालिग पुत्री उम्र16 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चले जाने के संबंध में दिनांक 07.05.2025 को सूचना दी गई। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-105/2025 धारा-137(2),87 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत अपहृता/ पीड़िता की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा बरामदगी का प्रयास करते हुए आज दिनांक-08.05.2025 को नाबालिग अपहृता/ पीड़िता को सकुशल बरामद किया है तथा उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त दीपक धईकार उर्फ बबलू पुत्र लालचंद धईकार उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

### सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा 13 मई को



**मिर्जापुर।** भारतीय सैनिकों के सम्मान में मिर्जापुर के पत्रकारों ने 'तिरंगा यात्रा 'निकालने का निर्णय लिया गया है। इस संबन्ध में पत्रकारों की एक बैठक सुन्दरघाट स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई जिसमें 13 मई को पूर्वाह्न 10 बजे नगर के शहीद उद्यान से बाजे गाजे के साथ यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में तय किया गया कि रैली में समस्त राजनीतिक दलों, स्वयंसेवी संगठनों, चिकित्सक, शिक्षक, व्यापारिक एवं अधिवक्ता संगठनों से सम्पर्क कर उनसे सेना के जवानों के सम्मान में यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया जाएगा। बैठक में सलिल पाण्डेय, रोहित गुरु त्रिपाठी, मंगलापति द्विवेदी, गुड्डू खान, गुफ़रान अहमद, रवींद्र कुमार जायसवाल, मोहित गुप्ता, चक्रम द्विवेदी एवं सच्चिदानन्द यादव आदि शामिल थे।

### सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो का किया विदाई

**सीखड़ , मीरजापुर ।** वृहस्पतिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय सीखड़ पर सीडीपीओ धनदेई देवी द्वारा 30 अप्रैल को 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई कार्यकत्रियों का भाव भिनी विदाई किया। वहीं सीडीपीओ ने बताया कि सेवा निवृत्त हुई पांच आंगनबाड़ी केंद्रों का चार्ज कार्य करने में सक्षम कार्यकत्री/ सहायिका को दिया जाता है उक्त के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर सेकंड का चार्ज लालपुर प्रथम की कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय को दिया गया, रूदौली प्रथम का चार्ज सहायिका माधुरी देवी को दिया गया, मगरहा सेकेंड का चार्ज आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा देवी को दिया गया,डोमनपुर थर्ड का चार्ज आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकुंतला देवी को दिया गया सभी लोगों को समय से केन्द्र पर उपस्थित होकर केन्द्र संचालित करना अन्य विभागीय कार्य पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया। उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री समीता देवी, लालमनि देवी पुष्पा देवी, माधुरी,शकुंतला, शान्ति देवी देवी बड़े बाबू संजीव कुमार मोटवानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 15 मई तक होगा सर्वेक्षण

**चित्रकूट-** परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के तहत ग्राम पंचायतों में निवास कर रहे आवास विहीन पात्र लाभार्थियों का आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह से 30 अप्रैल 2025 तक किया जाना था। जिसे बढ़ाकर 15 मई 2025 तक कर दिया गया है। जिसके तहत मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों मे सर्वेक्षण कर रहे समस्त सर्वेक्षण कर्मियों को निर्देशित किया है कि आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 का कार्य 15 मई तक पूर्ण करते हुए पात्र लाभार्थियों का चयन करें। निर्देशित किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी सर्वेक्षण से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा सर्वेक्षण कार्य सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित समय-सीमा के अन्दर पूर्ण करें।

# मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण

**● चोरी की 02 मोटरसाइकिल के साथ 04 वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे**

**बरामदशुदा 01 मोटरसाइकिल को रात्रि में थाना ऊंज अंतर्गत ग्राम मीनापुर में बारात से किया गया था चोरी**

**चोरी की दोनों मोटरसाइकिलों के पार्ट्स आपस में बदलकर वाहनों का कर रहे थे इस्तेमाल**



स्वतंत्र प्रभात

दिनांक-03.05.2025 को सायं वादी श्री चंद्रभान बिन्द पुत्र राम सजीवन बिन्द निवासी ग्राम बवई थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा थाना ऊंज पर सूचना दिया गया कि ग्राम मीनापुर में बारात के दौरान उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-56/2025 धारा-303(2) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक-07/08.05.2025 की रात्रि में थाना ऊंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम चकप्रेमगिरी के पास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान 04 वाहन चोरों को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित चोरी की 01 मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस व 01 अन्य जगह से चोरी की हीरो होंडा स्प्लेंडरबरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को उनके द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मीनापुर में आई बारात से चोरी किया गया है। चोरी करने के बाद इस मोटरसाइकिल का कुछ पार्ट जैसे-टंकी, साइड पैनल, टूल बॉक्स व नंबर प्लेट व अन्य जगह से चोरी की गई हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से बदल दिया गया था जिससे गाड़ी पहचान में नहीं आ सके।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए बरामदगी के संबंध में पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2), 318(4)बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

अभियुक्तों का नाम व पता- 1.श्यामचन्द्र बिन्द उर्फ गोरेलाल पुत्र चन्द्रबली निवासी ग्राम कान्तिपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष, 2.आकाश बिन्द पुत्र फुलगेन निवासी ग्राम बीरमपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष , 3.शुभम् शर्मा पुत्र कन्हैयालाल शर्मा निवासी सहसीपुर बयांव थाना ऊँज जनपद भदोही उम्र करीब 27 वर्ष , 4.बब्लू बिन्द पुत्र सूर्यभान बिन्द निवासी ग्राम बीरमपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 20वर्ष।

# छात्रों व गुरुजनों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी




स्वतंत्र प्रभात

पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में यातायात जागरूकता के दृष्टिगत विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है, इसी क्रम में आज दिनांक-08.05.2025 को यातायात प्रभारी अनील सिंह द्वारा रामदेव पीजी में आयोजित युवाओं में साइबर जागरूकता कार्यक्रम में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अनिल सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं व गुरुजनों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात के प्रति जागरूक करना था। जिसमें सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए युवाओ, छात्रों को यातायात नियमों जैसे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने,सिग्नल्स का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के बारे में विस्तार से बताया गया। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और पैदल चलते समय सावधानी बरतने जैसे नियमों पर विशेष ध्यान दिलाया गया।

## जनपद न्यायाधीश ने 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे एवं अपर जिला जज/नोडल निवेदिता अस्थाना, अपर जिला जज/सचिव तरूणिमा पाण्डेय, समस्त न्यायिक अधिकारीगण व यातायात प्रभारी द्वारा 10 मई 2025 शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों, वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक



संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी निवेदिता अस्थाना ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, सभी तहसीलदार न्यायालय, चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय, श्रम आयुक्त विभाग, नगर पालिका विभाग, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगेशन सुलह योग्य मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए उन्हें निर्देशित किया गया है। अपर जिला जज/सचिव तरूणिमा पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामलें, चेक बाउंस से सम्बन्धित, बिजली से सम्बन्धित आदि वादो का निस्तारण किए जायेगें।

## सहज योग पर विशेष व्याख्यान आयोजित



**चुनार, मिर्जापुर।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में गुरुवार को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम (योग सप्ताह)के चौथे दिन दो सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ चंदन साहू ने सहज योग के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने कुण्डलिनी जागृति के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। द्वितीय सत्र में डॉ अमृत कला उपाध्याय ने अपने सहयोगी अनिल के सहयोग से योगाभ्यास कराया एवं उनके लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम का समन्वयन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी अरविन्द कुमार ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ चंदन साहू एवं डॉ कुसुमलता रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं, कर्मचारीसहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सतत आर्थिक विकास के लिए कृषि क्षेत्र एवं स्वयं सहायता समूहों को मिले बढ़ावा-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** -भदोही ज़िले की अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी ) मुसींलाटपुर भदोही में एग्री राइज आउटरीच कैम्प का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि ज़िलाधिकारी भदोही शैलेश कुमार द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण हेतु यूबीआई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं ऋण प्रवाह सभी जरूरतमंदों तक सुगमता से उपलब्ध हो इस पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि एवं कृषि उत्पाद अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन है और इसके निरंतर वृद्धि से ही सतत आर्थिक विकास संभव है, साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों को भी वित्तीय सहायता प्रदान करने पर बल दिया।

उप कृषि निदेशक डॉ अश्विनी कुमार सिंह ने सरकार द्वारा प्रायोजित रोज़गार परक योजनाओं में एवं कृषि ऋण आवेदन को त्वरित निष्पादन



हेतु बैंकों से अपील की । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख नीरज कुमार ओझा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बैंक कर्मियों को ग्राहक सेवा को और बेहतर करने एवं जिले के आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने हेतु निर्देशित किया। शासन द्वारा सरकारी योजनाओं में बैंक को प्रदत्त लक्ष्यों की पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया । वरिष्ठ प्रबंधक राकेश कुमार ने एग्री राइज आउटरिच कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपायुक्त एनआरएलएम अनुराग राय, डीडीएम नाबार्ड राम अवध यादव, मुख्य प्रबंधक अभिषेक कुमार, संतोष चौबे, रोहित नारायण सिंह सहित सभी बैंक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया । इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा प्रायोजित सीएम युवा उद्यमी योजना पर भी विशेष रूप से अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से आच्छादित करने पर बल दिया गया। साथ ही एसएचजी सीसीएल, मुद्रा योजना,इत्यादि के अंतर्गत भी आवेदकों को लाभान्वित किया गया। उक्त योजनाओं के अंतर्गत कुल 150 लाभार्थियों को लगभग रू 04.50 करोड़ के ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए । कार्यक्रम का संचालन आरसेटी के वरिष्ठ प्रशिक्षण समन्वयक देवेंद्र दूबे ने किया और आरसेटी भदोही के निदेशक भारद्वाज उपाध्याय द्वारा धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद धूमधाम से मनायेगी महाराणा प्रताप जयन्ती-राम लखन सिंह

**● नगर के सदर मोड़ पर स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा महुली में वृद्धा आश्रम में फल वितरण का प्रस्ताव**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह ने बताया कि आज शुक्रवार को प्रातः 09 बजे महाराणा प्रताप की जयन्ती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है।इस सम्बन्ध में नगर के सदर तिराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। इसके अतिरिक्त महुली स्थित वृद्धा आश्रम में भी जयन्ती के अवसर पर वृद्धजनों को फल वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की जिला




संरक्षक एवं पूर्व प्रबन्धक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में नगर अध्यक्ष के आवास देवकली पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने परिषद के सभी पदाधिकारियों,सदस्यों तथा क्षत्रिय बन्धुओं से अनुरोध किया है कि वे शुक्रवार को प्रातः09 बजे सदर चौराहे पर उपस्थित रहकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह को सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। माल्यार्पण के उपरान्त नगर पालिका अध्यक्ष के सदर चौराहे पर स्थित आवास पर एक बैठक भी आयोजित की गयी है, जिसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक में नगर अध्यक्ष आरबी सिंह, महासचिव डीपी सिंह, पूर्व प्रबन्धक बड़ौदा ग्रामीण बैंक तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान करने वाले एवं टीबी मरीजों को गोद लेने वालो को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**● आपदा व शान्तिकाल में भी रेडक्रास सोसाईटी के कार्य मानवता के पक्ष में -जिलाधिकारी**

**जनपद की महिलाओं के चहुमुखी विकास एवं सशक्तिकरण हेतु रेडक्रास सोसाइटी बढ़ाये कदम-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही:-** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में महाराजा चेत सिंह चिकित्सालय ज्ञानपुर में रक्तदान शिविर एवं कलेक्टेड्ट



सभागार में संगोष्ठी आयोजित कर उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्तदान किया गया व कई अन्य लोगों द्वारा पंजीकरण कर रक्तदान अन्य दिनों में किया जायेगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस समारोह में संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि युद्ध और आपदा के समय रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें सेवा भावना से कार्य करना चाहिए। आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े समाज के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाना चाहिए, उनके उन्नयन के लिए रेड क्रॉस को आगे आना चाहिए। महिला सशक्तिकरण के लिए और प्रयास आवश्यक हैं। रेड क्रॉस शासन और जनता के बीच सेतु का काम कर रही है। जनपद में रेड क्रॉस द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं वे प्रशंसनीय हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक ने कहा कि रेड क्रॉस के कार्यों में चिकित्सा विभाग हर तरह से सहयोग प्रदान करता है। डॉ0 आर बी पाठक ने रेड क्रॉस भदोही द्वारा टी बी मरीजों की सेवा और उपलब्धि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सचिव भारतेन्दु द्विवेदी ने रेड क्रॉस भदोही की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। डॉक्टर केपी मिश्रा ने रेड क्रॉस की स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने टी बी मरीजों को रेड क्रॉस की ओर से गोद लेने वाले 20 सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और रक्तदान करने वाले सदस्यों को सम्मान पत्र प्रदान किया। कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डॉक्टर भारतेन्दु द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर डॉक्टर ओ पी शुक्ला, डॉक्टर पंकज कुमार, डॉक्टर रितेश भुवन पाठक, पुनीत मेहरा, अभिषेक बरनवाल, डॉक्टर केपी मिश्र, रमेश चंद्र त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, एम आई खान, आलोक कुमार गुप्ता, सौरभ जायसवाल, डॉक्टर आर एन सिंह, हरकिशन शुक्ला, महबूब खान, अब्दुल वाहिद अंसारी, डॉ माया त्रिपाठी, डॉक्टर जय त्रिपाठी, प्रभात रंजन अशोक गुप्ता, डॉक्टर सविता द्विवेदी, आर एस खान, हरिपूजन, डॉक्टर आकाश वर्मा जयप्रकाश ,आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ डॉ0 माया और डॉक्टर जया त्रिपाठी के वैदिक मंगलाचरण से आरंभ हुआ।

# जिला मण्डलीय चिकित्सालय के सभागार में थैलेसीमिया जागरूकता गोष्ठी आयोजित किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर ।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के बैनर तले जिला मण्डलीय चिकित्सालय के सभागार में थैलेसीमिया जागरूकता गोष्ठी आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता डॉ संजीव कुमार सिंह प्राचार्य मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज मीरजापुर , कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर एस के श्रीवास्तव प्रमुख अधीक्षक जिला मण्डलीय चिकित्सालय तथा कार्यक्रम के संयोजक कृष्णानंद हैहयवंशी विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारा संपन्न हुआ ।मंच का संचालन रामकुमार गुप्ता PRO ब्लड बैंक ने किया । विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानन्द ने बताया कि आज की इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस तक थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में बताना और इन मरीजों को कितना रक्त अपनी जीविका चलाने के लिए जरूरत पड़ती है जिसका सकारात्मक संदेश जनता तक पहुंचे और लोग गंभीरता से रक्तदान के प्रति आगे आए ट्रस्ट के साथ कुल 18 थैलेसीमिया मैरिज जुड़े हैं जिनकी उम्र 12 माह से लेकर 38 साल तक की है जिन्हें प्रत्येक 20 से 25 दिन के अंदर ब्लड चढ़ाया जाता है इनको अपनी जिंदगी आगे बढ़ाने के लिए पूरी लाइफ ब्लड की जरूरत पड़ती है । यह ब्लड स्वस्थ व्यक्ति जब स्वैच्छिक रक्तदान करता है तभी जाकर इनको समय पर मिल पाता है ।

कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे हैं प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिंह ने कहा कि हम निवेदन करते हैं की ज्यादा से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए संस्थाएं जनमानस लोगों को प्रेरित करें ताकि हम समय पर उन मरीजों के लिए सार्थक सिद्ध होते रहे जिन्हें इलाज के दरमियान रक्त की जरूरत पड़ती है , क्योंकि रक्त प्राप्त करने का साधन आप समाज सेवी ही है जब तक आप अपनी भावना जनमानस से नहीं जोड़ेंगे यह कतई संभव नहीं है कि हमारे ब्लड बैंक में ब्लड एकत्रित हो सके इसलिए आप सभी से आग्रह है जब भी अवसर मिले जिला रक्त कोष में रक्तदान करने जरूर से आए । सभा मे




उपस्थित 22 वर्षीय थैलेसीमिया मैरिज निहाल दुबे ने भावुक मन से बोला कि मैं आभारी हूँ उन सभी ईश्वर रूपी रक्तदातायो का जो हम लोग के लिए रक्तदान करते है हमारी सांस अगर चल रही है तो कही न कही ये अब आपलोगो की बदौलत है इसमें सबसे अहम रोल विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के है जब से हम इनसे जुड़े है मेरा हौसला बढ़ गया । सभा मे उपस्थित मात्र 12 माह के बच्चे के माता पिता ने भी अपनी बात रखी और बताया कि 3 माह पूर्व जब हमने अपने बच्चे की लगातार कमजोरी को ध्यान दिया तो जांच के दरमियान संज्ञान आया कि यह थैलेसीमिया का लक्षण है और इसे जिंदा रखने के लिए दवा के साथ साथ प्रत्येक 20 से 30 दिन के अंतराल में ब्लड चढ़ना रहेगा । बालरोग विशेषज्ञ डॉ आर्थो ने थैलेसीमिया के जांच के बारे में उसके लक्षण एवं बचने की संभावना के बारे में बताया । कार्यक्रम के आरंभ में कुल 5 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया वो निशात गुप्ता , आदर्श दुबे, बृजेश कुमार , जय शंकर जायसवाल, जाहिद खान । मुख्य रूप से उपस्थित रहे - अक्षत गुप्ता , आकाश तिवारी, विनय कुमार, आदित्य बरनवाल, वरुण सिंह , शशांक गुप्ता , हिमांशू कसेरा, मोहित कसेरा , रुद्रेश कुमार , कुलप्रीत सरना, माला सिंह पटेल, श्री साई सेवा परिवार संगठन से शुभम गुप्ता , अमित गुप्ता, अपेड फाउंडेशन से अंश अनन्त डॉ दुर्गेश सिंह, डॉ सुनील सिंह, डॉ आनंद सिंह सहित अन्य जिला चिकित्सालय के स्टाफ नर्स एवं अन्य संस्थायों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विद्यालय के बच्चों के आपसी विवाद में चलें चाकू एक घायल



स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर ।** क्षेत्र में स्थित शुभम माडल स्कूल मंगरहा में पढ़ रहे छात्रों के आपसी विवाद में मामला इस कदर बढ़ गया कि एक छात्र पर दुसरे छात्रों द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया जिससे एक छात्र घायल हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या द्वारा सूचना पर पहुंची चुनार पुलिस ने हमलवार छात्रों को थाने ले गई वही घायल छात्र को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार भेज दी। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मंगरहा बाजार के पास स्थित शुभम माडल स्कूल के छात्रों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि एक छात्र हर्षित सिंह पुत्र इंद्र जित सिंह पर चाकू से हमला कर दिया गया जिससे वह घायल हो गया।इस संबंध में पुंछे जाने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला सिंह ने बताया कि छात्रों का विवाद विद्यालय परिसर में नहीं हुआ सड़क पर विवाद हो गया था जिसकी सूचना पुलिस को दें दिया गया था। वहीं इस संबंध में पुंछे जाने पर चुनार थाने के उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव ने बताया कि सभी छात्र एक ही गांव के निवासी हैं और सभी शुभम माडल स्कूल में पढ़ते है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर सभी को थाने लाया गया है और घायल छात्र को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## भीषण गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के लिए स्थापित कराया गया कंट्रोल रूम

**जिला विकास अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के लैण्ड लाइन नम्बर-0532-2548330 पर प्राप्त आमजन सामान्य की शिकायतों/समस्याओं को रजिस्टर पर दर्ज कर कराया जायेगा उनका निस्तारण।**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के त्वरित समाधान कराये जाने हेतु जिला विकास कार्यालय के कक्ष संख्या-04 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका लैण्ड लाइन नम्बर-0532-2548330 है। लैण्ड लाइन नम्बर के माध्यम से प्राप्त आमजन सामान्य की शिकायतों/समस्याओं को रजिस्टर पर दर्ज किया जायेगा। कंट्रोल रूम के प्रभारी विश्व रंजन का दायित्व होगा कि सम्बंधित शिकायतों/समस्याओं को उसी दिवस सम्बंधित ब्लाक/नोडल अधिकारी को प्रेषित कर समस्या का निस्तारण कराते हुए आख्या उपलब्ध करायेंगे। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी ने दी।

## जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कुल 03 लोगों को किया जिला बदर

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम-1970 के अन्तर्गत कुल 03 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में-रामचन्द्र पुत्र जमुना निवासी ग्राम-तेलियन का पूरा मजरा टेवा थाना मोहम्मदपुर पंइसा जनपद कौशाम्बी को 01 माह के लिए, शाहिद पुत्र रिजवान निवासी-दिलावलपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 01 माह के लिए एवं शहजादे उर्फ इरशाद पुत्र दरगाही उर्फ मो0इब्राहिम निवासी-दिलावलपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 01 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज 09 मई को

**कौशाम्बी।** सांसद/अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) पुष्पेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में दिनांक 09 मई 2025 (दिन शुक्रवार) को मध्यान्ह 12:00 बजे से उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी/सदस्य सचिव, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) ने देते हुए सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को बैठक में समय से प्रतिभाग करने के निर्देश दिये।

## कौशाम्बी चैरिटेबल रक्तकेन्द्र, पलहाना उपरहार में मरीजों को रक्त ऊँचे दामों में बेंचे जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी चैरिटेबल रक्तकेन्द्र, पलहाना उपरहार, मूरतगंज, थाना-संदीपनघाट कौशाम्बी में दूसरे राज्यों से रक्त/रक्त अवयवों को मंगवाकर बिना परीक्षण के मरीजों को ऊँचे दामों में बेंचे जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक प्रयागराज/कौशाम्बी सुनील कुमार रावत, औषधि निरीक्षक फतेहपुर संजय दत्त, औषधि निरीक्षक प्रतापगढ़ शिवकुमार नायक के द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की गयी। जिसमें छापेमारी के दौरान पंजीकृत मेडिकल ऑफिसर मौजूद नही थे, उनकी अनुपस्थिति में रक्त का अदान-प्रदान किया जा रहा था। काफी मात्रा में रक्त भण्डारित पाया गया, संदेह के दायरे में भण्डारित रक्त में से 02 संदिग्ध रक्त के नमूने संग्रहित कर सील मोहर किये गये हैं, जिसको जॉच के लिए एस0आर0एन0 मेडिकल कालेज, प्रयागराज को भेजा गया है। रक्तकेन्द्र की सभी गतिविधियों पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगायी गई है। इस दौरान भण्डारित समस्त रक्त/रक्त अवयवों को रक्तकेन्द्र संयुक्त जिला चिकित्सालय, मंझनपुर कौशाम्बी को स्थानान्तरित करा दिया गया है।

## बालू/मोंरग के अवैध भण्डारण की प्राप्त शिकायत पर उप जिलाधिकारी चायल एवं खॉन निरीक्षक द्वारा मौके पर पहुॅचकर किया गया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी चायल आकाश सिंह एवं खॉन निरीक्षक शत्रुघन सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ थाना-सराय आकिल के करन चौराहा महिला मार्ग पर स्थित ग्राम-हर्रायपुर में बालू/मोंरग के अवैध भण्डारण किये जाने की प्राप्त शिकायत का मौके पर पहुॅचकर निरीक्षण किया गयां। निरीक्षण/जॉच के दौरान पाया गया कि उसी गॉव में 03 स्थानां पर बालू/मोरंग का अवैध भण्डारण किया गया था, सभी भण्डारण सरकारी भूमि पर किये गये थे। यह भण्डारण लगभग 1080 घनमीटर में था (तीनों स्थानां को मिलाकर), जिसे सीज करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में अवैध बालू/मोरंग के खिलाफ ऐसी ही जॉच निरन्तर की जायेगी, अवैध भण्डारण पाये जाने पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# मेरे दादा स्व राजा राम पाण्डेय 2002 में लोक जनशक्ति पार्टी से विधायक,विधान मंडल के नेता केबिनेट मंत्री रहे

**● मै लोक जन शक्ति पार्टी में शामिल होकर राम विलास और चिराग जी के स्वपनों को पूरा करने का प्रयास करूंगा।**

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता विकास पाण्डेय अशोक नगर नियर सर्किट हाउस स्थित निज निवास राजभवन से जौनपुर का एक दिवसीय यात्रा किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान के साथ सैकड़ो समर्थकों के साथ जौनपुर में पहले से उपस्थित कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया गया। बाबा साहेब के सम्मान में लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास एक दिवसीय यात्रा प्रयागराज से होते हुए जौनपुर पहुंचा समाजवादी पार्टी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की फोटो में आधा चेहरा काटकर अखिलेश यादव के के द्वारा अपनी फोटो लगाए जाने के विरोध मे बदलापुर बाज़ार में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर अखिलेश यादव का पुतला फूंका ।

विकास विजय नारायण पाण्डेय ने कहा बाबा साहेब का अपमान लोक जनशक्ति कदापि नहीं सहेगी और जो भी ऐसा कृत्य करेगा उसको निस्तानबूत करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मेरे दादा स्व राजा राम पाण्डेय 2002 में लोक जनशक्ति पार्टी से विधायक,विधान मंडल के नेता केबिनेट मंत्री रहे उनके स्थान पर आज मैं लोकजनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में जौनपुर में अपने कार्यकर्ताओं के बीच हूं जनता की सेवा को तत्पर हूं।

उन्होंने बताया कि उनके पिता भी पूर्व में विधानसभा रही गढ़वारा से 1993 में विधानसभा सदस्य के प्रत्याशी रहे। वर्तमान में पिता बड़े भाई और मैं कई शिक्षा संस्थानों का संचालन कर रहे जिनमें हर समाज वर्ग के बच्चों को अत्याधुनिक वातावरण में शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकजनशक्ति पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से पुराना संबंध है भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी होने के नाते चिराग का हर समाज वर्ग को शिक्षा तक की पहुंच के विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन साथ ही साथ जिस प्रकार चिराग पासवान - मोदी के 2045 के विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं ठीक उसी क्रम ने हम और हर कार्यकर्ता चिराग पासवान से कंधा से कंधा मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने पूरा प्रयास करूंगा और हर वर्ग समाज के लोगों तक शिक्षा का विस्तार और शिक्षा के माध्यम से देश का विकास करने की पूरी कोशिश करुगा।

# नवागत एसपी राजेश कुमार ने पदभार ग्रहण कर पत्रकारों से की वार्ता

स्वतंत्र प्रभात






**कौशाम्बी।** आज दिनांक 08.05.2025 को नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय आगमन के उपरान्त सर्वप्रथम कार्यालय स्थित दुगाभाभी सभागार में जनपद के पत्रकार बन्धुओं से शिष्टाचार वार्ता की गयी। वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में जनता केन्द्रित पुलिसिंग किये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों के साथ थाने पर अच्छा व्यवहार करते हुये यथोचित विधिक सहायता, अपराध एवं अपराधियों पर जीरो टालरेन्स, गोकशी पर पूरी तरह प्रतिबन्ध, निर्दोषों के विरूद्ध किसी भी प्रकार का निरोधात्मक कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में मीडिया कर्मियों के माध्यम से आमजनमानक को आश्वस्त किया गया।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकार बन्धुओं के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा अच्छा व्यवहार किये जाने का आश्वासन देते हुए यथोचित सहयोग की अपेक्षा की गयी।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गयी।गोष्ठी के दौरान जनपद में शान्ति/कानून व्यवस्था, अपराध नियन्त्रण, यातायात व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट प्रणाली को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ताकि जनपद में अपराध नियन्त्रण, घटनाओं के अनावरण एवं सूचना तंत्र विकसित हो सके। गोष्ठी के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय का भ्रमण करते हुये समस्त शाखा प्रभारियों से वार्ता कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया तथा कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई एवं प्रत्येक स्तर पर त्वरित कार्यवाही किये जाने पर बल दिया गया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।

# आज के बच्चे कल का भविष्य- जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** विधानसभा चायल छत्रपति साहू जी इण्टर कालेज फरीदपुर चकताजपुर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शामिल होकर बच्चों को सम्बोधित कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

छत्रपति साहू जी इण्टर कॉलेज फरीदपुर चकताजपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शामिल होकर उपस्थित बच्चों को बताया कि वार्षिकोत्सव का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक और सह पाठ्यचर्या में उपलब्धियों को सम्मान देना है व छात्रों में प्रति स्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना छात्रों को अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करने के लिए प्रेरित करना छात्रों के मनोबल को बढ़ावा देना छात्रों को नए उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति कराना छात्रों की रुचियों और प्रगति का लेखा-जोखा लेना सांस्कृतिक गतिविधियों क्षेत्रीय प्रथाओं और समाज के विभिन्न पहलुओं को शामिल करना छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर देना है ऐसी तमाम बातों को बच्चों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया साथ ही उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भोलेशंकर कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य योगेश साहू, मण्डल अध्यक्ष रामप्रकाश पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनडी कॉन्वेंट स्कूल में नन्हे मुन्नों के संग मस्ती भरी समर पूल पार्टी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**भरवारी कौशाम्बी।** एनडी कॉन्वेंट स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में आज गर्मी की छुट्टियों के शुभारम्भ से पहले नन्हे बच्चों के लिए एक रंगारंग समर पूल पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल की माननीय डायरेक्टर सीमा पवार मैडम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस खास मौके पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया था। बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में भाग लिया और उनकी मुस्कानें पूरे वातावरण को उल्लासमय बना रही थीं। बच्चों के लिए विशेष रूप से स्वच्छ व सुरक्षित स्विमिंग पूल की व्यवस्था की गई थी, जिसमें नन्हे-मुन्नों ने पानी के साथ जमकर अठखेलियाँ कीं। विभिन्न प्रकार के झूले, ट्रैम्पोलिन और आउटडोर खेलों की भी व्यवस्था की गई थी, जहां बच्चों ने खूब आनन्द लिया।

पार्टी की खास बात रही बच्चों के लिए आयोजित कैम्पिंग जोन, जहाँ उन्होंने टेंट के भीतर बैठकर स्वादिष्ट स्नैक्स का आनंद उठाया। वहीं, सभी बच्चों की रंगीन पोशाकों और मासूम मुस्कानों को कैमरे में कैद किया गया। इस फोटोशूट ने उनके बचपन की मीठी यादों को संजोने का काम किया। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता जी ने कहा कि बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने नन्हे प्रतिभागियों को एक नया अनुभव प्रदान किया। स्कूल के शिक्षकों एवं स्टाफ ने बच्चों के साथ सहभागिता करते हुए उनके आनंद को दोगुना कर दिया।

विद्यालय की डायरेक्टर मैडम ने इस अवसर पर कहा, "बचपन की खुशियाँ ही जीवन की सच्ची पूँजी होती हैं। हमारा प्रयास है कि हम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे अनुभव भी दें, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक हों।" इस शानदार आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और स्टाफ की सराहना की गई। समापन पर



बच्चों को गुडी बैग व आइसक्रीम देकर उनकी खुशियों को और भी मीठा बना दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा ने बच्चो की जमकर तारीफ की और माहौल आनंदमई बना दिया। साथ ही सहयोगी के रूप में कॉर्डिनेटर नितेश सिंह ने पार्टी में विभिन्न आयोजकों से बच्चो को खूब मजे लगवाए। पूल पार्टी में बच्चो की देखरेख कर रही शिक्षिकाओं में संध्या चौधरी, रश्मि केशरवानी व निष्ठा केशरवानी उपस्थित रही जिन्होंने इस हर्षोल्लास में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई है।

## पियरी गांव में पूर्व मंत्री ने मृतक के घर शोक संवेदना व्यक्त की

**पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।**



**कोराव प्रयागराज।** कोराव थाना क्षेत्र के पियरी गांव में बीते दिनों युवक की पीट पीट कर की गई थी हत्या मृतक के परिजनों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने और हत्या रोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाने को कहा और उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों को बक्सा नही जायेगा उन सबको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए जिसमे मुख्य रूप से लल्लू सिंह पटेल, पवन सोनकर, इंजी0 जगदीश, रामदेव निडर, डा0 धर्मराज विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, चंद्रमणि विश्वकर्मा एडवोकेट, बबलू विश्वकर्मा, पंचमलाल कोल, गौरव विश्वकर्म, अनिल विश्वकर्मा, सीमा शर्मा, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, पवन सिंघल, दिनेश पटेल, मंगल देव कोल, शिव शंकर विश्वकर्मा, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम आतंकी घटना के मद्दे नजर मॉकड्रिल करके सतर्कता के बारे में बताया गया




स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बेथनी कान्वेंट स्कूल नैनी में सिविल डिफेंस पुलिस प्रशासन फायर ब्रिगेड के साथ मार्क ड्रिल के दौरान छात्रों अभिभावकों तथा स्कूल कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी के साथ जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ सुमित एवं समस्त टीचर तथा कर्मचारी कोतवाली नैनी प्रभारी बृज किशोर एवं चौकी प्रभारी जेलरोड़ के साथ अनेकों पुलिस बल तैनात रहे वहीं सिविल डिफेंस के घटना नियंत्रण अधिकारी अजय कुमार सिंह पोस्ट वार्डन राजेश कुमार यादव डॉक्टर रमाकांत सिंह महेंद्र विश्वकर्मा विद्यासागर ठाकुर शेषमणि पाल विनोद दास तथा अग्निशमन विभाग से पहुंचे महतू चौधरी और सुरछित रहने के उपाय बताया वहीं घटना नियंत्रण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने सायरन और सुरछित रहने के उपाय बच्चों के सामने बताया साथ ही थाना प्रभारी ब्रजकिशोर जी ने सभी को सन्देश दिया वहीं सिविल डिफेन्स के एक पदाधिकारी ने बताया कालेज परिसर में साथ ही मीडिया के चीफ एडिटर आर के राठौर एवं अभिनव मिश्रा एवं अनिल कुमार जी का आगमन हुआ नैनी केंद्र से आए अधिकारी तथा सहयोगी कर्मचारी गणों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं स्कूल स्टाफ टीचर्स तथा अभिभावकों को अब अफवाहों से बचने तथा आवश्यक कदम उठाने के बारे में विस्तार से जागरूक किया !

# प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर आर पी एफ् सिपाही लुकेश यादव ने गरीब विकलांग वेडर को मार मार के किया अधमरा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आर पी एफ कर्मियों का गुंडागर्दी का मामला सामने आया है व घटना पीड़ित के जुबानी बताई जा रही है जिसमें आर पी एफ सिपाही लुकेश यादव ने पीड़ित सुशील वर्मा वेडर को मार मार के अधमरा कर दिया व उस्का दात तोड़ दिया पीड़ित की हालत हुई गंभीर उच्च अधिकारियों से पूछ गया की आपने ऐसी घटना क्यों किया तो एस आई विवेक कुमार यादव द्वारा कहा गया कि आप कार्य में बाधा डाल रहे हो और ज्यादा बोलोगे तो दो-चार धाराएं और लगा दूंगा मेरे पास इस चीज की अथॉरिटी है. पीड़ित को मारने वाले सिपाही लुकेश यादव ने भी यही कहा था कि तुम सरकारी कार्य में बाधा बन रहे हो अर्थात यह कह के आर पी एफ सिपाही द्वारा किसी को भी फर्जि फंसाया जाने का कार्य किया जाता है अर्थात ऐसे लोग समाज के लिए घातक साबित होते हैं और यह अत्यंत निंदनीय है। व यह लोग हमेशा गरीब मज्बूर जन्ता को अपना शिकार बनाते हैं और उनको फंसा कर अवैध वसूली व रिश्वतखोरि करने का कार्य करते हैं विभाग द्वारा पीड़ित का मेडिकल आर पी एफ के



दबाव द्वरा किया गया जिसमें डाक्टरों द्वारा लिपा पोती का कार्य किया गया व दबाव में कराया गया गरीब को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है व शासन प्रशासन से पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

# जिलाधिकारी ने की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**● मिलावटी खाद्य सामग्री का सैम्पल लेकर जॉच के लिए भेजने एवं पायी गई कमियों के आधार पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश**

**मिलावटी पाद्य पदार्थो के सम्बन्ध में छापेमारी/निरीक्षण की निरन्तर की जाय कार्यवाही- डीएम**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा किये जा रहें कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षण, नमूना संग्रहण, दायर वादों एवं प्रवर्तन आदि के कार्यों में की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी/निरीक्षण की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि जहॉ से भी सैम्पल लिया जाय, उसका जल्द से जल्द सैम्पल लेकर जॉच के लिए भेजा जाय एवं पायी गई कमियों के आधार पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाय। उन्होने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थो के बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर आपके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने, आबकारी दुकानों के लाइसेन्स बनाने आदि के सम्बन्ध में भी आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य श्रीमती ममता चौधरी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाबउद्दीन सिद्दीक़ी, डॉ0 भरत मिश्र व नितिन कुमार तथा औषधि निरीक्षण सुनील रावत उपस्थित रहें।

# अल्प संख्यक प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की गरीब मुसलमानों एवम महिलाओं के हित व विकास के लिए वक्फ सुधार संशोधन पर जागरण अभियान के अन्तर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय के लोहिया भवन में मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि अल्प संख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद की उपस्थिति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में अल्प संख्यक प्रबुद्ध वर्ग की संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अल्प संख्यक प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि वक्फ की शुरुआत 1185 में हुआ था। इस्लाम की रहनुमाई करने वालों को वक्फ सुधार बिल के बारे में जानकारी होना आवश्यक है इस्लाम में नाजायज चीज हराम है। इस्लाम को मानने वालों को ही वक्फ करने का अधिकार है।कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2013 में कांग्रेस सरकार ने वक्फ बिल संशोधन कर बोर्ड को असीमित अधिकार दिए थे। कहा कि कांग्रेस ने संशोधन में बोर्ड को अधिकार दिया था कि अगर कोई गरीब मुस्लिम अपने मकान के एक कमरे को मुस्लिम धर्म के कार्य के लिए दे दिया तो आगे चल कर बोर्ड उसे वक्फ की जमीन घोषित कर दिया जाता था उसी गरीब मुस्लिम परिवार को नए कानून से बचत होगी। आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड के बड़े पदाधिकारी 100 और 50 रुपए महीने पर 90 वर्षों की लीज लेकर होटल बनवा कर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। कहा कि हैदराबाद में अकबरुद्दीन ओवैसी द्वारा वक्फ की हजारों करोड़ की संपत्ति कर उसका उपयोग किया जा रहा है। बिल में सुधार के माध्यम से वक्फ की संपत्ति का लाभ गरीब मुसलमान महिलाओं समेत अल्पसंख्यक समाज के भाइयों को मिले इसके लिए बिल लाया गया है। कांग्रेस और सपा के लोग मुस्लिम समाज को गुमराह कर रहे हैं।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से सुधार पर जागरूक करने का आग्रह किया। आतंकियों की ट्रेनिंग सेंटर और ठिकाने पर बमबारी कर आतंकियों को मारने वाले ऑपरेशन में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि मांग की सिंदूर को मिटाने वालों को महिला कर्नल ने मौत के घाट उतारा।

विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद ने कहा की सुधार से मुस्लिम समाज में बेहतरीन वातावरण बनने के साथ-साथ उनको इसका लाभ भी मिलेगा।जबकि इससे पहले वफ़ कमेटी के 5 लाख लोग एक करोड़ 25 लाख लोगो के विकास के लिए कुछ नहीं कर रहे थे। न तो उन्होंने अस्पताल बनाए न कॉलेज बनाई न मुसलमान को कोई राहत देने के लिए कार्य किया। बस वक्फ की संपत्तियों को कब्जा करने का प्रयास किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए वक्फ बिल सुधार के बारे में अल्पसंख्यक भाइयों से विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गरीब मुस्लिम परिवारों की स्थिति को सुदृढ़ करने वाला वक्फ संशोधन बिल को हर अल्प संख्यक परिवार को जानकारी दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा के संयोजन और सह संयोजक अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जावेद मलिक और जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक धर्म राज निषाद, एमएलसी डॉ हरिओम पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा, ज्ञान सागर सिंह, रमा शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, संजू देवी,ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्रतिनिधि आनंद वर्मा, ओमकार गुप्ता,डॉ राना रणधीर सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, डॉ रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह, सैयद इरफान अशरफ, हाजी महमूद, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, प्रेम लता भारती, नंद कुमार तिवारी राना, सुल्तान आजमी, मंजूर आलम, शमशाद अली, अबुल रहमान, इकबाल अहमद, मो रजा, आज़म राईन, सतपाल सलूजा,डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह, राम किशोर राजभर, दुर्गा प्रसाद तिवारी,, तेजस्वी जायसवाल, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर वीरपुर में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक, सीमा क्षेत्र का किया गया निरीक्षण



**सुपौल बिहार।** भारत-पाकिस्तान के पहलगांव हमले के मद्देनज़र भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु वीरपुर में गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने एसएसबी 45वीं बटालियन वीरपुर के कमांडेंट के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र का निरीक्षण कर मौजूदा हालात की प्रत्यक्ष जानकारी ली तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वीरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरपुर सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

### "कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे"- उपायुक्त मनीष कुमार



**पाकुड़, झारखंड-** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु उपायुक्त मनीष कुमार ने वर्चुअल बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र किसानों को योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए तथा अपात्र लाभार्थियों के नामों को सूची से हटाया जाए। इसके लिए मिशन मोड में डेटा सत्यापन करने का निर्देश भी दिया गया।

### जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न



**पाकुड़, झारखंड-** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। यूआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी रितेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं। उपायुक्त ने आधार किटों को समयबद्ध तरीके से सक्रिय करने तथा बंद आईडी को पुनः संचालन में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पोस्ट ऑफिस में आधार कैम्प आयोजित करने और फर्जी आधार बनाने से रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मदरसा अजीजिया ज़ेया उल उलूम रसोईया धमना में निःशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित




**बरही-** मदरसा अजीजिया ज़ेया उल उलूम, रसोईया धमना में एक विशेष निःशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 208 नामांकित विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग वितरित किए गए। यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य मो तैयब अंसारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मो तबरेज अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मदरसा के सेक्रेटरी मुमताज अंसारी थे। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता एवं महाअल्पसंख्यक कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, मदरसा के मालिक मो मोइन एवं मो जहूर, प्रधान मौलवी मो अख्तर, सहायक शिक्षक सरफराज अहमद, गुलाम सरवर एवं इलयास अंसारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने की अपील की।

# धनबाद में डॉक्टर ने रचा इतिहास, महिला के पेट से निकाला गया 7.5 किलोग्राम का स्प्लीन ट्यूमर

**● झारखंड को गौरवान्वित करने वाले डॉक्टर अली जैद अनवर को जल्द मिलेगा सम्मान- मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी**

**झारखंड के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना मेरी प्राथमिकता- डॉ इरफ़ान अंसारी**

स्वतंत्र प्रभात

**धनबाद, झारखंड-** झारखंड की स्वास्थ्य सेवा में सुधार और उत्कृष्टता को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा उठाए गए ठोस कदम अब परिणाम दिखने लगा है। इसी कड़ी में, धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉ. अली जैद अनवर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने एक महिला मरीज के पेट से 7.5 किलोग्राम वजनी स्प्लीन ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक डॉक्टर की सफलता नहीं, बल्कि झारखंड की स्वास्थ्य प्रबंधन और कार्य संस्कृति की जीत है। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जो डॉक्टर ईमानदारी से काम करेंगे, उनका सम्मान निश्चित है। डॉ. अनवर इसका सटीक उदाहरण है ,ऐसे डॉक्टरों को सम्मानित करना और उनका मनोबल बढ़ाना मेरी जिम्मेदारी है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार में किसी तरह लापरवाही को बर्दाश्त नहीं**

डॉ. अंसारी ने बताया कि अब तक विश्व में किसी महिला के शरीर से निकाला गया सबसे बड़ा स्प्लीन 2.5 किलोग्राम का था, जबकि डॉ. अनवर द्वारा निकाले गए स्प्लीन का वजन 7.5 किलोग्राम है। यह न केवल एक चिकित्सीय चमत्कार है, बल्कि झारखंड की बढ़ती मेडिकल क्षमताओं का प्रमाण भी है।उन्होंने कहा कि मैं डॉक्टर ही नहीं बल्कि एक सच्चा स्वास्थ्य सेवक हूं। मेरी प्राथमिकता झारखंड के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। मैं विभाग को दुरुस्त करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने में समय लग सकता है, लेकिन वह हर ईमानदार प्रयास का स्वागत करेंगे और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त



नहीं करेंगे।

**इस ऐतिहासिक सर्जरी ने झारखंड को चिकित्सा मानचित्र पर दिलाई है नई पहचान**

स्वास्थ्य मंत्री श्री अंसारी ने कहा कि मैं आलोचना से डरता नहीं, बल्कि उसे सुधार का अवसर मानता हूं। व्यवस्था को रातों-रात नहीं बदला जा सकता, लेकिन हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। इस ऐतिहासिक सर्जरी ने यह साबित कर दिया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक सर्जरी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर दिया है। इस सफलता ने झारखंड को चिकित्सा मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है।

### राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश




**पाकुड़, झारखंड-** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि म्यूटेशन, सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान तथा भू-अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि म्यूटेशन के सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, विशेष रूप से 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही सीएचसी निर्माण हेतु चिन्हित की जाने वाली भूमि को स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश गौरवान्वित, भारतीय सेनाओं को सलाम- सूरज दास

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर ऐआईएमआईएम बरही विधानसभा युवा नेता सूरज दास ने गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए इसे भारत के लिए एक गौरव का दिवस बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व से सिर ऊंचा करने वाला है, जब हमारे जांबाज़ सैनिकों ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सूरज दास ने भारतीय सेनाओं को सलाम करते हुए कहा कि देश की सेना मजबूत है, तभी हमारा देश सुरक्षित है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता आतंक के खिलाफ भारत की निर्णायक ताकत का परिचायक है। इस ऑपरेशन को लीड करने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने न केवल ऑपरेशन को सफल बनाया, बल्कि देश की बेटियों की शक्ति का परिचय भी दुनिया को दिया। सूरज दास ने कहा कि जब




प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी सामने आई, तो हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। अपने बयान में उन्होंने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर तुमने धर्म पूछकर मारा है, तो सुनो– भारतीय मुसलमान ही तुम्हें जवाब देने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। यह वही असली भारत है, जहां बेटियां भी सीमा पर दुश्मनों को करारा जवाब देती हैं। सूरज दास ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए भारत एक है, और एक रहेगा।

# धर्म के नाम पर आतंकी हमले अस्वीकार्य, भारत ने दी कड़ी चेतावनी- 6 मई को POK में 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त

**● पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के खिलाफ भारत का बड़ा एक्शन, पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दी सख्त प्रतिक्रिया**



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** भारत में बीते कुछ वर्षों से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 हिंदू और एक ईसाई पर्यटक की धर्म पूछकर की गई निर्मम हत्या ने देश को झकझोर दिया। इस नृशंस वारदात को लेकर न केवल आम जन में आक्रोश है, बल्कि सरकार ने भी इसे राष्ट्र पर खुली चुनौती मानते हुए पाकिस्तान को कड़े कदमों की चेतावनी दी थी।

**आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक-** 6 मई की रात करीब 1 बजे भारतीय वायुसेना के 80 लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। इन हमलों में बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए। बताया जा रहा है कि 26/11, उरी और बालाकोट हमलों के मास्टरमाइंड अजहर मसूद का पूरा परिवार भी इस कार्रवाई में मारा गया, हालांकि अजहर खुद इस ऑपरेशन में बच निकला।

**सिंधु जल समझौता और व्यापारिक रिश्ते स्थगित-** हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता, हवाई मार्ग, पोस्टल सेवाएं और व्यापारिक रिश्ते पूरी तरह स्थगित कर दिए हैं। इसके अलावा भारत के 300 से अधिक जिलों में मॉक ड्रिल के जरिए युद्ध जैसी स्थितियों से निपटने की तैयारी की जा रही है।

**भारत में बढ़ी एकजुटता, मुस्लिम समुदाय की भी निंदा-** इस आतंकी हमले की देश के विभिन्न समुदायों ने एकस्वर में निंदा की है। दिल्ली के शाही इमाम बुखारी से लेकर सांसद असदुद्दीन ओवैसी तक ने इसे इस्लाम विरोधी बताते हुए पाकिस्तान को कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। लाल मस्जिद, इस्लामाबाद के मौलाना ने भी भारत के जवाबी हमले को इस्लाम विरोधी नहीं माना और पाकिस्तान सरकार की आतंकी सहिष्णुता की आलोचना की है।

**इतिहास से सबक जरूरी-** लेख में यह भी बताया गया कि सातवीं शताब्दी से लेकर मुगलों और ब्रिटिश काल तक भारत पर लगातार हुए हमलों और शोषण ने यह सिखाया है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए कभी-कभी कठोर निर्णय आवश्यक हो जाते हैं। संविधान और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्ध भारत ने जब भी जवाब दिया है, वह न्यायसंगत और सटीक रहा है।

**राष्ट्रविरोधी ताकतों से सतर्कता जरूरी-** वर्तमान परिदृश्य में देश की जनता अधिक सजग और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत है। बावजूद इसके कुछ राजनीतिक और वामपंथी समूह, सेना और सरकार के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, जो कि निंदनीय है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सैन्य कार्रवाई पाकिस्तान समर्थक आतंकी तत्वों के विरुद्ध है, किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं।

# नशा मुक्ति केंद्र से 11 मरीज खिड़की तोड़कर फरार,3 मरीज पहुंचे अपने घर,8 लापता

**● संचालक ने मकान मालिक पर लगाए गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**बिहार- सुपौल त्रिवेणीगंज।** थाना क्षेत्र के जनता रोड नगर परिषद वार्ड संख्या-18 स्थित एक किराए के मकान में संचालित नशा मुक्ति केंद्र से बुधवार देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब वहां भर्ती 11 मरीज खिड़की तोड़कर फरार हो गए। यह केंद्र मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियाही निवासी बादल कुमार द्वारा संचालित किया जा रहा था। घटना के संबंध में केंद्र संचालक बादल कुमार ने मकान मालिक के पुत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण वे कुछ समय के लिए केंद्र छोड़कर बेटे के इलाज के लिए बाहर चले गए थे। इस दौरान केंद्र की जिम्मेदारी उनके छोटे भाई और अन्य स्टाफ के जिम्मे थी । संचालक के अनुसार,बुधवार शाम करीब आठ बजे उनके छोटे भाई ने उन्हें फोन कर सूचित किया कि मकान मालिक सुखदेव यादव का पुत्र देवेंद्र कुमार शराब के नशे में धुत होकर केंद्र पहुंचा और वहां भर्ती मरीजों व स्टाफ के साथ मारपीट की। इसी दौरान उसने एक कमरे की खिड़की तोड़ दी,जिससे 11 मरीज भागने में सफल हो गए । घटना की जानकारी मिलते ही संचालक केंद्र पहुंचे और स्थिति की जानकारी लेने के बाद मरीजों की तलाश शुरू की। खोजबीन के क्रम में पता चला कि फरार




मरीजों में से सहरसा जिले के संत नगर सिमराहा निवासी आदर्श कुमार (25 वर्ष),पिता अजय कुमार अमर,त्रिवेणीगंज बाजार स्थित अपने माता-पिता के पास सकुशल पहुंच गया। वहीं सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के तेतराही अमहा निवासी सौरभ कुमार (20 वर्ष),पिता शिवकुमार कामत,गुरुवार सुबह अपने घर पहुंच गया और त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशुआ निवासी 40 वर्षीय भूषण यादव भी गुरुवार को अपने घर पहुंच गया,लेकिन बाकि आठ मरीजों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है संचालक का आरोप है कि पूरी घटना देवेंद्र कुमार द्वारा शराब के नशे में अंजाम दी गई है,जिससे केंद्र की व्यवस्था बाधित हुई है संचालक ने बताया कि पिछले फरवरी से यहां केंद्र संचालित है यहां भर्ती ग्यारह मरीजों में सबसे अधिक स्मैक के शिकार मरीज हैं तो कुछ गांजा और अन्य सूखे नशे के शिकार मरीज हैं।

**केंद्र से भागने के बाद लापता मरीजों की सूची -**

(1) गौरव कुमार,उम्र-18 वर्ष, पिता-सुभाष कुमार यादव,कुशहा कर्णपट्टी,थाना-त्रिवेणीगंज,जिला-सुपौल।

(2) रूपेश कुमार,उम्र 25 वर्ष, पिता-मिलन कुमार,कल्हुआ, थाना-शंकरपुर,जिला-मधेपुरा।

(3) कुंदन कुमार,उम्र-25 वर्ष,पिता-शंभू यादव,मचहा कुशहा,थाना-त्रिवेणीगंज, जिला-सुपौल।

(4) मनीष कुमार,उम्र-25 वर्ष,पिता-उपेंद्र यादव,मचहा कुशहा, थाना-त्रिवेणीगंज,जिला-सुपौल।

(5) नवनीत कुमार,उम्र-18 वर्ष,पिता-अमलेश यादव,मचहा कुशहा,थाना-त्रिवेणीगंज,जिला-सुपौल।

(6) प्रदीप कुमार,उम्र-35वर्ष, पिता-महेश्वर साह,भुतहा,नरेहिया, जिला-मधुबनी।

(7) आशीष कुमार,उम्र-21वर्ष, पिता-अनिरुद्ध यादव,मिरजवा, थाना-त्रिवेणीगंज,जिला-सुपौल।

(8) राहुल कुमार,उम्र-25 वर्ष, पिता-त्रिभुवन कुमार,
सिमरी बख्तियारपुर टाउन, जिला-सहरसा।

मामले को लेकर प्रभारी थानाध्यक्ष सह सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार पासवान ने बताया कि मकान खाली कराने को लेकर मकान मालिक और संचालक के बीच विवाद हुआ था,जिस पर मकान मालिक भगा दिया है मामले की जांच की जा रही है।

# विश्व थैलेसिमिया दिवस के शुभ अवसर पर पेलावल विकास मंच ने चलाया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** आज पहली बार पीवीएम ब्लड डोनर्स क्लब के बैनर तले शहरी क्षेत्र में 2000 पर्चे बांटकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान का शुभारंभ एसबीएमसीएच ब्लड बैंक के परिसर से आरसीएच पदाधिकारी डॉ.कपिल मुनि एवं एसबीएमसीएच ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.नीरज कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता अभियान को आगे रवाना किया गया। इस मौके पर डॉ.प्रणीत कुमार, लैब टेक्नीशियन शमशाद हुसैन, मोकिम अख्तर एवं समाजसेवी बिनोद कुमार सिंह एवं ऐनुल हक भी उपस्थित थे। हॉस्पिटल से बाहर मुख्य पथ पर आते ही दोनों ओर के सभी दुकानदारों व प्रतिष्ठानों में पर्चे वितरित करते हुए खिरगांव कब्रिस्तान चौक पर जागरूकता अभियान का समापन किया गया। साथ ही आम लोगों एवं दुकानदारों से अपील भी की गई कि थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए अवश्य रक्तदान करें व उनकी जिंदगी रूपी गाड़ी को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। इस वक्त हजारीबाग एसबीएमसीएच ब्लड बैंक में खून की घोर कमी है।जिससे खासकर थैलेसिमिया पीड़ित मासूम बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कड़कड़ाती धूप में भी पैदल चलकर जागरूकता अभियान चलाने वालों में मुख्य रूप से निम्नलिखित लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई- बगोदर से राजू यादव, मोहन यादव बाइक से हजारीबाग पहुंचकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए। खुटरा के




मो.अल्ताफ व उनका साथी मो.फुरकान एवं रविनगर के सागर राम भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अगुआई मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम.हक भारती ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, उप कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, करण राम, मो समर, गुलाम मोहिउद्दीन, मो इमरान, सूरज राम एवं छोटू ठाकुर थे।

# मतदान केंद्र स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन, मतदाता सूची में संशोधन हेतु मिलेंगे आवेदन के अवसर

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय बरही के तत्वावधान में मतदान केंद्र स्तर पर व्यापक स्तर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन मई से जुलाई 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन के पत्रांक 116/निवाचन दिनांक 25.03.2025 के आलोक में यह निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर आमजन को अपने मतदाता नामांकन में सुधार, नए नाम जुड़वाने, मृत/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन जैसे कार्यों की जानकारी दी




जाए और उन्हें आवेदन करने का अवसर भी उपलब्ध कराया जाए। शिविर आयोजन की तिथियां भी निर्धारित की गई है जिनमें मई में 15.05.2025 एवं 30.05.2025, जून में 14.06.2025 एवं 25.06.2025, जुलाई 15.07.2025 एवं 30.07.2025 में निर्धारित है। सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर कैंप में उपस्थित रहकर लोगों को फार्म भरवाएं तथा निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारियां साझा करें। साथ ही, समस्त जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे भी इस कार्य में सक्रिय सहयोग दें ताकि अधिकतम संख्या में योग्य नागरिक मतदाता सूची में सम्मिलित हो सकें। कार्यक्रम की सफलता के लिए इस पत्र की प्रतिलिपि सभी संबंधित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, बीडीओ, सीओ, विद्यालय प्रमुखों एवं प्रचार माध्यमों को भेजी गई है, ताकि प्रचार-प्रसार एवं लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण, डोभा, आबुआ आवास सहित योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**● व्ब्व्क्ह और अभियंता ने लाभुकों को दिए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश**




स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** बीते गुरुवार को पाकुड़िया प्रखंड के मुहलपहाड़ी पंचायत में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं का सघन स्थलीय निरीक्षण प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित और सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता ने बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण, मनरेगा योजना के अंतर्गत डोभा, आबुआ आबास, और कुक्कुट शेड निर्माण का निरीक्षण किया।

पदाधिकारियों ने संबंधित लाभुकों को स्पष्ट रूप से कहा कि सभी योजनाओं को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान लाभुक बाबुर्जी मुर्मू (विजयपुर) और मार्शल हेम्बरम् (बालीडीह) भी उपस्थित रहे। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रही योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की समीक्षा और आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

# गरीबों के हक में आजसू पार्टी का बड़ा ऐलान, पाँच प्रमुख योजनाएँ लागू

स्वतंत्र प्रभात

**देवघर, झारखंड-** आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी ने बीते गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर जिले के गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित, विस्थापित और किसानों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने की और इस दौरान जनसेवा के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।

**घोषणाएँ–**

1. टोल फ्री नंबर जारी- देवघर के जरूरतमंद लोग अब किसी भी समय, यहां तक कि रात 12 बजे भी, टोल फ्री नंबर 7369017882 पर कॉल कर सहायता मांग सकते हैं। आजसू पार्टी के पदाधिकारी हर परिस्थिति में साथ देने का भरोसा दे रहे हैं।

2. निःशुल्क भोजन एवं ठंडा पानी की व्यवस्था- मोहनपुर और देवघर प्रखंड में रिक्शा, ठेला, साइकिल चालकों एवं गरीब राहगीरों के लिए रिखिया हाई स्कूल के पास (रिखिया-देवघर मुख्य मार्ग) सुबह 9 बजे



से शाम 7 बजे तक मुफ्त भोजन और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

3. सामूहिक आदर्श विवाह- विवाह योग्य गरीब बालिकाओं के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित तिथि पर "आदर्श विवाह" का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा स्वयं के खर्च पर संपन्न कराया जाएगा।

4. अंतिम संस्कार की व्यवस्था- गरीब परिवार में किसी परिजन की मृत्यु होने पर अगर अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक संसाधन नहीं हैं, तो सूचित करने पर पार्टी द्वारा पूरे खर्च की व्यवस्था की जाएगी।

5. अत्याचार व भेदभाव पर कड़ी कार्रवाई- दहेज प्रताड़ना, भ्रूण हत्या, नाबालिग से छेड़खानी, डायन प्रताड़ना, बाल विवाह, या जाति-धर्म आधारित भेदभाव की घटनाओं की सूचना तुरंत 9471153523 पर देने की अपील की गई है। पार्टी ने पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों का हुआ टीकाकरण और किए गए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



**जौनपुर-** जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला नासही में स्थित एम एच कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं टी डी टीकाकरण के अंतर्गत आज स्कूल प्रांगण में टीकाकरण करने के लिए सबसे पहले स्वास्थ विभाग की टीम पहुंची और एन एम नेहा कुमारी स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को टी डी टीके के बारे जानकारी दी और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया जो इस टीके को लगवा लेगा फिर उसे बार-बार टेटनेस का टीका लगवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि बच्चे खेलते हैं कूदते हैं जिस की चोट लग जाती है खरोच आ जाती है तो टिटनेस का टीका लगवाना पड़ता है बच्चों को लाइन में खड़ा कर एक-एक बच्चों को टीका लगाया और उसकी सावधानियां बताइए इस अवसर पर स्वास्थ कर्मी जमील अहमद उषा नेहा कुमारी और निशि रश्मिता आफरीन रिंकी बुशरा रूपेश संदीप धीरज जितेंद्र आदि लोगों उपस्थित रहे

### पेंशनर अपना प्रमाण पत्र कोषागार में प्रेषित करने के लिए जीवन प्रमाण ऐप सुविधा का ले लाभ

**रायबरेली-** वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव ने बताया है कि कोषागार, रायबरेली से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाण-पत्र की अवधि समाप्त हो रही है, ऐसे समस्त पेंशनरों को अवगत कराना है, कि वे सभी अपने-अपने जीवित प्रमाण-पत्रों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र की सुविधा का उपयोग अपने स्मार्टफोन के प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी ऐप इंस्टॉल करें तथा पुनः प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण ऐप इंस्टॉल करें। इस ऐप से अपना जीवन प्रमाण-पत्र भेज सकते है, एवं भविष्य में भी अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार में प्रेषित करने हेतु इसका पुनः प्रयोग करते हुए सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला कोषागार कार्यालय रायबरेली से संपर्क कर सकते हैं।

### 10मई तक शत-प्रतिशत मृदा नमूना एकत्रित करके मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में कराए उपलब्ध - उप कृषि निदेशक

**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत National Project on soil Health and Fertility (NPSHF) कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद में चयनित 360 ग्राम पंचायतों में मृदा नमूने एकत्रित करने का अभियान प्रगति पर है। जनपद में खरीफ 2025 के लक्ष्य 25200 मृदा नमूनों के सापेक्ष 22000 से अधिक मृदा नमूने एकत्रित कर जनपद रायबरेली प्रदेश में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिये गये है कि यह 10 मई 2025 तक शत-प्रतिशत मृदा नमूना एकत्रित करके मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में उपलब्ध करा दे। साथ ही इनके परीक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, प्रयास किया जा रहा है कि खरीफ की फसल की बुवाई से पूर्व ही कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा दिये जाये। मृदा परीक्षण के परिणाम के आधार पर संस्तुतियों सहित खरीफ की फसल में मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग किया जाये।

### मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत, पुरानी रंजिश को लेकर हुई थी वारदात

**सीतापुर -** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है घटना रामपुर मजरा इंडवल ग्रांट गांव की है मृतका की पहचान मुन्नी देवी (50) के रूप में हुई है मंगलवार शाम करीब 7 बजे गांव के रामविलास और राजा उर्फ सर्वेश का पुरानी रंजिश को लेकर सौरभ से विवाद हो गया दोनों आरोपियों ने सौरभ के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर सौरभ की मां मुन्नी देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं आरोपियों ने मुन्नी देवी को धक्का दे दिया वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग 24 घंटे के उपचार के बाद बुधवार रात उनकी मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के बेटे सौरभ की शिकायत पर पुलिस ने रामविलास और राजा उर्फ सर्वेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है प्रभारी निरीक्षक के अनुसार जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी!!

# डीएम के आदेश का खेतासराय में दिखा असर 5 मिनट रहा ब्लैकआउट

**●युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए एयर अटैक और बमबारी का मॉकड्रिल**



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** खेतासराय युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। रात 8 बजे से 5 मिनट तक नगर में ब्लैकआउट रहा। इस दौरान सड़क की लाइटें, साइनेज, बिल्डिंग और फैक्टरियों की बाहरी लाइटें बंद रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने अपने घरों की लाइटें बंद कीं। जिले के पुलिस लाइन और खेतासराय के सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली में आयोजित मॉकड्रिल में नागरिकों को एयर अटैक और बमबारी से बचने का प्रशिक्षण दिया गया। सिविल डिफेंस टीम ने घायलों को घटनास्थल से मेडिकल पोस्ट तक पहुंचाने का अभ्यास किया। सायरन बजते ही टीम के सदस्यों ने जमीन पर लेटकर अपने कान बंद कर लिए।

**पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से किया अभ्यास**

जिलाधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर यह मॉकड्रिल की गई। जिले की तैयारियां पूरी हैं। इस अभ्यास में जिला स्तर के सभी विभागों के कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के अनुसार, फायर विभाग, मेडिकल विभाग, एनसीसी और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से अभ्यास में हिस्सा लिया। सभी विभागों के बेहतर समन्वय से 30 मिनट का अभ्यास 5 मिनट में पूरा हुआ। मॉकड्रिल के अंत में भूतपूर्व सैनिकों और पुलिस प्रशासन ने देशभक्ति के नारे लगाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जौनपुर में स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

### जिलाधिकारी आवास स्थित खुदी सड़क से धूल-मिट्टी से हो रही नागरिकों को परेशानी



**जौनपुर।** नगर में ट्यूबवेल कॉलोनी चौराहा स्थित जिलाधिकारी आवास का पिछला गेट व सिंचाई विभाग का मुख्य गेट के सामने बिजली विभाग द्वारा खोदी गई सड़क से उड़ रहे धूल गुबार से यहां के नागरिकों को पिछले 10 दिनों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा इस पर संज्ञान न लिए जाने के कारण स्थानीय नागरिकों में क्षोभ व्याप्त है। मामला जिलाधिकारी आवास का होने के चलते लोगों में चर्चा यह भी है कि जब यहां का ये हाल है तो बाकी का क्या हाल होगा।

# पीयू की नशरा का एएसआरआई राष्ट्रीय इंटर्नशिप हेतु चयन

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा नशरा फ़ातिमा का चयन देश के प्रतिष्ठित अभिजीत सेन रुलर इंटर्नशिप प्रोग्राम2025 में चयन न केवल पीयू बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ASRI, नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया (NFI) द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो युवाओं को ग्रामीण भारत की सामाजिक व नीतिगत संरचना को गहराई से समझने का अवसर देता है। हर वर्ष इस इंटर्नशिप के लिए सैकड़ों आवेदन आते हैं, लेकिन चयन केवल 40-50 छात्रों का ही होता है। नशरा फ़ातिमा को पहले चरण में शॉर्टलिस्ट किए जाने के बाद 22 मार्च 2025 को NFI, नई दिल्ली में आयोजित पैनल इंटरव्यू में आमंत्रित किया गया, जहां देशभर से चुनिंदा छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वंदना सिंह ने शुभकामना देते हुए कहा कि नशरा का यह चयन दर्शाता है कि पूर्वांचल जैसे क्षेत्र से भी राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई जा सकती है। इस अवसर पर संकाय भवन के प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, डॉ. मनोज कुमार पांडे, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चंदन सिंह, डॉ.अमित मिश्रा, अर्पित यादव समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

### रायबरेली में सड़क हादसे में बंदर की मौत



**रायबरेली-** रायबरेली में खीरो मार्ग के ढकिया चौराहा पर एक अनोखी घटना सामने आई। गुरुवार को एक लंगूर बंदर सड़क पार कर रहा था। इस दौरान एक अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बंदर के अंतिम संस्कार को धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न किया। ग्रामीणों ने परंपरा का पालन करते हुए बंदर की अर्थी को लाल रंग के कफन से ढका। शवयात्रा के दौरान सभी ग्रामीण हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। अंतिम यात्रा में शिवा मिस्त्री, प्रदीप कुमार, सुसांत, रवी गुप्ता, मनोज गुप्ता, बेटू और अहेम सहित कई ग्रामीण शामिल हुए। यह घटना मानव और पशु के बीच संबंधों की एक अनूठी मिसाल बन गई है। प्रदीप कुमार और उनके साथियों ने बंदर का अंतिम संस्कार सम्पन्न किया।

## वैभव कृष्ण ने वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक पद का कार्यभार संभाला

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर वाराणसी।** पुलिस विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव के तहत भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के वरिष्ठ अधिकारी वैभव कृष्ण ने शुक्रवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने परिक्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी में विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत श्री कृष्ण ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और थानों में आमजन को सम्मानपूर्वक व्यवहार मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा।



DIG वैभव कृष्ण इससे पहले कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं और उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। वाराणसी जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से संवेदनशील शहर में उनकी तैनाती को एक रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक का चार्ज लेने के दौरान पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में बेहतर पुलिसिंग की आशा जताई है।

# खंड शिक्षा अधिकारी का चला हंटर के विद्यालय मान्यता विहीन मिले विद्यालय को कराया बंद

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र सिरकोनी विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया सुबह सबसे पहले गौतम बुद्ध शिक्षण संस्था कोडारी सिरकोनी का निरीक्षण किया यहां पर कक्षा एक से पांच तक की मान्यता प्राप्त है लेकिन इन्होंने अपने यहां कक्षा 6से 8 तक के बच्चों को अन्य विद्यालय से अटैच कर चला रहे थे जिसपर कठोर कार्रवाई करते हुए तथा सख्त निर्देश चेतावनी देते हुए विद्यालय को बंद कराया और बच्चों को पास के बेसिक शिक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकन करवा कर पढ़ने के निर्देश दिए उसके बाद ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया यहां पर सभी व्यवस्थाएं नियमों अनुसार पाई गई लेकिन विभाग की कार्य के तहत प्राप्त बच्चों के संदर्भ में समस्त कार्य दो दिवस में पूर्ण करने हेतु प्रिंसिपल को निर्देशित किया उसके बाद श्री कृष्णा बाल विद्या मंदिर बदरपुर सिरकोनी का निरीक्षण किया यहां पर कक्षा एक से पांच तक की मान्यता प्राप्त है लेकिन यहां पर भी 6 से 8 तक के बच्चों को विद्यालय से अटैच कर चला रहे थे जिसको तत्काल में प्रचलित कर कठोर कार्रवाई करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु सख्त निर्देश दिए और चेतावनी दी तत्काल बंद करवाया गया और अध्यनरत बच्चों को पास के मान्यता प्राप्त बेसिक शिक्षा विद्यालय मे नामांकन करा कर पढ़ने के लिए निर्देशित किया इस कार्रवाई से पूरे सिरकोनी ब्लॉक के तमाम विद्यालय में खलबली मच गई।

### नवागंतुक थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने संभाला कार्यभार



**चित्रकूट-** नवागंतुक रैपुरा थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में हर हाल में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने को अपनी प्राथमिकता बताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या का निराकरण कराने के लिए सीधे उनसे मुलाकात कर सकता है। आवश्यक होने पर फोन के जरिए भी समस्या से अवगत कराया जा सकता है। कोई भी घटना होने पर लोग उन्हें सूचित करें। ताकि पुलिस सही समय पर घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित की मदद कर सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार के अवैध कार्य नहीं होने दिए जाएंगे। अवैध शराब, गांजा, जुआ, डग्गामार वाहनों पर हर हाल में रोक लगाई जाएगी। पीड़ितों और संभ्रांत लोगों खासतौर से महिलाओं के थाने आने पर पूरे सम्मान और संवेदनशीलता से उनकी बात सुनी जाएगी।

### महाराणा प्रताप जयंती समारोह में सम्मानित होगे मेधावी

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में राजपूत सेवा समिति के द्वारा अपने समाज के मेधावियों को सम्मानित करेगा। मेधावियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयबीर सिंह होगे। राजपूत सेवा समित के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में राजपूत समाज के जिले के उन मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने देश विदेश में अपनी मेधा का परचम लहराया है।

बताया कि सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए किया उनके साथ साथ मेधावी छात्र, शिक्षक, समाजसेवी, चिकित्सक व अन्य लोग शामिल है। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों के साथ समय समय पर बैठके आयोजित कर 9 मई शुक्रवार को दिन में दस बजे से कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले उक्त कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बताया कि कार्यक्रम में पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू, शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर जयसिंह बाबा करेंगे।

# आतंकी ठिकानों पर सेना की कार्रवाई पर बोले कृपाशंकर सिंह- देश को अपनी बेटियों और वीर सैनिकों पर गर्व है

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई को लेकर देशभर में गर्व और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर नगर स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में सेना के साहस और रणनीतिक पराक्रम की सराहना की।उन्होंने कहा कि यह सैन्य अभियान इतनी गोपनीयता से अंजाम दिया गया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। श्री सिंह ने इस अभियान में शामिल महिला सैन्य अधिकारियों की वीरता को सलाम करते हुए




कहा कि भारत की बेटियां जब-जब आवश्यकता पड़ी है, उन्होंने मां सीता, अन्नपूर्णा और महाकाली जैसे रूपों में अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है।पूर्व मंत्री ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवान शुभम के पिता के बयान का हवाला देते हुए कहा, ÷लंका दहन तो हो चुका है, अब रावण का वध होना बाकी है।÷ उन्होंने कहा कि जौनपुर सहित पूरे देश में उस हमले को लेकर गहरा आक्रोश था। क्षेम जी की प्रतिमा के पास से निकाले गए कैंडल मार्च में जनभावनाएं स्पष्ट रूप से दिखाई दीं।श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा था कि आतंकियों को ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके बाद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की रणनीति के तहत भारतीय सेना ने जल, थल और नभ से दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर दिया।उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के प्रमुखों के नेतृत्व में जिस तरह से यह मिशन अंजाम दिया गया, उससे साफ है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। देश को अपने इन सपूतों पर गर्व है।

## दर्दनाक सड़क हादसा- छत्तीसगढ़ पुलिस के ASI की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**●बस में अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस**



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र रमपुरवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में बृहस्पतिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ पुलिस में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक (ASI) रामबाबू दोहरे की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वह अर्टिगा कार से कर्वी की ओर आ रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब दो बजे वाहन संख्या छ्त्त 16C M 4333 अर्टिगा कार, जिसे रामबाबू दोहरे पुत्र भगवान दोहरे (निवासी वार्ड नंबर 8, चौकी दफाई, जिला कोरिया, छत्तीसगढ़) चला रहे थे, कर्वी की ओर जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी केसर दोहरे भी साथ थीं। कर्वी क्षेत्र में अचानक आगे चल रही एक बस (नंबर अज्ञात) ने बिना किसी पूर्व संकेत के ब्रेक लगा दिया। इसकी वजह से पीछे चल रही अर्टिगा कार बस से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने रामबाबू दोहरे को मृत घोषित कर दिया, जबकि केसर दोहरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भरतकूप थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि रामबाबू दोहरे छत्तीसगढ़ पुलिस में स्थ्ठ पद पर तैनात थे। वे किसी कार्य से कर्वी की ओर आए हुए थे। हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात बस की तलाश की जा रही है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर मानवता के पक्ष में संगोष्ठी संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** जिलाधिकारी /अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसाइटी डॉ.दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक, मानवता के सच्चे मसीहा सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस 08 मई के अवसर पर, मैं सभी रेडक्रास के सम्मानित सदस्यों , स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। आप सभी में वह शक्ति हैं जो हर आपदा, संकट और चुनौती के समय निःस्वार्थ सेवा भावना के माध्यम से सदैव मानवता के पक्ष में खड़े रहते हैं। रेड क्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह करुणा, सहायता और आशा का प्रतीक है । ।यह सिर्फ एक थीम नहीं, बल्कि एक आह्वान है कि हम सब मिलकर सेवा, सहानुभूति और सहयोग की भावना से मानवता को जीवित रखें। इस वर्ष का रेडक्रास की थीम ÷मानवता के पक्ष में÷ है जो रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन के मूल सिद्धांतों का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारा प्रत्येक प्रयास, प्रत्येक सेवा मानव कल्याण एवं गरिमा की रक्षा के लिए है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो या संघर्ष की स्थिति रेड क्रॉस सदैव सबसे पहले सभी ज़रूरतमंदों के साथ, बिना किसी पूर्वाग्रह या भेदभाव के खड़ा रहता है।

सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के विशेष अवसर पर आइए, हम सभी 'मानवता के पक्ष में' खड़े होने का संकल्प लें । सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना के साथ। यही हमारी असली ताकत है। आज हम उन सभी को नमन करें जिन्होंने मानवता की सेवा में जीवन समर्पित किया है। एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने कहा कि रेडक्रास हमेशा हर पीड़ित व्यक्ति तक राहत और सहारा पहुँचाने के लिए कार्य करती है सचिव डॉ मनोज वत्स ने रेड क्रास के चिन्ह के बारे में बताया तथा इस चिन्ह की विशेषताएं एवं रेडक्रास के इतिहास के बारे में प्रकाष डालते हुए कहा कि रेडक्रास के जनक जीन हेनरी डयूनॉट जो कि स्विटजर लैण्ड के निवासी थे उन्होंने 1859 में युद्व में घायल सैनिको की सेवा से प्रेरित होकर इस सोसाइटी का गठन किया जो आगे चलकर पूरे विश्व में असहाय एवं जरूरतमंद लोगो की मदद के लिये कार्य कर रही है आइए, हम मिलकर मानवता की इस परंपरा को और सशक्त करें। और मानव कल्याण में अपना योगदान दें।आप सभी को विश्व रेड क्रॉस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर डॉ कमर अब्बास,डॉ राजेंद्र सिंह ,डॉ श्याम सुंदर उपाध्याय, रोहित श्रीवास्तव,डॉ विमला सिंह, विजय प्रकाश मिश्रा, प्रकांत दूबे, शशिकांत सिंह, डॉ सुबाष राय, एस एन सिंह, संदीप सिन्हा, उर्वशी सिंह,जनार्दन सिंह, नितिन सिंह ,नितेश श्रीवास्तव, डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ हैदर अब्बास, अमित राय, राकेश कुमार, नितिन चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में चल रहे सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स का समापन गुरुवार को हुआ। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बीती दो मई से गुरुवार तक चले इस सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स में डिस्ट्रिक कॉआर्डिनेटर मनीष वर्मा व आरक्षी धर्मेन्द्र प्रजापति ने कोर्स में नामित 12 पुलिस कर्मियों को सीसीटीएनएस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसमें सीसीटीएनएस के सभी फार्मो की फीडिंग, ई-साक्ष्य एप, ई-सम्मन पोर्टल के बारे में प्रशिति किया गया। साथ ही साइबर सेल टीम द्वारा साइबर क्राइम एवं आईजीआरएस टीम द्वारा



आईजीआरएस के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स में थाना मऊ में नियुक्त आरक्षी मनीष यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी फहद अली ने कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# ओबरा पावर प्लांट अग्निकांड- जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का किया दौरा, जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा, सोनभद्र।** आज दिनांक 08 मई, 2024 को ओबरा पावर प्लांट में घटित आग की दुखद घटना के बाद, सोनभद्र के जिलाधिकारी बी.एन. सिंह और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने पावर प्लांट के प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और घटना के संबंध में पावर प्लांट के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ओबरा पावर प्लांट में लगी आग की घटना की गहन जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस जांच के लिए एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) और पावर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस उच्च स्तरीय जांच का मुख्य उद्देश्य आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाना है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। उन्होंने जोर दिया कि जांच टीम निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरे मामले की पड़ताल करेगी और अपनी रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत करेगी।पुलिस अधीक्षक



अशोक कुमार मीणा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जांच टीम को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।गौरतलब है कि आज सुबह ओबरा ÷बी÷ पावर प्लांट के स्विच यार्ड नंबर 01 में दो आईसीटी ट्रांसफार्मरों में आग लग गई थी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया था। इस घटना के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का मौके पर पहुंचना और जांच के आदेश देना प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है। अब सभी की निगाहें गठित होने वाली जांच टीम और उसकी रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे आग लगने के सही कारणों का पता चल सकेगा और भविष्य के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाए जा सकेंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर जोन के सभी जनपदों में कराई गई मॉकड्रिल



**कानपुर।** उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में कानपुर जोन के सभी जनपदों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास(मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में आपातकालीन परिस्थितियों जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक कर अभ्यास कराया गया।

## ट्रैफ़िक पुलिस ने 233 ई-रिक्शा का किया पंजीकरण

**कानपुर।** दिनांक 21.04.2025 से कानपुर शहर के निर्धारित प्रमुख 10 जगहों (जोन-2 नगर निगम कार्यालय चकेरी, ट्रैफिक पुलिस लाइन रेलबाजार, थाना छावनी, गुंजन टाकीज पार्किंग परिसर सीसामऊ,जोन-4 नगर निगम हैड ऑफिस स्वरूपनगर, जीआईसी ग्राउंड चुन्नीगंज, जोन-5 नगर निगम ऑफिस गोविंद नगर,थाना बाबूपुरवा,थाना बर्रा व थाना अर्मापुर) पर ई-रिक्शा / ऑटो का पंजीयन व रूट निर्धारण शुरु किया गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 08.05.2025 को कुल 233 ई-रिक्शा / ऑटो का पंजीकरण हुआ । उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आज को यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की गई कार्यवाही का विवरण निम्न है, रॉन्ग साइड 131, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर 49, एचएसआरपी 16, अन्य 448, कुल 644।

## एसपी ने की बड़ी कार्रवाई विभिन्न थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर, थानाध्यक्षों के कारखासो पर हुई कार्रवाई



**सीतापुर** – जनपद सीतापुर में नवागत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस महकमे में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 28 आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है यह निर्णय विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात आरक्षियों की शिकायतें और कार्यशैली में लापरवाही के आरोपों के बाद लिया गया बताया जा रहा है कि ये सभी आरक्षी अपने-अपने थानों में थानाध्यक्षों के 'कारखास 'माने जाते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसपी को इन पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं इनमें जनता से व्यवहार, कार्यों में लापरवाही, थाने की छवि को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर बातें सामने आई थी। इसके बाद एसपी अंकुर अग्रवाल ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए इन सभी को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया लाइन हाजिर किए गए आरक्षियों में कोतवाली नगर से 3, रामकोट से 1, हरगांव से 2, तालगांव से 1, तंबौर से 1, बिसवा से 4, सकरन से 1, पिसावां से 1, रामपुर मथुरा से 2, महमूदाबाद से 1, सदरपुर से 2, लहरपुर से 1, संदना से 1, मछरेहटा व महोली से 2-2 और मिश्रिख थाने से 2 आरक्षी शामिल हैं इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है कई थानों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है कि आगे किसकी बारी होगी वहीं एसपी ने साफ किया है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुशासनहीनता पर सख्त कदम उठाए जाएंगे!!

## आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया वह क़ाबिले तारीफ़

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद कार्यालय पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। जिला अध्यक्ष विवेक चौहान ने कहा भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन सिंदूर जो हमारे देश की सेनाओं के द्वारा पाकिस्तान में लॉन्च किया गया और जिस संयम और सटीकता से चुन चुन कर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया वह क़ाबिले तारीफ़ है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ सेनाओं के शौर्य व पराक्रम को नमन करती हैं। इसी के साथ जनपद कार्यालय पर प्रदेश महासचिव डॉक्टर राजेश चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई जिसमें कल वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में सर्वसम्मति से दीन दयाल अस्पताल में फल वितरण करने का निर्णय भी लिया गया।

# सपा पीडीए मिशन थिंक समिति की बैठक संपन्न

## बढ़ती हुई महंगाई से जनता के ऊपर बोझ बढ़ रहा

**●पीडीए मिशन 1607 बूथों के परिवारों से संपर्क हल्ला बोल आंदोलन कई स्थानों से आरंभ होगा- हाजी फजल महमूद**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** गुरुवार समाजवादी पार्टी पीडीए मिशन थिंक समिति की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई से जनता के ऊपर बोझ बढ़ रहा है क्योंकि आटा तेल दूध बेसन मसाला में धनिया मिर्चा सौफ जीरा काली मिर्च तथा आलू के दामों में वृद्धि हुई है जिसकी वजह से 2 लाख से अधिक परिवारों को महंगाई के बोझ के कारण परिवार चलाना मुश्किल पड़ गया है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन में आगे कहा कि एक तरफ महंगाई दूसरी तरफ शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की बढ़ती शिक्षण फीस किताबें कापियों की कीमत के कारण कर्ज लेकर परिवार की गाड़ी बढ़ रही है लेकिन इस ओर योगी की भाजपा सरकार उपेक्षा पूर्ण व्यवहार जनता उनको राहत देने से कोशो दूर जा रही है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि व्यापारियों का माल ट्रक अन्य वाहनों द्वारा शहर आने पर रास्ते में जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है जिसे सपा ने गंभीरता से लिया और 1607 बूथों के परिवारों से पीडीए मिशन संपर्क अभियान चलाकर कई क्षेत्रों में हल्ला बोल आंदोलन आरंभ कर जनता के हितों की रक्षा के संकल्प को दोहराया जाएगा। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, शादाब आलम, दीपक खोटे, शाकिब अब्बासी, संजय निषाद, सलमान मंसूरी, रामू वर्मा, जस्वेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों के निष्पादन में कानपुर जोन फिर प्रथम

## प्रदेश में मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन वर्ष 2025 में निरन्तर प्रथम



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नवीन मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस ) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र व झाँसी परिक्षेत्र को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस ) सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण, त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनता के द्वारा विभिन्न माध्यमों से दिये गये जन शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। आवेदको द्वारा पोर्टल पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्राप्त होने से लेकर जांच के विभिन्न पहलुओं तथा आवेदक के विधिक दृष्टिकोण से संतुष्ट होने तक विभिन्न मानकों/बिन्दुओं पर शासन द्वारा मूल्यांकन कर प्रदेश स्तर पर थाने से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक तक की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह अप्रैल - 2025 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अर्न्तगत प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा नवीन मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश स्तर पर की गयी ।

नवीन मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र व झाँसी परिक्षेत्र को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में जारी 09 माह की रैंकिंग में कानपुर जोन को 08 बार एवं वर्ष 2025 के माह जनवरी, फरवरी मार्च व अप्रैल में निरंतर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है।

# कानपुर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास सोसायटी दिवस

**●मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया पुस्तिका का विमोचन**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज नवीन सभागार, सरसैया घाट में इंडियन रेड क्रास सोसाइटी, कानपुर नगर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, कानपुर नगर के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य पुस्तिका का विमोचन किया गया और जनपद के सेवा क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिवस रेड क्रॉस के कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए भी मनाया जाता है, जैसे कि आपदाओं के समय राहत प्रदान करना, स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करना, और संघर्ष से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए लोगों को जागरूक करना।यह दिवस रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों का सम्मान करने के लिए भी मनाया जाता है, जिसमें स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और भागीदारों का समर्पण और प्रतिबद्धता शामिल है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो रेड क्रॉस के संस्थापक की जयंती, रेड क्रॉस के सिद्धांतों और रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों का सम्मान करता है. यह दिन हमें रेड क्रॉस की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यों का समर्थन करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा डॉ0 राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी नगर , डॉ0 संजय काला प्राचार्य, जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर, आर0के0 अग्रवाल समाजसेवी एवं प्रबन्ध निदेशक, नेट प्लास्ट प्रा0लि0, डा0 अवध दुबे पूर्व अध्यक्ष, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर एवं अध्यक्ष-रोटरी क्लब सेण्ट्रल, डा0 बी0एन0आचार्य पूर्व प्रधानाचार्य, होम्योपैथिक कालेज, कानपुर आदि को सम्मानित किया गया।

# शासन के रोक के बाद भी गाजी मियां के मेले में श्रद्धालुओं ने दी हाजिरी

**●आस्था के आगे प्रशासन की बंदिश पड़ी फ़ीकी**

**महिलाओं ने कनूरी कर मांगी मुरादें**



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर**– खेतासराय प्रदेश सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमला और वक्फ़ बोर्ड आंदोलन को देखते हुए गाजी मियां के मेले पर रोक के बावजूद भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने खेतासराय कस्बा और मनेछा में पहुँचकर मन्नतें मांगी । हालाकि पुलिस की सख़्ती के चलते देर तक नही जमा हो सके । पारंपरिक लगने वाले मेले में सख़्ती के चलते दुकानें नदारत रही । पुलिस प्रशासन के निगरानी के बाद भी देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा ।

खेतासराय कस्बे के डोभी और मनेछा में स्तिथ दरगाह और खाली स्थानों पर मेले पहुँचे श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट के साथ ही कनूरी कि पूजा कर रहे है । स्थानीय पुलिस मेले में आये श्रद्धालुओं को समझा बुझा कर वापस करती रही लेकिन शासन के बंदिश से अनजान श्रद्धालु पहुँचते रहे । आस्था के आगे पुलिस भी असहाय रही । प्रशासन की पहले से शिकंजा कसने के चलते स्थानीय स्तर पर सक्रिय डफालीय नही दिखे । खास बात यह रही कि इस मेले में प्रतिबंध के बाद भी हिन्दू श्रद्धालुओं की सँख्या अधिक दिखी, जो गंगा जमुना तहज़ीब की संदेश देती है । थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि इस बार मेले में शासन की तरफ़ से रोक लगाई थी । रोक के बाद भी श्रद्धलुओं आ गए थे उन्हें समझा बुझाकर वापस भेजा गया ।

**जायरीन उठाते थे तरबूज़ का लुत्फ़**

खेतासराय(जौनपुर) संभल, बहराइच के बाद जौनपुर के खेतासराय में यहाँ मेले न लगने से छोटे दुकानदार के साथ बड़े दुकानदार मायूस दिखे । आस्था का प्रतीक इस मेले में एक माह पहले ही सर्कस, सौंदर्य के साथ खाने पीने की दुकानें लग जाती थी । सूत्रों की मानी जाय तो गाजी मियां के मेले में लाखों रुपया का व्यसाय होता रहा । लखनऊ का हलवा पराठा के साथ ही तरबूज़ की अधिक बिक्री होती थी । लोग जमकर तरबूज़ का लुत्फ़ उठाना नही भूलते ।

# पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई**– हरियावाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बादिनी द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गई कि अभियुक्त सर्वेश पुत्र रामसहाय निवासी ग्राम ऐठा पुरवा थाना हरियावां जनपद हरदोई द्वारा बादिनि की पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया इस संबंध मे थाना हरियावां पर पाक्सो एक्ट जैसी निम्न धाराओ मे नामंजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया । थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौधरी का सौरभ कुमार ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर संबंधित न्यायालय पेश किया गया ।

## छत के रास्ते आए अज्ञात चोरों ने मोबाईल नगदी किया पार




**निगोहां** – निगोहां थाना क्षेत्र से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बुधवार रात कस्बे में एक समाजसेविका के घर मे बेखौफ चोरों ने छत के रास्ते से आकर नगदी सहित मोबाइल फोन उठा ले गए बगल के पड़ोस में किराए पर रह रहे बी फार्मा के छात्रों की ड्रेस और कपड़े उठा ले गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की इससे पूर्व भी एक बार चोरों ने घर को निशाना बना कर नकदी पार कर चुके थे निगोहां कस्बा निवासी प्रीति बाजपेई ने शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात वह अपने कमरे में परिवार समेत सो रही थी मेरा देवर लोकेश बाजपेई भी अलग कमरे में सो रहा था तभी देर रात छत के रास्ते से घर मे घुसे अज्ञात चोरों ने देवर की जेब से पांच हजार रुपए नगदी सहित कीमती मोबाइल फोन उठा ले गए वहीं पड़ोस में किराए पर रह रहे बी फार्मा के छात्र तन्मय व अविनाश के ड्रेस सहित अन्य कपड़े उठा ले गए पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच कर रही।

# चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए समीक्षा बैठक

**●पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने उपायुक्त कार्यालय पर की बैठक**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु समीक्षा बैठक की गई। आज दिनांक 8 मई को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर हाल ही में थाना चकेरी एवं थाना महाराजपुर क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की व सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घटनाओं की गंभीर समीक्षा - सभी घटनाओं की गहराई से समीक्षा की व प्रत्येक घटना के जल्द अनावरण हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया और उन्हें स्पष्ट समय-सीमा दी गई। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण-घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की जाए और तकनीकी साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के आदेश-चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रात में अतिरिक्त गश्त और पिकेट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। मीटिंग में प्रभारी निरीक्षक चकेरी व प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा टक्कल हुआ गिरफ्तार

**●टक्कल की गिरफ्तारी से किदवई नगर क्षेत्र में अपराध होगा कम**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना किदवई नगर पुलिस ने आज एक मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है जब कि एक बदमाश भागने में सफल रहा है। पकड़े गए बदमाश के पैर में गोली लगी है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आज दिनांक 08.05.2025 को थाना किदवई नगर पुलिस द्वारा आयुर्वेदिक पार्क के सामने संदिग्ध/वांछित अपराधियों तथा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक दो पहिया वाहन पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर साइट नंबर-1 चौराहा की दिशा में भागने लगे तथा पुलिस बल पर गोली चलाने लगे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें एक अभियुक्त गोपाल उर्फ टक्कल पुत्र राम सजीवन निवासी शिवाजी पुलिया, थाना हनुमंत विहार के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त का दूसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुला लिया गया है तथा अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त गोपाल उर्फ टक्कल, थाना किदवई नगर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 87/25 धारा 305/331(4) /317(2) BNS में वांछित था। इसके अतिरिक्त वह थाना गुजैनी से भी वांछित चल रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में कुल 07 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिविर लगाकर किया गया टीकाकरण

**मानिकपुर, चित्रकूट**– आकांक्षा समिति के तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर के नेतृत्व में नौ से 14 वर्ष तक की बालिकाओं को कई प्रकार के कैंसर के बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। एचपीवी टीकाकरण शिविर में 100 किशोरियों को टीका लगाया गया। साथ हीएचपीवी टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर ने बालिकाओं को किशोरी स्वास्थ्य की अहम चुनौतियां, शारीरिक बनावट और स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रत्येक किशोरी को एचपीवी का टीका लगवाना चाहिए। कहा कि मानिकपुर अति पिछड़ा क्षेत्र है, जहाँ पर आकांक्षा समिति के छोटे से प्रयास द्वारा जनमानस को जागरूक किया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपनी बच्ची को सही समय पर टीका लगवा सके और कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचा सके।

# श्री ग्यारहमुखी हनुमान मंदिर के 12 वे वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** श्री ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर का 12 वा वार्षिकोत्सव पर श्री मद भागवत कथा का आयोजन का शुभारंभ नौबस्ता स्थित आवास विकास हंसपुरम में आचार्य पं सुभाष चन्द्र जी महाराज के द्वारा पूजन कर किया गया। इस मौके पर आचार्य पं सुभाष चन्द्र जी महाराज ने बताया कि आज विशाल कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से क्षेत्र में निकाली गई जिसमें हजारों महिला श्रद्धालुओं ने सर पर कलश रख परिक्रमा की। आचार्य जी के मुताबिक 9 मई को वेदी पूजन तथा कथा प्रारम्भ होगी। तथा 14 मई को ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार प्रातः काल से प्रारम्भ होगा। कथा समापन व्यास पूजन एवं फूलों की होली 15 मई को 16 मई को सभी देवताओं का पूजन श्रृंगार हवन एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा। 16 मई साय काल से सुंदरकांड पाठ का प्रारंभ किया जाएगा। संबोधन में आचार्य पं सुभाष चंद्र जी महाराज ने कहा कि मंदिर प्रांगण में विराजमान श्री ग्यारह मुखी हनुमान जी के दर्शन मात्र से मनुष्य के सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। कथा यजमान पुष्पेंद्र त्रिवेदी सुशीला त्रिवेदी ने बताया कि आस्था विश्वास का प्रतीक ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर वह जबसे आए कभी भी किसी कष्टों से उनका सामना ना हुआ। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से कपिल सिंह श्वेता सिंह आकर्षण गुप्ता शारदा गुप्ता श्रवण तिवारी अजय अग्रवाल धर्मेंद्र सिंह बबलू तिवारी डॉ एस एन द्विवेदी विवेक मिश्रा मुक्तेश बंसल भावना अग्रवाल भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शिवम मिश्रा नवीन तिवारी केके बाजपेई संजय दिनेश मोदी केके मिश्रा पूनम श्रीवास्तव दिनेश तिवारी अमन हेमंत श्रीवास्तव यशराज सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बिना लाइसेन्स संचालित सौरभ मेडिकल स्टोर पर प्रवर्तन टीम द्वारा छापा मारकर की गई कार्यवाही



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त (औषधि) प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा छापे की कार्यवाही हेतु गठित मण्डलीय औषधि निरीक्षकों की टीम तथा जिलाधिकरी द्वारा संयुक्त कार्यवाही हेतु गठित जिला प्रशासन की टीम एवं पुलिस बल के साथ 07 मई को पवन कुमार सिंह नायब तहसीलदार आसपुर देवसरा के नेतृत्व स्थान गौरामाफी बाजार में बिना लाइसेन्स संचालित सौरभ मेडिकल स्टोर पर अभिसूचना आधारित ठोस प्रवर्तन कार्यवाही की गायी। सौरभ मेडिकल स्टोर में मौके पर उपस्थित दवा विक्रेता सौरभ कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट गौरा माफी से दवा व्यवसाय करने हेतु औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के अन्तर्गत आवश्यक अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने को कहा गया, परन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। मौके पर प्रतिष्ठान में भण्डारित औषधियों में से दो संदिग्ध औषधि का नमूना जांच व विश्लेषण हेतु संग्रहित कर राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया एवं शेष औषधियों को फार्म 16 पर अंकित कर सीजर मेमों तैयार कर सीजर की कार्यवाही की गयी।औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 की धारा 18ए के अनुपालनोपरान्त एवं संकलित नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। अभियान दल द्वारा अवगत कराया गया कि जिस प्रतिष्ठान पर कार्यवाही की गयी है वह लोहे की गुमटी में संचालित पायी गयी जो कि औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 का उल्लंघन है। इस प्रकार जनपद में अवैध रूप से संचालित कोई भी दवा विक्रय प्रतिष्ठान पायी जाती है तो इसी प्रकार ठोस प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल में औषधि निरीक्षक संतोष कुमार पटेल जनपद प्रयागराज, शिव कुमार नायक जनपद प्रतापगढ़, थाना आसपुर देवसारा से उपनिरीक्षक धीरेन्द्र ठाकुर, उपनिरीक्षक उप निरीक्षक द्विव्या सिंह, कास्टेबल ज्वाला सिंह, कास्टेबल शिवम सिंह, का0च0 सुनील सिंह एवं खाद्य एवं औषधि लिपिक धीरज कुमार मौजूद रहे।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समाजसेवी जगदीश गौतम ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** – हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गुरुवार को समाजसेवी जगदीश गौतम ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में पूरे मनोयोग के साथ मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इण्टर कॉलिज घुरेटनपुर में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी जगदीश गौतम ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा वंशिका, कंचन देवी व छात्र रजनीश तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्रा पल्लवी कुशवाहा, खुशबू उपाध्याय और छात्र उमाशंकर को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर गरीब परिवारों के बच्चे भी समाज में उच्च सम्मान हासिल कर सकते है। ऐसे में सभी छात्र-छात्राओं को पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के शिक्षकों व अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के भरतकूप मंडल अध्यक्ष प्रमोद पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद गर्ग, भगवानदीन त्रिपाठी, रामबाबू मिश्रा, शिवप्रकाश खंगार, प्रियांशू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के कुछ महत्वपूर्ण पत्र एवं निर्णय लिया गया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बालक विद्यालयों के स्वीकृत किए गए 12 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रोन्नत वेतनमान। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में सेवानिवृत्त हुए 63 शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की स्वीकृत हुई। सामूहिक बीमा की धनराशि जिसका चेक द्वारा भुगतान किया जा रहा है।जिला संगठन की मांग पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के जीपीएफ लेजर के सत्यापन कराए जाने के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को दिल्ली; निर्देश। जिला संगठन की मांग पर जनपद लखनऊ के समस्त बालक एवं बालिका विद्यालयों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के 68 जीपीएफ लेजर के सत्यापन के लिए शीघ्र शुरू होगा विशेष अभियान। शासन के आदेश दिनांक 28 अप्रैल, 2025 एवं शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के आदेश दिनांक 29 अप्रैल, 2025 के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शीघ्र की जाएगी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पदोन्नतियां। जिला संगठन के साथ वार्ता में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा वर्ष 2025-26 में लखनऊ जनपद में अवशेष होगा शून्य। शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के अवशेष बिलों की चेकिंग भुगतान के लिए चल रहा है विशेष अभियान। सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को एक नोशनल वेतन वृद्धि के लिए विद्यालयों से मंगाए गए प्रकरण। डा0 आर0 पी0 मिश्र-प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ, अनिल शर्मा-जिलाध्यक्ष, महेश चंद्र-जिलामंत्री, आर0 पी0 सिंह- कोषाध्यक्ष आलोक पाठक-आय-व्यय निरीक्षक, डा0 मीता श्रीवास्तव- सदस्य राज्य कार्यकारिणी आदि उपस्थित रहे।

### सूखे पड़े अमृत सरोवर/तालाब, पानी की तलाश में भटक रहे बेजुबान, जिम्मेदार मूकदर्शक

**कछौना, हरदोई।** गर्मी मौसम में अमृत सरोवर, तालाब सूख गए हैं। तालाबों में पानी न होने के कारण पशु पक्षी बेहाल हैं। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के अध्यक्ष रामखेलावन कनौजिया ने तालाब में पानी भराव की मांग शासन प्रशासन से की है। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में अमृत सरोवर, मनरेगा के तहत खुदे तालाब परमपरागत तालाब प्रशासन की अनदेखी के चलते लोगों ने धीरे-धीरे कब्जा कर लिया है। उनमें से पानी का सिंचाई हेतु प्रयोग कर लिया है। वही ग्राम सभा में स्थित आबादी की भूमि पर स्थित तालाबों पर क्षेत्रीय लोगों ने धीरे-धीरे कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया है। राजस्व कर्मियों का कहना है तालाब का स्वरूप होने के बावजूद अभिलेखों में तालाब दर्ज न होने के कारण लोग घरों के पीछे तालाब पर मिट्टी डालकर धीरे-धीरे कब्जा कर लेते हैं। मनरेगा के तहत खुले तालाब भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हो सके हैं। तालाब की जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका है। वही तालाब में सिंघाड़ा डालने से लोगों द्वारा कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध प्रयोग से बेजुबान पशु व पक्षी असमय मृत्यु के घाट उतर जाते हैं। वही कीटनाशक दवाओं के अंधाधुंध प्रयोग से कमल के फूल की खेती तालाबों से गायब हो रही है। वही खनन माफिया, पुलिस प्रशासन के संरक्षण के चलते व्यावसायिक प्रयोग हेतु एक मिट्टी खनन के कार्य में प्रयोग कर रहे हैं। लगातार खनन माफिया मिट्टी खोदकर निकाल रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश है तालाब पर अतिक्रमण व स्वरूप में परिवर्तन घोर अपराध है।खंड विकास अधिकारी ने बताया जिलाधिकारी के आदेशानुसार शीघ्र तालाबों में पानी भराया जाएगा। एपीओ मनरेगा ने बताया तालाबों का उद्देश्य बरसात के पानी का जल संचयन के लिए है। पानी भरे जाने का कोई प्रावधान नहीं है। हम कोई यनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार कार्य कर सकते हैं। नदी व नहर के नजदीक स्थित तालाबों में पानी भराने का प्रयास करेंगे। तालाबों में पानी न होने के कारण बेजुबान पशु पक्षी बेहाल हैं। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के अध्यक्ष रामखेलावन कनौजिया ने शासन प्रशासन से तालाबों में पानी भराने की मांग की है।

## दी डॉक्टर एसोसिएशन अंबेडकर नगर ने एसएचओ रामपाल यादव का किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** दी डॉक्टर एसोसिएशन अंबेडकर नगर की ओर से प्रजापति हाउस, गली नंबर 40, मदनगीर डीडीए फ्लैट में एक कार्यक्रम का आयोजन कर दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ एसएचओ रामपाल यादव का भव्य स्वागत किया गया। डॉक्टर एसोसिएशन ने कहा कि अंबेडकर नगर के थाना प्रभारी रामपाल यादव ने अपराध एवं नशीले पदार्थ की बिक्री पर अंकुश लगाकर एक ऐतिहासिक काम किया है। अंबेडकर नगर क्षेत्र में अपराध एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाना एक टेढ़ी खीर थी, परंतु एसएचओ रामपाल यादव की दृढ़ इच्छा शक्ति ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के चलते क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से संतोषजनक है। डॉक्टरो ने कहा कि श्री यादव से अन्य पुलिस अधिकारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अंबेडकर नगर जैसे क्षेत्र से अपराध और नशे के कारोबार को पूरी तरह से खत्म करने की स्थिति पैदा कर दी है। श्री यादव को डॉक्टरो ने फूल माला एवं शॉल डाल कर उनका स्वागत किया तथा कहा कि एक सर्वश्रेष्ठ एसएचओ के रूप में दिल्ली में उनकी पहचान बनी है, और पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इस अवसर पर प्रतिष्ठलब्ध डॉक्टरों की एक पूरी टीम ने श्री यादव का जोरदार स्वागत किया जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर प्रदीप खरबंदा, डॉक्टर जेपी शर्मा, डॉक्टर सुरेश अरोड़ा, डॉक्टर मनोज, डॉक्टर आशीष अरोड़ा, डॉक्टर राजेश अरोड़ा, डॉक्टर नरेश छाबनिया, डॉक्टर आर एस मिरगन, डॉक्टर बिलाल, डॉक्टर पी मखीजा, डॉक्टर रजनीश, डॉक्टर खुर्शीद, डॉक्टर मोहम्मद कासिम, डॉक्टर अब्दुल मजीद, डॉक्टर इस्माइल, डॉक्टर शरीक, डॉक्टर शोएब के अलावा भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के बसखोरिया गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में 27 वर्षीया विवाहिता की मौत के मामला में पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बरेली के सिविल लाइन निवासी स्व0 राम खेलावन मिश्रा की पुत्री कल्पना मिश्रा की शादी पांच वर्ष पूर्व बसखोरिया निवासी अमरेश चंद दूबे के बड़े पुत्र मनीष दूबे के साथ हुई थी। कल्पना मिश्रा का शव बुधवार को घर के अंदर छत की कुंडी से लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसी ने मायके वाले को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी पर मृतका के मायके के लोग बरेली से देर शाम बुधवार को ग्राम बसखोरिया पहुंचे। मायके वालों ने मृतका के पति मनीष दूबे व उनके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीभूमि जिले के दरगारबंद सामुदायिक भवन में मेधावी विद्यार्थियों को अभिनंदन सहित सम्मानित किया गया




स्वतंत्र प्रभात



**असम श्रीभूमि** गत 7 मई (बुधवार) को दुल्लभछड़ा के दरगारबंद गांव के सामुदायिक भवन में स्वागत सभा का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के लेटर मार्क के साथ प्रोत्साहित किया गया। बैठक के प्रारंभ में गांव के सेवानिवृत शिक्षक आनंद सिंह की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन की भूमि दान करने वाले दिवंगत शिक्षक विश्वजीत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अंत में दरगारबंद गांव से इस साल मैट्रिक और हायर सेकेंडरी पास हुए 18 विद्यार्थियों को विभिन्न सामग्री से सम्मानित किया गया। सम्मान सभा में बोलते हुए, प्रतिष्ठित हस्तियों ने कहा कि वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा में माता-पिता पर दबाव कम करने के लिए छात्रों के लिए सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसमें प्राथमिक स्कूल में छात्रों को वर्दी, मुफ्त पाठ्यपुस्तकें और दोपहर के भोजन की सुविधा भी प्रदान किया जा रहा है। अतः उन्होंने शिक्षा को ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य बनाकर जारी रखने का आग्रह किया विद्यार्थियों को। क्योंकि बुद्धिमान व्यक्ति की हमेशा ऊंचा दर्जा दिया जाता है। साथ ही उपस्थित अभिभावकों को जागरूक रहने की सलाह दी जाती है। पूरे कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव बिजन सिंह और अध्यक्ष खम्बातन सिंह, रेशमी सिंह, संजना सिंह और अन्य गणमान्य लोगों मौजूद थे कार्यक्रम में।

## समस्तीपुर में चोरी की घटना में वृद्धि! ज्वेलरी और दवा दुकान से दो लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** में चोरी और लूट की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अपराधी लगातार एक के बाद एक चोरी और लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं इन घटनाओं में इजाफा होने से आम जनता भयभीत है। ताजा मामला जिले केके मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के दुबहा वार्ड-13 की है, जहां बुधवार की रात चोरों ने एक सोना चांदी दुकान समेत दो दुकानों को अपना निशाना बनाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस घटना के संबंध में दुकानदार रितेश पोद्दार ने बताया कि बुधवार को शाम में वह बैंक से दो लाख रुपए की निकासी कर लाए थे। जो दुकान के गल्ले में रखा हुआ था। वे दोनों रात करीब 8 बजे अपनी - अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। आज सुबह इन लोगों को जानकारी मिली कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। सुचना के बाद में दोनों दुकान पर पहुंचे तो देखा कि सोना दुकान के गल्ला में रखा 2 लाख रुपए गायब है। हालांकि जेवरात तिजोरी में रखे हुए थे, जिस कारण उसकी चोरी नहीं हो पाई।




वहीं उनके चाचा प्रेमनाथ पोद्दार के दवा दुकान में दवा बिक्री के करीब 4000 रुपए थे। वह भी गायब है। इसके उनलोगों ने डायल 112 पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सुचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। वहीं चोरी की घटना की खबर फैलतेही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से बढ़ते आपराधिक घटना पर लगाम लगाने और इसमें शामिल बदमाशों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मामले में मोहिउद्दीन नगर थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद ने बताया कि चकजोहरा बाजार में दो दुकानों में चोरी होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया है। घटना को लेकर दुकानदार के बयान प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। जल्द ही इस घटना में संलिप्त बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## प्रेमिका को धोखा देकर एक युवक रचा रहा था शादी, आक्रोशित प्रेमिका ने कर दिया यह कांड

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** के मोहनपुर से प्रेम प्रसंग का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने जिले मोहनपुर प्रखंड के सरारी गांव के एक युवक को अपना अपने प्रेमी बता कर उसकी शादी रुकवा दी है। युवती का दावा है कि युवक के साथ उसका पिछले सात सालों से प्रेम सम्बंध है। इस दौरान वह एक बार गर्भवती भी हुई। लेकिन युवक ने उसका गर्भपात करवा दिया था और अब वह किसी और लड़की से शादी करने जा रहा है। वहीं युवती के शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाने में दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि 1 अप्रैल 2025 को प्रिंस युवती को शादी का वादा कर दिल्ली से समस्तीपुर अपने गांव सरारी लाया। साथ में युवती की मां भी आई थी। युवती का कहना है कि 1 से 3 अप्रैल के बीच प्रिंस ने अपने घर में रहकर उससे सम्बंध बनाए, लेकिन 4 अप्रैल को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

युवती ने अपने आवेदन में बताया है कि युवक हमारे घर के बगल में बीते 7 साल से रहता था। करीब सात साल पहले युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान जब वह गर्भवती हुई, तो उसने अर्चना हॉस्पिटल, महुआ में मेरा गर्भपात करा दिया। युवती के मुताबिक जब गर्भपात की जानकारी उसके माता-पिता को हुई। तब लड़की के परिवारवालों ने युवक के घर जाकर इस पर आपत्ति भी जताई थी। उस वक्त लड़के के परिजनों ने कहा कि इज्जत का सवाल है, दोनों की शादी करवा देंगे। इसी आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद युवक उसके साथ पति जैसा व्यवहार करता रहा और बार-बार शारीरिक सम्बंध बनाता रहा।

वहीं युवक के पिता नरेश राय ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हमारे बेटे पर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। यह लड़की



जानबूझकर हमारे बेटे की शादी तोड़ने आई है। हमें समाज में बेइज्जती का सामना करना पड़ रहा है। इसने न सिर्फ हमारे बेटे का रिश्ता तुड़वाया, बल्कि लड़की वाले भी परेशान हैं। वहीं युवक की मां ने कहा कि जब पुलिस हमारे दरवाजे पर आई, तब इस मामले की जानकारी मिली है। इससे पहले मुझे कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि हमारे बेटे की शादी 11 मई को पड़ोसी गांव में तय है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी थी। तिलक भी हो चुका है और लड़की वालों ने शादी के सामान जैसे फर्नीचर और फ्रिज भी भिजवा दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा भारत देश, आतंकियों और आतंकी आकाओं को मिटाने की पूरी हिम्मत और काबिलियत रखता है

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल/-** पहलगाम आतंकी हमले के करीब 2 हफ्ते बाद भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इनमें पाकिस्तानी सेना की सरपरस्ती में चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय बहावलपुर और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वार्टर भी शामिल हैं जहां भारत की तीनों सेनाओं के संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर 24 मिसाइलों से सटीक हमले किए गए। इस हमले में 70 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं और 60 से ज्यादा जख्मी हुए हैं। जिन ठिकानों पर भारत ने सटीक हमले किए हैं वहां लंबे समय से आतंकी ट्रेनिंग लेते रहे हैं। इनमें जैश और लश्कर के मुख्यालय के अलावा वह ठिकाना भी शामिल है जहां आतंकी अजमल कसाब ने ट्रेनिंग ली थी। जहां आज देश का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से खुश व हर्ष महसूस कर रहा है।

**जिस हर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस अभियान का स्वागत किए है**

जिस पर वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र ताम्रकार ने कहा कि भारतीय सेना और भारत के लोगों ने आतंकवाद कभी नहीं सहा है। हम शांति में विश्वास करने वाले लोग हैं, हम किसी का नुकसान नहीं करते लेकिन अगर कोई हमारे साथ गलत करेगा तो उसको करारा जवाब देना भी हमें आता है। जहां यह ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं की संयुक्त कार्यवाही ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया है और उनके आतंकी ठिकानों को खत्म कर मासूमों के जान का बदल लिया है। भारत देश के वीर सेनाओं के सैनिको ने एक बार भी भारतमाता का मस्तिष्क गर्व से चौड़ा कर दिए हैं। मैंने पहले भी स्पष्ट किया था कि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाए उसके लिए भारत सरकार जो कदम उठाएगी हम देशवासि उनके साथ खड़े हैं।"

नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति रवीन्द्र कौर छाबड़ा ने कहा कि, "ये वक्त की जरूरत थी। लोगों की मांग थी कि आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा प्रहार किया जाए, कड़ा कदम उठाया जाए, इस कदम का हम स्वागत करते हैं। भारतीय सुरक्षाबलों को हम शाबाशी देते हैं। एक बार फिर सेना ने निर्भीक होकर अंदर



घुसकर आतंकियों को खत्म करने का जो हिम्मत दिखाया है वो सराहनीय है। हम उनके बहादुरी को सलाम करते हैं।"मैं देश के प्रधानमंत्री के अदम्य साहस और हिम्मत की दाद देती हूं।

**समाजसेवी पार्षद पवन ग्वालिनी (चीनी) ने कहा कि** निश्चित ही देश के सेना के द्वारा आतंकी ठिकानों पर घुसकर जो सबक सिखाया गया है सरकार के इस पहल का मै स्वागत करता हूं, अभिनन्दन करता हूं भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पूरे देश को गौरवान्वित किया है ऑपरेशन सिंदूर इस बात पर प्रकाश डालता है कि भारत ने हमारे देश के विधवा बहनों का बदला लिया है। जिसे सिंदूर कहा गया है।

## पूर्व मंत्री व एमएलसी मोहसिन रजा को ग्रामीणों ने चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ के बढ़नी ब्लाक अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी के गांव दुधवनियाँ बुजुर्ग में पहुंचे पूर्व मंत्री व एमएलसी मोहसिन रजा को ग्रामीणों ने गांव के विकास से जुड़े चार सूत्रीय मांग पत्र को सौंपा। पूर्व मंत्री ने मांग पूरा करने का भरोसा ग्रामीणों को दिलाया। पूर्व मंत्री व एमएलसी मोहसिन रजा ने कहा कि सरकार सभी लोगों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देने और देश व समाज की सेवा के लिए आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है सबका काम करना और वह वर्तमान सरकार कर रही है।

उन्होंने गांव के विकास के लिए भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री व एमएलसी मोहसिन रजा ने कहा कि मरीज के



गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार लगातार सहयोग दे रही है। जरूरतमंद को उन्होंने सरकार से पैसा दिलाने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान सईद आलम बब्बू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दुधवनियाँ बुजुर्ग में विवाह घर, लाइब्रेरी, व गांव से धनौरा, मुजहना की तरफ जाने वाले कच्ची मार्ग को पक्की कराने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वार का निर्माण करने सम्बन्धी मांग पत्र सौंपा। इस दौरान उत्तर प्रदेश हज कमेटी के कोऑर्डिनेटर चौधरी नसीम अहमद, आरएसएस संयोजक शानु खान, ग्राम प्रधान सईद आलम, इमामुद्दीन उर्फ गुड्डू, मौलाना मसीहुद्दीन, इफ्तेखार अहमद, मुस्तन शेरुल्लह, अब्दुल हमीद, मुख्तार अहमद, जीशान अहमद, हिफ़जुर रहमान मुस्ताक अहमद, मसरूर आलम, अशरफुल हक, इमरान अहमद, फखरूल हसन, मोइनुद्दीन, तबारक हुसैन, अब्दुल वदूद, सलाहुद्दीन मोहम्मद याकूब आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को गुमराह कर आशा बहू की नियुक्ति करने का बीसीपीएम राम जीत जायसवाल पर लगा आरोप

● बीसीपीएम राम जीत जायसवाल के मनमानी/लापरवाही से न्याय के लिए दर - दर भटक रही पीड़ित आशा बहू जन्तीरा देवी तत्कालीन अधीक्षक व वर्तमान बी0 सी0 पी0 एम0 ने कमाई की मंशा से खेला फर्जीवाड़े का खेल




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में अधिकारी और सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करे परन्तु भ्रष्टाचारी लगातार भ्रष्टाचार को अंजाम देते जा रहे हैं ऐसा ही भ्रष्टाचार से जुड़ा एक मामला गौर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गयाजीतपुर मुड़िलवा से प्रकाश में आया है जहाँ पर तत्कालीन अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर व वर्तमान बीसीपीएम रामजीत जायसवाल ने आपसी मिलीभगत करके शासनादेशों के विपरीत वर्ष 2022 में आशा बहू की नियुक्ति कर सरकारी धन को चूना लगा रहे हैं। वर्ष 2006 में ग्राम पंचायत मुड़िलवा में नियमानुसार आशा की नियुक्ति की गयी थी और तत्समय, गयाजीतपुर व बैरीखाला राजस्व गांव सम्मलित थे तथा तत्समय नियुक्त आशा जन्तीरा देवी राजस्व गांव बैरीखाला की बहू हैं। जनसंख्या वृद्धि के अनुसार 2015, मुड़िलवा ग्राम पंचायत से अलग होकर गयाजीतपुर बैरीखाला नई ग्राम पंचायत बनने से आशा की नियुक्ति नियमानुसार इसी ग्राम पंचायत में होनी चाहिए परन्तु तत्कालीन अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर व वर्तमान बीसीपीएम रामजीत जायसवाल ने भ्रष्टाचार का खेल करके पुनः दूसरी आशा रेनू देवी की नियुक्ति भी उसी ग्राम पंचायत गयाजीतपुर बैरीखाला में वर्ष 2022 में कर दी गयी जहाँ पर वर्ष 2006 से ही तैनात आशा जन्तीरा देवी कार्यरत हैं। इस प्रकार पूर्व अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर व वर्तमान बीसीपीएम के भ्रष्टाचार के चलते ग्राम पंचायत मुड़िलवा "आशा" विहीन बना हुआ है तो दूसरी ग्राम पंचायत गयाजीतपुर बैरीखाला में जन्तीरा देवी व रेनू देवी दो - दो आशाओं की नियुक्ति कर दी गयी है जिसके चलते घमासान मचा हुआ है। पीड़ित आशा बहू जन्तीरा देवी न्याय के लिए दर - दर भटक रही है। उक्त प्रकरण में सीएचसी गौर अधीक्षक जेपी कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। आशा बहू नियुक्ति के सम्बन्ध में दिये गये शिकायत के प्रत्येक बिन्दुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जायेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## नगरपालिका परिषद के कामों की सरकारी फरमान के आगे शहर में अलग दिखती हकीकत का नमूना

**प्रतापगढ़।** जल ही जीवन है। पानी की किल्लत दूर करने के लिए सरकार का बड़ा जोर है।बढ़ती गर्मी के मौसम में हर जन को पानी की अधिक जरूरत है।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की लगभग हर दूसरे दिन शहर में पानी नहीं दे रही इण्डिया मार्का हैंडपाइप की मरम्मत और जहां पानी फेल हो गया वहां रिबोर करने कराने का दावा किया जाता है।दावे की असलियत को देखने परखने के लिए यह संवाददाता जब सड़क पर मंगलवार को निकला तो देखा कि इंडियन बैंक के पास कटरा रोड सुरेश सब्जी वाले के सामने इण्डिया मार्का हैंडपाइप लगा है जो दो वर्ष से अधिक समय से पानी नहीं दे रहा है। ट्रेजरी चौराहा से आगे भंगवाचुंगी रोड पर पंचमुखी चौराहे पर लगा नल पानी नहीं दे रहा है। वहां की निवासिनी जानकी देवी ने वर्षों से हैंडपंप खराब होने की बात बताई। उसी रोड पर चारु नर्सिंग हॉस्पिटल के निकट लगा हैंडपाइप पानी नहीं दे रहा है। पान की दुकान वाले पांडेय द्वारा कई वर्ष से नल खराब होने की बात बताई गई। कांशीराम कॉलोनी जोगापुर की साफसफाई, पानी की व्यवस्था की सूचना देने की हकीकत परखने पर पता चला कि कॉलोनी के बीच दो इण्डिया मार्का पानी बिल्कुल नहीं दे रहा है और हैंडपंप कूड़े कबाड़ में डूबा है तथा कॉलोनी की एक दीवार से सट कर कूड़े का अंबार लगा हुआ है और गंदगी से बदबू निकल रही है। राम मिलन पंडित ने बताया कि साफसफाई का ठेकेदार मनमर्जी से काम कराता है। साफसफाई में महीनों गुजर जाता है। सिनेमा









रोड से आगे आने पर चंपा सुर्ती के पास लगी नल से पानी नहीं आता है।शहर में कुल 13 वाटर कूलर आरो लगा है। सभी में पानी आने का दावा किया जाता है। बानगी के तौर पर शहीद उद्यान के मुख्यद्वार पर लगे वाटर कूलर में पानी नहीं आता है जबकि शहर के सैकड़ों लोग शहीद उद्यान में घूमने टहलने के लिए रोज सुबह शाम जाते हैं और वहां गला तर करने के लिए पानी की व्यवस्था में ग्रहण लग गया है। साफसफाई के तौर पर पीडब्लूडी के प्रवेश द्वार एवं जीआईसी की बाउंड्री से लगी कांशीराम कॉलोनी के प्रवेश के रास्ते पर ही डंप कूड़ा एवं आवारा जानवरों की चहल कदमी देखने को मिली। लाइट व्यवस्था के बारे में इतना ही कहना है कि सीडीओ आवास के पास कर्नल राघव राम पाण्डेय के मकान के पास सुबह 09 बजे के करीब खंभे में लाइट जल रही थी।कोई बुझाने वाला नहीं दिखा। देखने में आ रहा है कि नगर पालिका द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति में लगभग आधा कार्य कागज में और आधा कार्य जमीन पर चल रहा है। तस्वीरों से स्पष्ट है कि जारी विज्ञप्ति में कितनी सच्चाई है।बता दें कि एक पखवारा पूर्व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को अच्छे कार्य की प्रगति को सर्वसुलभ जानकारी के लिए प्रकाश में लाने का निर्देश दिया था। उसी निर्देश के अनुपालन व खुशामद में कई विभागों में कार्य की प्रगति को अखबारों में छपने के लिए सरकारी फरमान जारी किया जा रहा है।

## वीरपुर अनुमंडल कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**सुपौल।** वीरपुर अनुमंडल कार्यालय में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, मापी वाद, भू-लगान वसूली एवं अतिक्रमण वाद जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नीलाम पत्र वादों की भी गहन समीक्षा की तथा लोक अदालत के मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत प्लास्टिक शीट्स की उपलब्धता, नावों की व्यवस्था एवं पूर्व में खर्च की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में वीरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता अनंत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी उदय कुमार, राघोपुर की अंचल अधिकारी रश्मि प्रिया, बसंतपुर के अंचल अधिकारी हेमन्त अंकुर सहित अंचल अमीन एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।